| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 72,623.09 | ▼ -434.30 | |
| डॉलर | 82.903 | ▲ +0.016 | |

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 29.0 | 14.0 | 22.0 |
| धनबाद | 30.0 | 17.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 35.0 | 18.0 | 25.0 |
| पलामू | 29.0 | 15.0 | 22.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, माघ शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत 2080 | रांची, गुरुवार, 22 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक-23, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय मातृभाषा, बहुभाषिकता और सांस्कृतिक ... 08

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

अभिनेत्री विद्या बालन ने अज्ञात व्यक्ति के ...12 देश विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,950

चांदी (1 किलो) 77,000

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

# जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने दिया इस्तीफा

### सीजीएल प्रश्नपत्र लीक होने के बाद से उनसे मांगा जा रहा था इस्तीफा

### राज्य के पूर्व डीजीपी रहे अध्यक्ष ने कहा, व्यक्तिगत कारणों से दे रहे इस्तीफा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने का कारण उन्होंने व्यक्तिगत बताया है। बता दें कि पिछले दिनों जेएसएससी सीजीएल परीक्ष का प्रश्न पत्र लीक हो गया था। जिसके बाद जमकर हो-हंगामा हुआ था। छात्रों के प्रदर्शन के बाद आयोग ने परीक्षा को रद्द कर दिया था, वहीं आगे होने वाली परीक्षा को स्थगित कर दिया था। छात्र मामले की सीबीआई जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मामले की जांच पड़ताल के लिए सरकार के निर्देश पर रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी मामले की जांच कर रही है, अबतक रांची और पटना से कई लोगों को गिरफ्तार भी कर चुकी है। इनमें झारखंड विधानसभा में अवर सचिव के पद पर रहे मो. शमीम भी शामिल हैं। एसआईटी ने अवर सचिव के साथ उनके दो पुत्रों को भी पकड़ा है। इनके पास से कई प्रतियोगी छात्रों के प्रवेश पत्र, मोबाइल फोन और सादा चेक मिले हैं। पूछताछ में पता चला है कि इन्होंने 27 से लेकर 30 लाख तक में 5 प्रतिभागियों ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

### इस्तीफे पर उठे सवाल

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने बुधवार को व्यक्तिगत कारणों का हवाला दे अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जिस तरह से उन्होंने इस्तीफा दिया उसे लेकर कई सवाल उठने लगे हैं।

- ▶▶ विवाद में आने के बाद अधिकारी इस्तीफा देने के लिए अक्सर निजी या व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हैं, ये भी ऐसा ही मामला तो नहीं?
- ▶▶ अगर अध्यक्ष को इस्तीफा देना ही था तो प्रश्नपत्र लीक होने के तुरंत बाद उन्होंने इस्तीफा क्यों नहीं दिया?
- ▶▶ प्रश्नपत्र लिक मामले में छात्रों ने इनके इस्तीफे की मांग लेकर प्रदर्शन भी किया था, तो क्या अध्यक्ष ने अपनी गलती मान ली है?
- ▶▶ एसआईटी ने चेन्नई स्थित प्रश्नपत्र बनाने वाली एजेंसी के दफ्तर में छापेमारी के बाद इसे भी संदिग्ध माना है, तो क्या जांच की प्रगति में 'कुछ और मिला' है?

# बाबूलाल मरांडी ने सुप्रीम कोर्ट के वकील कपिल सिब्बल को लिखा पत्र

**आदरणीय कपिल सिब्बल जी,**



पिछले कई दिनों से आपके वक्तव्य, विचार और दलील से जुड़े भड़ास कोर्ट से लेकर यूट्यूब चैनल और मीडिया में देख रहा हूं। निश्चित रूप से आपका नाम देश के मशहूर कानून के जानकारों, दलित-पिछड़े समाज के हम जैसे आम आदमी की पहुंच से दूर देश-विदेश के सबसे मंहगे वकीलों की लिस्ट के साथ ही राजनीति के क्षेत्र में भी शुमार है। बड़ा सम्मान करता हूं आपका लेकिन असहमति है तो आपके उस काम से, जिसमें अपने वकालत पेशे में भी आपको मनोनुकूल फैसला नहीं मिलने पर राजनीति और पक्ष-विपक्ष दिखायी देने लगता है। मोटी रकम लेकर आपके द्वारा लड़े जा रहे मुकदमों में जब फैसला आपके क्लाइंट के पक्ष में आता है तो आपको सब कुछ ठीक-ठाक लगता है और जब आपकी मन की ईच्छा के अनुरूप नहीं होती है तो आपको न्यायिक आदेशों में सिर्फ कमियां ही कमियां दिखायी देने लगती है, और राजनीति की गंध भी आने लगती है। निश्चित रूप से कोर्ट को सबके लिये एक समान नियम बनाना चाहिये, हम सौ फीसदी सहमत हैं आपसे। हां साथ में कोर्ट को यह भी नियम बना देना चाहिये कि अगर कपिल सिब्बल साहब वकील हैं तो इतवार, सोमवार, सुबह-शाम, दोपहर-रात कुछ भी हो स्पेशल कोर्ट लगाना चाहिए, सुनवाई कपिल साहब के समय और सुविधा के हिसाब से तय किया जाना चाहिए और फैसला भी वैसा ही होना चाहिये जैसा सिब्बल साहब चाहें। आप यही कहना चाहते होंगे।

आपके एक यूट्यूब इंटरव्यू के दौरान ऐसा प्रतीत हुआ कि आप आदिवासी हितैषी बनने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो रुबिका पहाड़िन (जिसके पति-दिलदार अंसारी ने उनकी निर्मम हत्या की तथा बॉडी को 18 टुकड़ों में काटकर अलग-अलग जगह फेंक दिया था), उमेश कच्छप (जिसने वरीय भ्रष्टाचारी अफसरों के दबाव में आत्महत्या की) और दरोगा संध्या टोप्पो (जिनको अवैध गौ तस्करों ने ड्यूटी के दौरान तस्करी कर ले जा रहे गौ-वंश के ट्रक से कुचलकर मार डाला) के केस बिना किसी फीस के लड़ेंगे ? उमेश कच्छप की बेटी सालों से अपने पिता को न्याय दिलाने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा रही है। मेरी गुजारिश के बाद भी आपने अगर उसकी मदद नहीं की, तो मैं समझूंगा कि आपका ये प्रेम सिर्फ अमीरों तक ही सीमित है और वहीं गरीबों की पहुंच में आपके मुंशी और बाबू भी नहीं आते। अगर आप इनके जैसे बेसहारा सौ दलित-आदिवासियों के साथ भी खड़े हो जायें, बिना पैसा लिये चार्टेड जहाज से आकर मुफ्त में उनके लिए लड़कर न्याय दिला दें तो राज्य में आप बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के समानांतर पहचान पायेंगे और लोग कालांतर में आपकी मूर्ति लगाकर पूजा करेंगे।

कोर्ट के प्रति आपकी तिलमिलाहट शायद कोर्ट को न पता चला हो पर हमें तो पता है कि आपके क्लाइंट ने मोटी रकम और चार्टर फ्लाइट का प्रबंध कराया था, इसलिये भी आप तमतमाए हुए होंगे? लगता है कि आपने क्लाइंट से कुछ वादा कर दिया था और फैसला पक्ष में न आने से आप नाराज हो गए हैं। आपका ये हावभाव देखकर ऐसा लग रहा है कि आपका बस चले तो आप घर पर ही कोर्ट लगा लें और आप इसलिए भी उस फैसले से नाराज हो गए हैं क्योंकि जिस क्लाइंट ने भी आपको रखा है उसने ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

## ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ, बोले सीएम चंपाई

# सामाजिक विकास को मिलेगा नया आयाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को मोरहाबादी मैदान में ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के अंतर्गत 83 गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई गई है। सीएम ने कहा कि शीघ्र ही 250 से अधिक गाड़ियां ग्रामीण इलाकों में दौड़ेंगी। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत संचालित इन गाड़ियों में विद्यार्थी, आंदोलनकारी, दिव्यांग, वृद्धजन एवं विधवा माता-बहनें मुफ्त में सफर कर सकेंगी। इससे उनकी गतिशीलता बढ़ेगी जिससे समाजिक विकास को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि 2027 तक हमारी सरकार राज्य के 20 लाख आवास विहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरों का पक्का मकान उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के जरिए झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर




### मुख्यमंत्री ने कहा फिलहाल राज्य में 15 हजार किलोमीटर सड़क का हो रहा निर्माण

### रांची, लोहरदगा व गुमला के 24 हजार अबुआ आवास लाभुकों को मिला स्वीकृति पत्र

### शिक्षा का ऐसा दीप जलाएंगे जो कभी बुझेगी नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुधारने का भरपूर प्रयास कर रही है। हम चाहते हैं कि यहां के गरीब, मजदूर, किसान के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन प्राप्त हो। यहां के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए हेमन्त सोरेन ने राज्य के सरकारी स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालयों के रूप में परिवर्तित करने का कार्य किया है। राज्य में संचालित सरकारी विद्यालयों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एवं मॉडल स्कूल के रूप में अपग्रेड करने का कार्य कर रही है।

### अबुआ आवास योजना के 29 लाख आवेदन मिले

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में चलायी गई आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाए गए शिविरों में 29 लाख से अधिक अबुआ आवास योजना के आवेदन प्राप्त किए गए। झारखंड सरकार ने 20 लाख अबुआ आवास योजना के आवेदनों पर स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग समुदाय की पीड़ा को हमारी सरकार ने समझा है, हम ही इसे दूर करेंगे।

### हेसल में बाइक सवार अपराधियों ने पति-पत्नी को मारी गोली, मौत

**रांची।** रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र के ओझा मार्केट स्थित जनक नगर में बाइक सवार अपराधियों ने बुधवार रात पति - पत्नी को गोली मारकर हत्या कर दी। गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। अपराधियों की गोली से घायल पति बिरसा उरांव और पत्नी सोनी मुंडा को पुलिस ने इटकी रोड स्थित जसलोक भेजा, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि बिरसा उरांव घटना से कुछ देर पहले अपने घर लौटा और उसकी पत्नी घर के बाहर खाना बना रही थी। इसी दौरान दो अपराधी बगल के खेत के रास्ते मौके पर पहुंचे और दोनों को गोली मार दी। बिरसा उरांव हत्या के मामले में जेल से सजा काटकर, कुछ दिनों पहले ही बाहर निकला था। बिरसा ने तीन शादी की थी। सोनी मुंडा बिरसा उरांव की तीसरी पत्नी थी। किस वजह से हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस इसकी जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि जमीन विवाद में उसकी हत्या हुई है। बिरसा उरांव का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। हजारीबाग पुलिस ने उसे हत्या के मामले में जेल भेजा था। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि घटना स्थल से पुलिस ने सात खोखा बरामद किये गये है।

## एक नजर

### पश्चिमी सिंहभूम में नक्सलियों की साजिश नाकाम, आईईडी बरामद



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी जंगल में बुधवार को सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की साजिश को नाकाम कर दिया। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के लगाये गये एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को बरामद किया है। बम निरोधक दस्ता ने उसी स्थान पर आईईडी को नष्ट कर दिया। उल्लेखनीय है कि गोईलकेरा थाना क्षेत्र के कुईडा, छोटा कुईडा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र और टोन्टो थाना क्षेत्र के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेंगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया गांव के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है।

### चेक बाउंस मामले में अमीषा पटेल 27 को दर्ज कराएंगी बयान



**रांची।** चेक बाउंस से जुड़े मामले में फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल 27 फरवरी को सीआरपीसी 313 के तहत बयान दर्ज करायेंगी। रांची सिविल कोर्ट के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत में अमीषा पटेल, उनकी कंपनी अमीषा पटेल प्रोडक्शन और बिजनेस पार्टनर कुमार ग्रूमर का बयान दर्ज होगा। दोनों पक्षों ने मध्यस्थता के लिए समझौते की पेशकश की थी लेकिन समझौता नहीं हो पाया, जिसके बाद अदालत ने अमीषा पटेल का बयान दर्ज करने के लिए 27 फरवरी की तिथि निर्धारित कर दी।

# मुख्यमंत्री आवास में आज होगी सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा जो दो मार्च तक चलेगा। इसे लेकर राज्यपाल ने अपनी मंजूरी दे दी है। बजट सत्र में 27 फरवरी को सरकार वर्ष 2024-25 का बजट सदन में पेश करेगी। इधर, विधानसभा बजट सत्र को लेकर 22 फरवरी को सत्ता पक्ष के सभी विधायकों की बैठक बुलाई गई है। यह बैठक कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर शाम चार बजे होगी, जिसमें विधायकों के लिए व्हिप भी जारी होगी। बैठक से पहले आज सुबह 11:00 बजे से झामुमो कार्य समिति की बैठक भी बुलाई गई है, जिसमें पार्टी के सभी विधायक और सांसद शामिल होंगे यह बैठक भी कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में ही होगी।

### हेमंत बजट सत्र में भाग ले पाएंगे या नहीं, फैसला आज




हेमंत सोरेन 23 फरवरी से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में भाग ले पाएंगे या नहीं, इस पर पीएमएलए कोर्ट का फैसला गुरुवार को आएगा। बुधवार को कोर्ट ने सोरेन की अर्जी पर सुनवाई और दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सोरेन झारखंड विधानसभा में साहिबगंज जिले के बरहेट निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने मंगलवार को कोर्ट में अर्जी दाखिल कर विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की इजाजत मांगी थी।

### जरमुंडी थाना का एएसआई 10 हजार घूस लेते गिरफ्तार

**दुमका।** दुमका के जरमुंडी थाना के एएसआई को घूस लेते रंगेहाथ पकड़ा गया। बिजली चोरी के एक मामले में राहत दिलाने के नाम पर उसने 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। दुमका के जरमुंडी थाना के एएसआई राजकुमार सिंह को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। एएसआई के एक सहयोगी स्वरूप सिन्हा को भी एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने गिरफ्तार किया है। इनके विरुद्ध एंटी करप्शन ब्यूरो के दुमका स्थित प्रमंडलीय कार्यालय में एक पीड़ित शख्स गरडी के अभिषेक कुमार ने शिकायत की थी। अभिषेक कुमार ने बताया कि उनके विरुद्ध बिजली चोरी का केस हुआ था, जिसके बाद पुलिस पदाधिकारी अभिषेक के घर आकर दबाव दे रहे थे।

# रेडियो के स्वर्ण युग की आवाज अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में निधन



**एजेंसी। मुंबई**
प्रतिष्ठित रेडियो हस्ती अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। मंगलवार शाम को दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्हें मुंबई के एचएन रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें मंगलवार शाम छह बजे दिल का दौरा पड़ा। अस्पताल में डॉक्टरों ने उनका इलाज करने की कोशिश की लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। अमीन कुछ समय से उच्च रक्तचाप और उम्र संबंधी अन्य बीमारियों से पीड़ित थे। उन्हें पीठ की भी समस्या थी जिसके कारण वह वॉकर का इस्तेमाल करते थे। उन्होंने अपने रेडियो कार्यक्रम 'गीतमाला' के माध्यम से काफी लोकप्रियता हासिल की जो देश के रेडियो परिदृश्य में एक मील का पत्थर साबित हुआ।

### प्रख्यात न्यायविद् फाली नरीमन का निधन



**नई दिल्ली।** प्रख्यात संवैधानिक न्यायविद् और वरिष्ठ अधिवक्ता फाली एस. नरीमन का बुधवार को दिल्ली में निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। नरीमन ने प्रसिद्ध राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग फैसले सहित कई ऐतिहासिक मामलों पर बहस की। वह महत्वपूर्ण एससी एओआर एसोसिएशन मामले (जिसके कारण कॉलेजियम प्रणाली का जन्म हुआ), टीएमए पाई मामला (अनुच्छेद 30 के तहत अल्पसंख्यक अधिकारों के दायरे पर) और कई अन्य मामलों में पेश हुए। मई 1972 में उन्हें भारत का अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया। नरीमन को जनवरी 1991 में पद्म भूषण और 2007 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। अनुभवी वकील को नवंबर 1950 में बॉम्बे हाई कोर्ट के वकील के रूप में नामांकित किया गया था।

### दिल्ली हाईकोर्ट से शिबू सोरेन को नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को झामुमो प्रमुख सिबू सोरेन की एक अपील को खारिज कर दिया। सोरेन ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत पर लोकपाल द्वारा उनके खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही में हस्तक्षेप करने से इनकार करने के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति रेखा पल्ली और न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर की खंडपीठ ने कहा कि एकल जज की पीठ के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं है, जिसने माना था कि सोरेन की याचिका समयपूर्व थी। अदालत ने कहा कि तदनुसार, अपील तथ्यहीन होने के कारण सभी संलग्न आवेदनों के साथ खारिज की जाती है।

## इंडिया


# लाखों के आदर्श रेडियो आइकन अमीन सयानी आज भी प्रासंगिक हैं



सुनील बादल

**लगभग** 50 सालों से ज्यादा रेडियो कार्यक्रमों और विज्ञापनों से अपनी दिलकश आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले अमीन सयानी 91 साल की उम्र में भले ही सांसारिक रूप से खामोश हो गए हों पर उन्होने रेडियो पर लगभग 54,000 प्रोग्राम प्रोड्यूस और कम्पेयर किए थे या 19000 स्पॉट/जिंगल में भी उनकी आवाज सुनाई दी थी वह उन्हें अमर बना कर रखेगी। बहनों और भाइयो से शुरू होने वाला उनका संबोधन रेडियो के स्वर्णिम काल का स्वर्णिम स्वर था जिसकी नकल सड़कों पर रिक्शे से प्रचार करने वाले से लेकर सबसे बड़े रेडियो शो या देश विदेश के स्टेज शो तक में लोग आज भी करते हैं। सबसे बड़ी म्यूजिक कंपनी ने सारेगामा कारवां रेडियो में उन्हें अलग से जगह दी है जिसे सुनकर पुरानी पीढ़ी के लोग आज भी पुरानी यादों में खो जाते हैं। आज की युवा पीढ़ी आरजे को सुनती है पर सबसे भीष्म पितामह की तरह अमीन सयानी कौन थे नहीं जानती और आज लाखों लोग उन्हें यूट्यूब पर ढूंढ रहे हैं। एक समय था जब लोग शॉर्ट वेभ पर पहले से रेडियो सीलोन ट्यून कर, अलग से एरियल लगाकर बिनाका गीतमाल सुनने के लिए बेताब रहते थे कि कहीं एन मौके पर कार्यक्रम छूट न जाए और एक एक शब्द सुनते थे उसकी चर्चा होती थी। बिनाका गीतमाला में जो गीत बजते, उन्हीं गीतों पर उन दिनों जब रात रात भर चलने वाली नौटंकियों में राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर जैसी वेशभूषा धरे नर्तक-नर्तकियां स्वांग रचते तो अमीन सयानी की आवाज बार बार फिर कानों में गूंजती। उनका हर पायदान पर बजने वाले गीतों का जिस अंदाज में परिचय कराना और उसके चलते उन सुपरहिट गीतों के गीतकारों और संगीतकारों के नाम याद हो जाना भी कुछ कमाल ही था। बिनाका के बाद आया सिबाका गीत माला और फिर एस कुमार्स का फिल्मी मुकदमा जो आज का आप की अदालत में का रेडियो रूप था। विविध भारती का जो पहला प्रायोजित कार्यक्रम सेरिडॉन के साथी शुरू हुआ, उसमें भी आवाज अमीन सयानी की ही थी। शालीमार सुपरलैक जोड़ी और भी न जाने कितने प्रायोजित कार्यक्रमों की शान अमीन सयानी की आवाज के बूते ही होती थी। अमीन सयानी को ही रेडियो को वह पहला उद्घोषक माना जाता है जिन्होंने हिंदी को साहित्यिक भाषा से निकालकर आम बोल चाल की भाषा के रूप में रेडियो पर जगह दी। उनकी आवाज में हिंदी के साथ उर्दू, फारसी और अरबी शब्द यूं घुल मिल जाते जैसे अमीन सयानी नहीं हिंदुस्तान बोल रहा हो। बोली की ये रंगत उन्हें अपनी मां कुलसुम सयानी से मिली थी जो सन 60 तक कोई 20 साल हिंदी, उर्दू और गुजराती में एक अखबार रहबर निकालती रहीं थी और अमीन सयानी उनके काम में हाथ बंटाया करते। अमीन सयानी के बड़े भाई हमीद सयानी का रेडियो पर बड़ा नाम रहा है। अंग्रेजी उद्घोषकों में वह अव्वल दर्जे के उद्घोषक रहे। अमीन ने अपने बड़े भाई को ही अपना गुरु माना। अदा भाई से और भाषा मां से लेकर अमीन सयानी ने अपना जो एक मुकाम रेडियो पर बनाया, उसके किस्से सात समंदर पार तक सुने जाते हैं। उन्होने एक बार अमिताभ बच्चन पर टिप्पणी की थी कि अच्छा हुआ रेडियो ने उन्हें रिजेक्ट किया वरना सुपर स्टार नहीं बनते। विदेश से मांग बढ़ी तो वह अपने रेडियो प्रोग्राम रिकॉर्डकर खाड़ी देशों और अमेरिका तक भेजने लगे। बीबीसी रेडियो पर उनका फिल्मी सितारों के इंटरव्यू का कार्यक्रम भी खूब मशहूर हुआ। आज रेडियो डिजिटल तकनीक और एफएम के कारण फिर से लोकप्रियता की ऊंचाइयों पर है जिसे भांपकर आकाशवाणी ने न्यूजऑनएआइआर एप बनाया है जिसके माध्यम से भारत के लगभग सारे रेडियो स्टेशन मोबाइल या कंप्यूटर पर पूरी दुनिया में सुने जा रहे हैं। ऐसे में अमीन सयानी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि भाषा,उच्चारण और प्रस्तुति पर ध्यान दिया जाए क्योंकि अच्छी बातें या संगीत भी सुर में या सुरीले अंदाज में ही अच्छी लगती हैं।

स्मृति शेष



### भारत और इंग्लैंड टेस्ट मैच

# दोनों टीम ने पहले दिन बहाया जमकर पसीना




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच 23 से 27 फरवरी तक सीरीज का चौथा टेस्ट मैच मुकाबला खेला जाना है। भारत 2-1 की लीड के साथ इंग्लैंड पर दबाव बनाए हुए है। बुधवार को दोनों टीमों ने अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया। भारत और इंग्लैंड दोनों टीमों ने बारी-बारी से ओवल ग्राउंड में नेट में प्रैक्टिस की। इंग्लैंड ने सुबह में तीन घंटे तक अभ्यास किया। जबकि भारतीय टीम ने दोपहर में प्रैक्टिस किया। इस दौरान जेएससीए के ओवल मैदान में बने प्रैक्टिस नेट में बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने पसीना बहाया। साथ ही मुख्य मैदान में वार्मअप, फील्डिंग और कैच प्रैक्टिस भी किया।
अभ्यास के पहले दिन नेट में रोहित शर्मा, शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, देवदत्त पड्डिकल ने नेट में सबसे अधिक समय बिताया।

## एक नजर

### बैंक कर्मचारी को पत्नीशोक

**लापुंग।** भारतीय स्टेट बैंक लापुंग शाखा के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी दानेकेरा निवासी सीताराम सिंह की धर्मपत्नी हीरामणी देवी का बुधवार की दोपहर लगभग 2:00 बजे निधन हो गया। उनके निधन से दानेकेरा सहित आसपास के गांवों में शोक की लहर छा गई। भारतीय स्टेट बैंक लापुंग शाखा के शाखा प्रबंधक अखिलेश्वर सिंह घटना की सूचना पाते ही दानेकेरा गांव पहुंचे और मृतक के आश्रित एवं शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि सीताराम सिंह को हर संभव मदद की जाएगी। उधर पंचायत के मुखिया धुचला मुंडा, समाजसेवी सत्य नारायण महतो, शशी देवी, जूनियर वैद्य खिलेश्वर सिंह खेरवार सहित कई लोगों ने सीताराम सिंह को ढांढस बंधाया।

### आवास कोऑर्डिनेटर को हटाने के लिए मुखिया संघ ने दिया आवेदन

**मांडर।** मांडर प्रखंड के विभिन्न पंचायत के मुखिया गण मगंलवार को बीडीओ को एक आवेदन देकर आवास समन्वयक विकाश कुमार गुप्ता को हटाने की मांग की है। आवेदन के अनुसार सरकार के महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास में विकाश कुमार गुप्ता द्वारा ग्राम सभा की अनदेखी करते हुए अपने दलालों के द्वारा प्रखंड में आनियमता बरततें हुए सूची उपलब्ध करायी गई और रुपए की उगाही की जा रही है। तत्कालीन बीडीओ सुलेमान मुंदरी को भी यह आरोप पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने भी किया था लेकिन नहीं सुना गया। प्रखंड के सभी पंचायत में इस कदर जमे हुए है की बगैर खौफ धड़ल्ले से पंचायत का सूची निकाल कर व्यक्तिगत पैसा का डिमांड कर योजना का स्वीकृति कर देता है। कई आरोप लगने के बाद भी इनके ऊपर कार्रवाई नहीं होना दुखद है। ऐसे कर्मचारी कुर्सी में जबतक जमे रहेंगे जनता का कभी भला नहीं होगा।

### खूंटी जिले में छह थानों को मिले नये थाना प्रभारी

**खूंटी।** जिले के एसपी अमन कुमार ने छह थाना प्रभारियों की पदस्थापना की है। विकास कुमार जायसवाल को रनिया थाना प्रभारी बनाया गया है। मुकेश कुमार यादव अड़की के थाना प्रभारी बनाये गये हैं। जितेंद्र कुमार को कर्रा थाना प्रभारी, आदित्य कुमार को जरियागढ़ थाना प्रभारी, नायल गोडवीन को मुरहू थाना प्रभारी और शंकर विश्वकर्मा को मारंगहदा थाना प्रभारी बनाया गया है। इनके अलावा, मणिदीप को मुरहू थाना और बीरबल करमाली को खूंटी थाना भेजा गया है।


### हजारीबाग में बाइक चोरी के दो आरोपियों को भेजा गया जेल

**हजारीबाग।** सदर थाना क्षेत्र से हुए बाइक चोरी के मामले में दर्ज कांड संख्या 71/24 के दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान गौस नगर निवासी शारिक अहमद और शाहरुख के रूप में हुई है। दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

---

मृतक मुकेश कुमार प्रधान के परिवार को अब तक नहीं मिला इंसाफ

# दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के द्वारा तीन सितंबर 2016 की रात मारे गए लापुंग थाना क्षेत्र के कारूम गांव के मुकेश कुमार प्रधान सहित तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई द्वारा मारे गए मुकेश कुमार प्रधान के आश्रित को सात वर्षों के बाद भी नौकरी नहीं मिली। तीन लोगों की हत्या में दो के आश्रितों को नौकरी मिली लेकिन तीसरी के आश्रित को आज तक नौकरी नसीब नहीं। मृतक मुकेश कुमार प्रधान का परिवार दर-दर की ठोकरें खा रहा है। घटना कर्रा थाना क्षेत्र के कसीरा गांव में घटी थी। मुकेश कुमार प्रधान के साथ साथ कसीरा गांव के अनिल परधिया तथा राहुल स्वांसी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक मुकेश के भाई जितेंद्र कुमार ने बताया कि अनिल परधिया तथा राहुल स्वांसी के आश्रितों को सरकारी नौकरी मिल गई लेकिन मुकेश कुमार प्रधान के आश्रित को आज तक नौकरी नहीं मिली। परिवार को सात वर्षों के बाद मिला एक लाख रुपए का मुआवजा लेकिन उनके आश्रित परिवार के सदस्य को अभी तक सरकारी नौकरी नहीं मिली। गांव के दिवंगत सुरेश सिंह प्रधान के सबसे छोटे एवं चतुर्थ सुपुत्र मुकेश कुमार प्रधान अपने भाईयों में सबसे छोटा था और घर के परिवार वालों का अपने कार्यों से आजीविका पालन कर रहा था। उनके तीन बड़े भाई क्रमशः पवन सिंह प्रधान, दिलीप सिंह प्रधान तथा जितेंद्र कुमार बेरोजगार हैं और किसी तरह अपनी मां देवंती देवी सहित पूरे परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। जितेंद्र कुमार ने बताया कि लापुंग के अंचलाधिकारी पंकज कुमार सहित विधायक प्रतिनिधियों के क्रमशः कांग्रेस पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष जयंत बारला, युवा अध्यक्ष जन्मेंजय पाठक तथा सचिव सुदामा महली तथा समाजसेवी मंगल साहु के संयुक्त प्रयासों के बाद घटना के आठ वर्षों के बाद आश्रित परिवार को एक लाख का चेक मिला।

---

विधायक ढुल्लू के विरुद्ध दुकानदारों ने फूंका बिगुल

# 27 फरवरी से समाहरणालय के समक्ष देंगे अनिश्चितकालीन धरना



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो एक बार फिर विवादों में हैं। विधायक पर चिटाही स्थित रामराज मंदिर ट्रस्ट के नाम पर रैयतों की जमीन कब्जा करने का आरोप लग रहा है। आधा दर्जन रैयत बुधवार को धनबाद के गांधी सेवा सदन पहुंचे और ढुल्लू महतो पर जमीन कब्जा करने के नीयत से दुकान की बिजली काटने, त्रिपाल से दुकान को घेर कर दुकान बंद करवाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। रैयतों ने मुख्यमंत्री, उपायुक्त, एसएसपी, अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर कहा कि 27 फरवरी से बाघमारा विधायक के जुल्म के खिलाफ समाहरणालय के समक्ष अनिश्चितकाल के लिए धरना पर बैठेंगे। इधर, पीड़ित परिवारों के समर्थन में पहुंचे कांग्रेस के नेता अशोक लाला ने कहा कि बाघमारा विधायक रैयतों की जमीन को कब्जा करने में लगे हैं। मंदिर के समीप दर्जनों लोग छोटी-मोटी दुकान लगाकर अपना रोजी-रोटी कमाते हैं, जिस पर विधायक ढुल्लू महतो की नजर है। वे उनकी जमीन कब्जा करना चाहते हैं।

---

## न्यूज बॉक्स

### हनुमान मंदिर के छज्जे की श्रमदान से हुई ढलाई



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत अन्तर्गत देवगांव सदान टोला अखड़ा स्थित निमार्णाधीन पंचमुखी हनुमान मंदिर के निर्माण के तहत समाजसेवी राजकमल गोप के पहल एवं सहयोग से छज्जा की श्रमदान से ढलाई किया गया। इस मौके पर समाजसेवी रामनारायण सिंह, श्यामलाल शेखर सिंह, संजय कुमार महतो, विजय महतो, राजधन शेखर सिंह, घुरन महतो, अमन सिंह, विक्रम शेखर सिंह, परितोष शेखर सिंह के साथ समिति के दर्जनों सदस्यों ने ढलाई कार्य में अपना योगदान दिया। देवगांव पंचमुखी हनुमान मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं एवं सभी समाजसेवियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए मंदिर के भव्य निर्माण में अपना आर्थिक सहयोग प्रदान कर निर्माण कार्य के पवित्र यज्ञ को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दें। समाजसेवी राजकमल गोप ने कहा कि मंदिर को भव्य बनाने एवं गांव के श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र के रूप में इसे विकसित करने के लिए लोगों को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की जरूरत है। इस ढलाई कार्य को सफल बनाने में देवगांव पंचमुखी हनुमान मंदिर निर्माण समिति देवगांव के कार्यकताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### शहाबुद्दीन अंसारी अल्पसंख्यक विभाग सिल्ली के प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त



**सिल्ली ।** आज बुधवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्प संख्यक विभाग के माननीय अध्यक्ष श्री मंजूर अंसारी जी के सहमति से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अल्प संख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर अंसारी ने कुटाम निवासी शहाबुद्दीन अंसारी को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष नियुक्त किया है। शहबुद्दीन अंसारी के नियुक्ति पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, सिल्ली प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास, सचिव बलराम महतो, योगेंद्र कोइरी, कोषाध्यक्ष मंजूर मोमिन, सिल्ली पश्चमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, पूर्वी मंडल अध्यक्ष भूतनाथ मंडल,विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, सेवादल के सुनीता देवी, सिल्ली प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित मुंडा, भागीरथ महतो, पंचायत अध्यक्ष प्रकाश मुंडा, पिनाकी बनर्जी, लालू कोइरी, निताइ महतो, शालिग्राम पांडेय, मोहन उपाध्याय, हरिचरण करमाली, सोमरा माझी, घासीराम पातर, श्रीनाथ अहिर, शिशुपाल रजक इत्यादि कांग्रेस जनों ने हर्ष जताया।

### हिंडालको इंडस्ट्रीज ने 75वीं वर्षगांठ मनायी




**मुरी।** हिंडालको परिसर में एलुमिना क्लब के समीप हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के सौजन्य से बुधवार के दिन 75 वाँ वर्षगाँठ का आयोजन किया गया। आयोजन से पूर्व मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, यूनिट हेड रवि नारायण मिश्रा, एच आर हेड अरुण राय एवं संजय श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित करते हुए सिल्ली विधायक ने कहा कि हिंडालको एक मदर प्लांट है और सब प्लांट लगाने पर हिंडालको परिवार को विचार करना चाहिए। हिंडालको परिवार को विस्तारीकरण पर ध्यान देना चाहिए ताकि आसपास के युवाओं को रोजगार मुहैया हो सके। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं पर भी चर्चा की। विधायक ने कहा कि इंडाल से हिंडालको का सफर में जिन कर्मचारियों का योगदान रहा है उनके लिए आज सुनहरा दिन है। हिंडाल्को के द्वारा ही मुरी की पहचान बनी है और मुरी स्टेशन को जंक्शन का दर्जा दिलाने का श्रेय हिंडाल्को को ही जाता है। तत्पश्चात अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को सिल्ली विधायक और यूनिट हेड के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं अवकाश प्राप्त कर्मचारियों ने भावुकता पूर्वक सेवा काल का अनुभव को भी उपस्थित लोगों के बीच साझा किया। इस अवसर पर मंच पर विभिन्न प्रकार के प्लांट संबंधी सुरक्षा को लेकर नाटक का भी आयोजन किया गया। स्वरुचि भोज का भी आयोजन किया गया था जिसका अवकाश प्राप्त कर्मचारियों ने भरपूर आनंद लिए एवं अंत में सभी आए अवकाश प्राप्त अतिथियों को उपहार भेंट किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वॉलिंटियर्स की काफी सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर सीआरएस विभाग के अनिल कुमार सिंह, प्रोडक्शन हेड रोहित चौरसिया, परचेज हेड केनेथ डिवाज,आई आर हेड कुमार अभिषेक प्रताप सिंह,भरत सिंह, अरुप बोस समेत हिंडालको कर्मी मौजूद रहे।

### फाइनेंस कर्मी से छिनतई मामले में दोषी को दो साल की कैद

**दुमका।** व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव की अदालत ने बुधवार को फाइनेंस कंपनी के कर्मी से नगद राशि छिन्नतई करने के मामले में दोषी को दो साल के कारावास और मुआवजे के तौर पर एक लाख रुपए भुगतान करने का फैसला सुनाया है। न्यायालय में बुधवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद न्यायालय ने उस्मान अंसारी को भादवि की धारा 392 के तहत दोषी ठहराया और दो साल के कारावास और मुआवजे के तौर पर एक लाख रुपए भुगतान करने का फैसला सुनायी। सरकार की ओर से सहायक लोक अभियोजक खुशबुद्दीन अली ने पैरवी की और बहस में हिस्सा लिया। अभियोजन पक्ष की ओर से विचारण के दौरान कोर्ट में छह गवाह पेश किये गये तथा प्रतिपरीक्षण कराया गया। एपीपी से मिली जानकारी के मुताबिक भारत फाइनेंस कंपनी में एस एम के पद पर कार्यरत बांका जिले के अमरपुर इंग्लिश मोड़ निवासी गुंजन मंडल के लिखित आवेदन पर रामगढ़ थाना में भादवि की धारा 392 के तहत अज्ञात अपराधियों के लिए कांड संख्या 02/2022 दर्ज की गयी थी।

### अबुआ आवास लाभुकों की सूची 72 घंटे में होगी प्रकाशित : डीसी

**रामगढ़ ।** अबुवा आवास योजना के सफल एवं पारदर्शी तरीके से क्रियान्वयन के लिए डीसी चंदन कुमार ने सभी बीडीओ सूची प्रकाशित करने का निर्देश दिया है। डीसी ने कहा है कि तीन दिनों के अंदर उनके क्षेत्र के सभी पंचायत भवनों में अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों की प्राथमिकता सूची से संबंधित विवरणी यथा ग्राम, रजिस्ट्रेशन आईडी, लाभुक का नाम, पिता/पति का नाम, श्रेणी, लिंग, प्राथमिकता सूची क्रमांक प्रकाशित हो जाना चाहिए। पंचायत भवन में प्रदर्शित सूचना तालिका में यदि किसी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति हो तो वे लिखित शिकायत पंचायत सचिव, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त के कार्यालय में दे सकते हैं। अबुआ आवास योजना के प्रति माह सतत निगरानी के मद्देनजर डीसी द्वारा प्रखंडवार वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

---

### गोड्डा में जल्द स्थापित होगी अंबुजा सीमेंट्स की ग्राइंडिंग यूनिट

**गोड्डा।** अदाणी समूह की इकाई अंबुजा सीमेंट्स ने 1000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक अत्याधुनिक सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। अपेक्षित मंजूरी के बाद 4 मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता वाला यह प्रोजेक्ट झारखंड में गोड्डा जिले के मोतिया गांव में कायम किया जाएगा। सीमेंट बिजनेस के सीईओ अजय कपूर ने कहा कि इस नई सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट में हमारे प्रस्तावित निवेश के साथ हम अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करना चाहते हैं। हमारा मानना है कि झारखंड में संसाधनों, बुनियादी ढांचे और कुशल जनशक्ति के मामले में अपार संभावनाएं हैं, जो इसे इस परियोजना के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है। कपूर ने कहा कि हम इस परियोजना के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। अंबुजा सीमेंट्स को इस पर गर्व है। वह झारखंड की विकास गाथा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

---

मांडर में 'गूगल रीड अलोंग' एप्लीकेशन की लॉन्चिंग

# ई-शिक्षा की ओर एक प्रगतिशील कदम




**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

गूगल रीड अलोंग एप्लीकेशन का लॉन्च मांडर प्रखंड में बुधवार को किया गया। पिरामल फाऊंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक मोहसिन हाशमी ने एप्लीकेशन के फीचर को विस्तार से बतलाया। यह यह एप्लीकेशन 3 साल से ज्यादा उम्र के बच्चों के लिए बनाया गया है और इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहायक का समर्थन भी है। 'गूगल रीड अलोंग' में 1100 कथा किड्स और छोटा-भीम जैसी किताबें शामिल हैं। साथ ही कई एजुकेशनल गेम्स भी उपलब्ध हैं। इस एप्लीकेशन में मल्टी चाइल्ड प्रोफाइल फीचर भी है, जिससे दो बच्चे एक साथ इसका इस्तेमाल कर सकते हैं और उनकी पढ़ाई में सकारात्मक प्रभाव हो। मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता में सुधार के साथ साथ। इस एप्लीकेशन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में नवाचार लाना है, ताकि बच्चों को पढ़ाई का अनुभव मजेदार और सहज बन सके। इसकी विशेषता यह है कि यह बिना इंटरनेट के काम करता है। उपस्थित सहभागियों को फाइलेरिया रोग की दवाइयां खाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। इसी के साथ तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में मांडर प्रखण्ड के सभागार में जेएसएलपीएस प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, मुखिया, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, वार्ड सदस्य, जल साहिया और स्वास्थ सहिया उपस्थित थे। पिरामल फाऊंडेशन के इमोन दास, शफीकुर, निखिल सिंह, दिव्याभारती, अंजली, शिवानी, पंचायती राज विभाग के प्रखण्ड समन्वयक अर्पणा खलखो तथा आकांक्षी प्रखंड फेलो आशीष कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

---

### बच्चों के बीच यूनिफॉर्म और अभिभावकों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण

**खूंटी।** सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय रांची के सहयोग और जीव दया फाउंडेशन यूएस के सहयोग से खूंटी प्रखण्ड के बगडू गांव में प्री स्कूल बच्चों के बीच दूध और बिस्कुट का विवरण प्रत्येक दिन किया जाता है। इसी कडी में बुधवार को.31 बच्चों को यूनिफार्म, जूते एवं मोजे और उनके अभिवावकों को 50 किलो अनाज( चावल, दाल, आटा, नमक, हल्दी, मसाला, तेल, साबुन और किट वितरित किया गया। इस अवसर बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष तनुश्री सरकार ने बच्चों और परिवार के लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा जिसके साथ किसी प्रकार का अन्याय होता है, जैसे बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण, बाल तस्करी के शिकार बच्चों के लिए बाल कल्याण समिति कार्य करती है। साथ ही कई सरकारी योजनाओं से भी जोड़ने का कार्य करती है। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी मो अल्ताफ आलम ने बताया बेसहारा बच्चों के लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

---

# प्रेमी के ठुकराने पर युवती ने की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

धनबाद। धनबाद के भूली ओपी क्षेत्र स्थित रेलवे ट्रेनिंग स्कूल के पास धनबाद-कोलकाता ग्रैंडकॉर्ड लाइन पर बुधवार की सुबह एक युवती ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर भूली ओपी पुलिस और धनबाद जीआरपी मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश में जुटी गई है। मृत युवती की पहचान वासेपुर मटकुरिया बस्ती निवासी कलाम अंसारी की बेटी सिमा परवीन (20) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृत युवती के पिता कलाम अंसारी ने बताया कि मंगलवार शाम करीब छह बजे से ही उनकी बेटी घर से गायब थी। इसके बाद सुबह रेलवे ट्रैक पर उसकी लाश मिली।

उन्होंने बताया कि पिछले छह महीने से पास के ही शोएब कुरैशी नामक एक युवक से उनकी बेटी का प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इस दौरान युवक ने उनकी बेटी को बहला फुसलाकर कई बार उसका यौन शोषण भी किया। जब उनकी बेटी ने युवक पर शादी का दबाव बनाया, तो उसने शादी करने से साफ इन्कार कर दिया। इससे उनकी बेटी डिप्रेशन में चली गई और उसके बाद उसने यह खौफनाक कदम उठा लिया। वहीं, मौके पर पहुंची भूली ओपी की पुलिस और जीआरपी पूरे मामले की तफ्तीश करने में जुटी हुई है।

**लड़की ने युवक पर शादी का दबाव बनाया तो उसने साफ इनकार कर दिया**

---

# आईसीएआई रांची शाखा की चेयरपर्सन चुनी गयीं श्रद्धा बागला



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), रांची शाखा के पदाधिकारियों का वर्ष 2024-25 के लिए चुनाव संपन्न हुआ। इसमें सीए श्रद्धा बागला को रांची शाखा का चेयरपर्सन, सीए उमेश कुमार को उपाध्यक्ष, सीए हरेंदर भारती को सचिव, सीए अभिषेक केडिया को कोषाध्यक्ष, सीए पंकज मक्कड़ को सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन का अध्यक्ष और सीए निशांत मोदी को सीपीइ कमिटी का अध्यक्ष चुना गया। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की रांची शाखा की कार्यकारिणी सदस्यों (2022-25) की मीटिंग बुधवार को रांची शाखा के पदेन पदाधिकारी और रीजनल कौंसिल सदस्या सीए मनीषा बियानी की अध्यक्षता में में संपन्न हुई। सीए श्रद्धा बागला आईसीएआई, रांची ब्रांच के इस महत्वपूर्ण पद पर आसीन होने वाली 31वीं अध्यक्ष और दूसरी महिला चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं। उन्होंने 2004 में चार्टर्ड एकाउंटेंसी पास करने के बाद रांची में एक स्वतंत्र चार्टर्ड एकाउंटेंट्स प्रैक्टिशनर के रूप में कार्य शुरू किया। सीए श्रद्धा बागला पूर्व में रांची शाखा के उपाध्यक्षा, कोषाध्यक्ष और सी पी इ कमिटी के अध्यक्ष के रूप में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दे चुकी हैं और रांची शाखा द्वारा आयोजित विभिन्न महत्वपूर्ण सेमिनार, कांफ्रेंस, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक कार्यों में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है। इंस्टीट्यूट की रांची शाखा के पूर्व अध्यक्ष सीए जे पी शर्मा, सीए प्रवीण शर्मा, सीए संदीप जालान, सीए मनीषा बियानी और सीए संजय वाधवा, सीए उत्तम जैन सहित रांची के बहुत से चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने सीए श्रद्धा बगला और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी है, और साथ ही भरोसा जताया है कि उनके कार्यकाल में इंस्टीट्यूट कि रांची शाखा नई उचाइयों को छुएगा।

---

सरकार की जमीन पर बने क्वार्टरों पर बाहरी का कब्जा नहीं होने देंगे

# अपना आशियाना बचाने के लिए एकजुट हुए सेवानिवृत्त कामगार



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी सीमेंट कारखाना के सेवानिवृत कामगार अपना आशियाना बचाने के लिए एकजुट हो गए हैं। इसे लेकर सेवानिवृत सीमेंट कामगारों व उनके परिवार के लोगों की एक बैठक एसीसी क्लब मैदान खलारी में हुई। बैठक में तय हुआ कि सेवानिवृत सीमेंट कामगारों की लड़ाई अब 'एसीसी सेवानिवृत्त कामगार' संघ के बैनर तले लड़ी जाएगी। बैठक में बताया गया कि खलारी सीमेंट लिमिटेड प्रबंधन सेवानिवृत कामगारों के क्वार्टरों को खाली कराने के लिए उन्हें कानूनी पेंच में फंसा रही है। वृद्ध, बीमार सेवानिवृत कामगारों को कंपनी एक्ट में फंसाकर क्वार्टर खाली कराने का षड़यंत्र शुरू कर दिया गया है। करीब एक दर्जन वृद्ध अपना छत बचाने के लिए कोर्ट का चक्कर लगा रहे हैं। कहा गया कि खलारी सीमेंट लिमिटेड प्रबंधन सरकारी जमीन पर बने क्वार्टरों का कब्जा मोटी रकम लेकर दूसरों को दे रही है। पिछले दिनों खलारी आए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की से मिलकर भी सेवानिवृत कामगार गुहार लगाए थे। सेवानिवृत कामगारों ने खलारी प्रखंड क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक, राजनीतिक संगठनों व आम जनता से सहयोग की अपील की है। कामगारों के सहयोग में युवा नेता प्रताप यादव भी उपस्थित थे। बैठक में रामप्रीत यादव, जब्बार अंसारी, माया देवी, शंकर बोदरा, जगदीश सिंह सहित अन्य सेवानिवृत वृद्ध कामगार व काफी संख्या में कामगार परिवार के लोग उपस्थित थे। 'एसीसी सेवानिवृत कामगार संघ' की बैठक में बताया गया कि विधानसभा में उठाए गए एक प्रश्न के जबाब में 09.7.2012 को बताया गया है।

---

### बालमुकुंद सहाय ने कहा घर-घर जाकर लोगों को सौंपें पीएम का पत्र

**खूंटी।** भाजपा के जिला कार्यालय में बुधवार को लोकसभा लाभार्थी संपर्क कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता लोकसभा लाभार्थी संयोजक काशीनाथ महतो ने की। यह कार्यशाला में लोकसभा स्तरीय और मण्डल स्तरीय संयोजक और सह संयोजक उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और कार्यक्रम प्रभारी बालमुकुंद सहाय ने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजना के लाभार्थियों से मिले और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र उन्हें दें। प्रदेश उपाध्यक्ष और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि संगठन ने हमें 100 दिनों की कार्य योजना दी है। सभी कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने में अपना विषेश योगदान दें। खूंटी लोकसभा संयोजक सह तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह करें।

---

चुनाव में बड़ा मुद्दा बनेगा खूंटी में बाइपास सड़क का निर्माण

# लोस चुनाव नजदीक आते ही सड़क बनाने की मांग पकड़ने लगी जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही खूंटी की बहुप्रतीक्षित बाइपास सड़क निर्माण की मांग जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में यह बड़ा चुनावी मुद्दा बन सकता है। लोगों का कहना है कि लोकसभा चुनाव में यह मुद्दा राजनीतिक दलों खासकर भाजपा के लिए मुश्किल पैदा कर सकता है। झारखंड विकास मोर्चा (झामुमो) के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा कहते हैं कि चुनाव का समय आते ही खूंटी के लोगों को बाइपास रोड के नाम पर भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोज-रोज सड़क जाम की समस्या से जूझ रहे खूंटीवासी अलग जिला गठन के बाद से ही शहर में बाइपास सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। गत चुनावों में खूंटी वासियों की यह मांग प्रमुख चुनावी मुद्दा भी रही है। गत लोकसभा चुनाव में खूंटी संसदीय क्षेत्र से चुनाव जीतने वाले अर्जुन मुंडा जब केंद्र में मंत्री बने, तब लोगों को भरोसा था कि खूंटी में बाइपास सड़क का निर्माण जल्द ही हो जाएगा। अब जबकि स्थानीय सांसद का कार्यकाल लगभग पूरा होने को है और आगामी चुनाव सिर पर है, तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों को यह डर सताने लगा है कि खूंटी की यह चिरलंबित मांग कहीं चुनाव में उनके लिए गले की हड्डी ना बन जाए। इसलिए सांसद के जिला प्रतिनिधि बाइपास सड़क निर्माण जल्द शुरू होने की बात कह रहे हैं। दिलीप मिश्रा ने कहा कि बाइपास सड़क निर्माण का प्रस्ताव वर्ष 2017 में जैसा था, अभी भी वैसा ही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एनएच 75-ई के कार्यपालक अभियंता विनोद कच्छप से बात करने पर अभियंता ने बताया कि इस संबंध में झारखंड सरकार द्वारा केंद्र को सिर्फ प्रस्ताव भेजा गया है।

# सीआईएल के अद्यतन खरीद मैनुअल पर कार्यशाला का आयोजन



### एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रांची ने बुधवार को मुख्यालय में 'कोल इंडिया लिमिटेड के अद्यतन खरीद मैनुअल' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जीएम (एमएम)/एचओडी श्री श्याम नारायण महतो ने जीएम (एचआरडी) आरके पांडे, जीएम (स्टोर्स), एसएस साह एवं जीएम (एमएम) सुनील सहाय की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम के बाद प्रतिभागियों के बीच एक इंटरैक्टिव सत्र हुआ। खरीद नियमावली में नवीनतम बदलावों और उसके प्रभाव पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों को खरीद मैनुअल के अनुरूप जीईएम खरीद में नवीनतम मुद्दों के बारे में अवगत कराया गया। सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे 'मेक इन इंडिया', 'सार्वजनिक खरीद नीति' आदि पर चर्चा हुई। ज्ञात हो कि सीसीएल द्वारा कर्मियों के ज्ञान को अद्यतन रखने के लिए समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सामग्री प्रबंधन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## रेरा के अधिकारी अन्याय के खिलाफ खड़े होने के बजाय भेदभाव पर उतारू

# पीड़िता अनिता भौमिक ने सीएम से लगाई गुहार

**अमित कुमार। रांची**

राष्ट्रीय नवीन मेल में छपी रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) की खबर डेवलपर का चेक लेने से किया इंकार तो मध्यस्थता अधिकारी ने बेइज्जत कर दफ्तर से निकाला बाहर, का असर तो यह हुआ कि जो बिल्डर पहले फोन पर बात-बात पर धमकी देता था अब ढंग से बात कर रहा है पर उसने टेढ़ी चाल चलनी नहीं छोड़ी है । इधर मध्यस्थता अधिकारी के भेदभाव और गुस्सा पीड़िता पर ही निकाले जाने के संबंध में श्रीमती भौमिक ने सीएम झारखंड को पत्र लिख कर मदद की गुहार लगायी है। पत्र में लिखा है कि मध्यस्थता अधिकारी प्रद्युत मुखर्जी ने न्याय करने के बजाय दबाव देकर कहा है कि विवाद को समझौता के अनुसार सुलझा लें अन्यथा अभी सात माह ही केस चला है, पूरा जीवन इसी में चला जाएगा। डेवलपर पैसा वाला है उसके खिलाफ केस लड़ते थक जाओगे और फैसला डेवलपर के हित में चला जाएगा। पीड़िता का कहना है कि मध्यस्थता अधिकारी को बिल्डर को निर्देश देना था कि वे नियमानुसार 24 लाख रुपए सूद के साथ लौटाए और साथ में उन्हें परेशानी हुई उसका हजार्ना भी दिलाना चाहिए था पर साफ पक्षपात करते हुए उन्हें ही धमकी दी जा रही है । उन्हें यह कहा जा रहा है कि डेवलपर फ्लैट को बेच कर ही पूरा पैसा दे पाएगा। इसके लिए परमिशन की मांग कर रहा है। ऐसे में परमिशन दे दिया गया तो वादी के हाथ से सब कुछ चला जाएगा। साथ ही एसबीआई के वर्तमान ब्याज दर की बात नहीं कर समझौता में सिर्फ टाइल्स में हुए खर्च देने की बात हो रही है।


राष्ट्रीय नवीन मेल
रांची सिटी
डेवलपर का चेक लेने से किया इंकार तो मध्यस्थता अधिकारी ने बेइज्जत कर दफ्तर से निकाला बाहर

### मामला यह है

**नीलकंठ डेवलपर्स के डेवलपर सतीश कुमार कांके स्थित सेमर टोली में श्री एनक्लेव अपार्टमेंट बनवा रहे हैं और अनिता भौमिक पति अंशुमाल शर्मा ने 2016 में 1373 वर्ग फीट का फ्लैट बुक करने के लिए 31 लाख 51950 रुपए का एग्रीमेंट कर 2016 में 24 लाख 11 हजार रुपए चेक के माध्यम से उन्हें अग्रिम दिया था। 8 साल बीत जाने के बाद फ्लैट अधूरा है और सतीश कुमार अनिता भौमिक को जबरन रजिस्ट्री करने का दबाव बना रहा है । फ्लैट लेने से इनकार करने पर बुकिंग एमाउंट 24 लाख 11000 वापस करने के लिए रेरा के मध्यस्था अधिकारी को चेक दिया गया। पीड़िता ने रेरा में केस नंबर 43\2023 दर्ज कराया था। अब भेदभाव से हताश होकर सीएम के पास फरियाद की गई है ।**

## हाई कोर्ट में रतन हाइट्स मामले की हुई सुनवाई, जमीन के मालिक की बहस पूरी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मोरहाबादी स्थित रतन हाइट्स मामले में एकल पीठ के आदेश के खिलाफ बिल्डर वीकेएस रियलिटी और लैंड ओनर की अपील की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में लैंड ऑनर की ओर से बहस पूरी हो गई। अब मामले की सुनवाई गुरुवार को फिर होगी। प्रतिवादी रतन हाइट्स रेसीडेंशियल सोसायटी की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने पैरवी की। फ्लैट ओनर की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने पैरवी की। रतन हाइट्स की ओर से पूर्व में बताया गया था कि मामले में एकल पीठ ने उनके पक्ष में फैसला दिया है लेकिन बिल्डर एवं लैंड ओनर ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि एकल पीठ के आदेश के बावजूद भी बिल्डर ने रतन हाइट के बहुमंजिला इमारत के बगल में स्थित गड्ढे को नहीं भरा है, जिससे इस बहुमंजिला इमारत का अस्तित्व खतरे में है और यहां रहने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। रतन हाईट्स बिल्डिंग रेजिडेंशियल सोसाइटी की याचिका पर हाई कोर्ट की एकल पीठ ने जुलाई 2023 में फैसला सुनते हुए नगर आयुक्त द्वारा संशोधित नक्शा पास किए जाने के आदेश एवं संशोधित नक्शे को रद्द कर दिया था।

## जेएसएससी जेई के रिजल्ट का प्रकाशन शीघ्र हो : अभाविप

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के छात्र नेता दुर्गेश यादव ने कहा कि अभाविप जेएसएससी जेई डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के रिजल्ट के शीघ्र प्रकाशन की मांग करती है। उन्होंने कहा कि जेएसएससी सीजीएल प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के पुष्टि के बाद यह मांग की थी कि अविलंब जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। कहा कि जेएसएससी जेई डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का रिजल्ट भी अब भगवान भरोसे रह हो गया है। 1560 पदों पर जूनियर इंजीनियर की नियुक्ति पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरन के कार्यकाल में ही होनी थी। यह परीक्षा 2021 में ही होनेवाली थी, लेकिन पहली बार यह परीक्षा पेपर लीक की वजह से रद्द हो गई थी, फिर दूसरी बार नियोजन नीति के वजह से रद्द हो गई। इसके बाद यह परीक्षा 20 अक्तूबर 2023 में संपन्न हुई थी।

## एक नजर

### श्री महावीर मंडल की कलश यात्रा आज

**रांची।** श्री महावीर मंडल की ओर से 22 फरवरी को रातू रोड बजरंगबली मंदिर सह गणेश मंदिर का वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। इसमें 1001 महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होंगी। कलश यात्रा सुबह नौ बजे रातू रोड बजरंग बली मंदिर से निकलेगी और सती मंदिर से जल लेकर आगे बढ़ेगी। यह जानकारी बुधवार को श्री महावीर मंडल दी है।

### बाइक से हुड़दंग कर रहा नाबालिग धराया मोटरसाइकिल जब्त

**रांची।** रांची के ओटीसी ग्राउंड में बाइक से हुड़दंग करने वालों के खिलाफ पुलिस ने मंगलवार की रात कार्रवाई की है। पुलिस ने एक मॉडिफाइड बाइक को जब्त किया है। साथ ही, एक नाबालिग को पकड़ा है। जो बाइक जब्त की गई है, उसे पूरी तरह से मॉडिफाई किया गया है। यह बाइक किस कंपनी की है, यह भी पता नहीं चल पा रहा है। इस बाइक में काफी तेज आवाज वाला साइलेंसर भी लगा हुआ है। बताया गया कि आसपास के लोगों से पुलिस को काफी शिकायत मिल रही थी। इसके बाद पुलिस ने मंगलवार की रात यह कार्रवाई की। बाइक को जब्त कर पुलिस पंडरा ओपी ले गई है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

### पेट्रोल पंपों पर चला मतदाता जागरूकता अभियान

**खूंटी।** स्वीप के तहत आइओसीएल के सहयोग से बुधवार को खूंटी के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही, पेट्रोल पंप में आए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया, ताकि हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। पेट्रोल पंप में आनेवाले लोगों द्वारा एपिक दिखाए जाने पर उन्हें गुलाब और चॉकलेट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा, रोडो और पंडरा ग्राम में जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया गया, ताकि खूंटी जिला के सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित हो तथा सशक्त लोकतंत्र का निर्माण हो।

## उपवास कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कहा, गांव-गांव में है आक्रोश

# जबतक हेमंत सोरेन नहीं आएंगे, होली नहीं मनाएंगे : झामुमो

### हेमंत सोरेन को जांच एजेंसियों के सहारे लगातार प्रताड़ित कर झूठे केस में जेल भेजे जाने के विरोध में रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका के समक्ष झामुमो का उपवास कार्यक्रम 7वें दिन भी जारी रहा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का उपवास कार्यक्रम बुधवार को पार्टी के हजारीबाग जिला संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक संजीव बेदिया की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। इसमें हजारीबाग जिला समिति के साथ रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में रांची जिला समिति के सदस्य शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला के पदाधिकारी, सभी वर्ग संगठनों और प्रखंडों व पंचायत के पदाधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि जबतक हेमंत सोरेन जेल से वापस नहीं आएंगे, वे होली नहीं मनाएंगे। मौके पर हजारीबाग जिला संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक संजीव बेदिया ने कहा, आपको पता होगा कि जब राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनी थी, उस समय तक भाजपा ने इतने दिनों से शासन करने के बाद खजाना खाली कर दिया था। उसके बाद से ही हेमंत सोरेन ने किस तरीके से व्यवस्था को देखा और कोविड महामारी के दौरन हवाई जहाज से भी हमारे मजदूर भाइयों को हवाई जहाज से लाने का काम किया। उन्होंने कई तरह की योजनाओं से लोगों को जोड़ने का काम किया। और, इन्हीं सभी कारणों से भाजपा अपनी जमीन खिसकती देख साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया है। इसके विरोध में गांव-गांव में लोगों में बहुत आक्रोश है।

रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा, जैसा कि आप देख रहे हैं, बापू वाटिका के समक्ष हम बापू के अहिंसा के मार्ग को अपनाते हुए यहां शांतिपूर्वक तरीके से उपवास पर बैठे हैं। गांव-गांव में भी पंचायत स्तर पर हमारे कार्यकर्ता न्याय यात्रा एवं पंपलेट के माध्यम से लोगों को जागरूक कर बताने का प्रयास कर रहे हैं कि कैसे एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री, जो लोगों को योजनाओं से जोड़ रहे थे और विकास कार्य कर रहे थे, उन्हें केंद्र की भाजपा सरकार ने जेल में डालकर विकास कार्यों को बाधित करने का प्रयास किया है। निश्चित ही यह सभी विकास कार्यक्रम असर डालेगा। उपवास कार्यक्रम मे मुख्य रूप से हजारीबाग जिला संयोजक मंडली सदस्य गौरव पटेल, संजय सिंह, नीलकंठ महतो, मुकेश राउत रांची जिला से केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, रांची जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, बीरु

## जेएसएससी अध्यक्ष का इस्तीफा छात्रों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास : ओम वर्मा

**रांची।** जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा के इस्तीफे पर अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आजसू ने चरणबद्ध आंदोलन कर जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने और जेएसएससी के अध्यक्ष की इस्तीफे की मांग की थी। आज जब छात्र आंदोलन कर रहे हैं और विभाग शक के दायरे में है, तब जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा का व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर पद से इस्तीफा देना राज्य सरकार की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है और यह सरकार द्वारा छात्रों के आक्रोश को नजरअंदाज करने के समान है। आजसू समेत राज्य के लाखों युवाओं द्वारा इस मामले की सीबीआई जांच की मांग अभी भी वहीं की वहीं है। यह इस्तीफा छात्रों को दिग्भ्रमित नहीं कर सकता है। नीरज सिन्हा का इस्तीफा इस मामले के मूल वजह को छिपाने का प्रयास है और इस इस्तीफे ने सरकार की युवाओं के प्रति उनकी गलत नीतियों और उदासीन रवैये पर भी मोहर लगा दी है।

## टंबल ड्राईक्लीन का हुआ उद्घाटन, पहले ऑर्डर पर 20 प्रतिशत की छूट



**रांची।** राजधानी रांची के मेन रोड स्थित ग्लैक्सी कांप्लेक्स, फर्स्ट फ्लोर, शॉप संख्या-01 में बुधवार को टंबल ड्राई लांड्री, ड्राईक्लीन का उद्घाटन राजीव रंजन, अध्यक्ष झारखंड गौसेवा आयोग ने किया। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था ) रांची, राजेश्वर नाथ आलोक, अकीलवुल रहमान, डॉ असलम, मनोज कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार, भीम प्रभाकर, सरफे आलम समेत कई लोग उपस्थित थे। टंबल ड्राई लांड्री, ड्राईक्लीन की संचालिका श्रीमती कुसुम कुमारी ने बताया कि यह लांड्री विश्व स्तरीय सुविधा से युक्त है। यहां कम से कम समय में लांड्री सेवा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि स्वीडन और कोरिया के अत्याधुनिक मशीन बेहतरीन धुलाई करके कम कीमत में आपको कपड़े ड्राईवाश करके देगा। कॉल के माध्यम से घर बैठे ही आपके कपड़े लेकर और धोकर कपड़ा आपके घर पर डिलीवर कर दिया जाएगा। पहले ऑर्डर पर 20 प्रतिशत छूट भी है।

## संत निरंकारी मिशन के 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना का शुभारंभ 25 को

**रांची।** संत निरंकारी मिशन आजादी के 75वें 'अमृत महोत्सव' के अवसर पर 25 फरवरी (रविवार) को 'अमृत परियोजना' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' का शुभारंभ करेगा। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य 'जल संरक्षण' तथा इसके बचाव के लिए अपनायी जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना एवं उन्हें क्रियान्वित रूप देना है। इस परियोजना का मुख्य बिंदू जल निकायों की स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच 'जागरूकता अभियान' के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है।यह परियोजना संपूर्ण भारतवर्ष के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 730 शहरों के लगभग 1000 स्थानों पर विशाल रूप से आयोजित होगी। इनमें मुख्यतः आंध्र प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, असम, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दमन और दीव, दिल्ली, गुजरात, गोवा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल इत्यादि शामिल हैं। रांची में यह कार्यक्रम अरगोड़ा तालाब पर संत निरंकारी मिशन के अनुयायियों द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची के पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय रहेंगे।

# संतोष कुमार बने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स टाइटल होल्डर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेंट जेवियर्स स्कूल, डोरंडा के कंप्यूटर साइंस शिक्षक और प्लस टू समन्वयक संतोष कुमार ने न केवल अपने स्कूल और रांची का नाम भी रोशन किया है। सबसे लंबे कंप्यूटर प्रोग्रामिंग पाठ के लिए वे नये 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स टाइटल होल्डर' बने हैं। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स (जीडब्ल्यूआर) की टीम ने उन्हें 'सबसे लंबे कंप्यूटर प्रोग्रामिंग पाठ' शीर्षक के लिए 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड खिताब धारक' घोषित किया है। बता दें कि 'सबसे लंबे कंप्यूटर प्रोग्रामिंग पाठ' का मौजूदा रिकॉर्ड 24 घंटे का था। जीडब्ल्यूआर की टीम ने उन्हें 30-40 घंटे का लक्ष्य दिया था। संतोष कुमार ने 21 जनवरी 2024 को सुबह 9:00 बजे कक्षा शुरू की और 23 जनवरी 2024 के प्रातः 9:15 बजे तक कक्षा ली। बनाया गया रिकॉर्ड 48 घंटे 15 मिनट का है। छात्रों को जावा प्रोग्रामिंग भाषा सिखाई गई, जो आईसीएसई पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है। सेंट जेवियर्स स्कूल, डोरंडा के प्राचार्य फादर इग्नाटियस लाकड़ा एसजे ने बधाई देते हुए कहा, संतोष कुमार एक योग्य शिक्षक, प्रख्यात लेखक, क्विज मास्टर और एक अद्भुत व्यक्ति हैं। पूरा विद्यालय समुदाय श्री संतोष को बधाई देना चाहता है। हमें श्री संतोष को अपने साथ पाकर गर्व है और हम उनके भविष्य के सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।



### सबसे लंबे कंप्यूटर प्रोग्रामिंग पाठ के लिए मिला सम्मान

### जीडब्ल्यूआर की टीम ने दी मंजूरी

# सेंट जेवियर्स महाविद्यालय रांची में मतदाता पंजीकरण कैंप का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के आलोक में तथा यूजीसी के निर्देशानुसार संत जेवियर्स महाविद्यालय (ऑटोनॉमस), रांची के इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में बुधवार को मतदाता पंजीकरण कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप 3 मार्च तक चलेगा। इस कैंप में योग्य नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने और पंजीकृत मतदाताओं के मतदाता सूची में त्रुटियों को संशोधित करने का कार्य किया जा रहा है। बुधवार को 50 लोगों ने अपना नाम वोटर लिस्ट में शामिल करने के लिए आवेदन जमा किये। आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा, उपप्राचार्य डॉ फादर राबर्ट प्रदीप कुजूर, उपप्राचार्य डॉ फादर अरुण मिंज, संध्याकालीन प्रभारी प्रो ज्योति टेटे, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ अनिरबान गुप्ता, इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब के प्रेसीडेंट प्रो बीके सिन्हा एवं नोडल अफसर डॉ आशुतोष पांडेय का प्रमुख योगदान रहा। महाविद्यालय के कैंपस एंबेसडर अजय कुमार एवं प्रकृति कृष्णन लकड़ा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सुरज मंडल एवं अन्य के सम्मिलित प्रयास से इस कार्य को संचालित किया जा रहा है। ज्ञात हो महाविद्यालय की इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब द्वारा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं नागरिक को उनके कर्त्तव्यों के प्रति जागरूक करने का कार्य नियमित रूप से किया जाता है। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा समाज सेवा का कार्य यथा स्वच्छता कार्यक्रम, गरीब एंव अक्षमों की सेवा जैसे कार्य को नियमित रूप से किये जाते हैं।




## झारखंड प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन ने निगम आयुक्त को सौंपा 11 सूत्री मांग पत्र



**रांची।** झारखंड प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन के बैनर तले बुधवार को रांची नगर निगम आयुक्त को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। निगम आयुक्त को मांग पत्र सौंपने वालों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव सह झारखंड प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन के महासचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, डॉ जितेंद्र गुप्ता, किरण कुमारी एवं नीरज कुमार सिंह शामिल थे। नेताओं ने कहा, बस की एजेंसी द्वारा नगर निगम के साथ किए गए एग्रीमेंट का उल्लंघन किया जा रहा है। बस के संचालकों को आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे बस कर्मचारी परेशान हैं।

**निगम आयुक्त को निम्नलिखित मांग पत्र दिया गया है –**

1. जून 2010 से आज तक कार्यरत सभी कर्मचारियों को झारखंड सरकार एंव नगर निगम अपना कर्मचारी घोषित करें।
2. निर्धारित रूट एवं सरकार द्वारा प्रदत्त रूट चार्ट के अनुसार सभी बसों का परिचालन किया जाए।

# एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने बच्चों में बांटी खाद्य सामग्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब, कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने पौष्टिक भोजन के महत्व पर सीएसआर पहल के रूप में आदिम जाति सेवा मंडल, रांची के वंचित आदिवासी और विशेष रूप से विकलांग बच्चों के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थों का वितरण किया। यह पहल स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती रेखा जैन के मार्गदर्शन में की गई। इस अवसर पर श्रीमती जैन ने कहा कि अच्छा पोषण बच्चे के जीवित रहने और विकास का आधार है। कुपोषण के कारण बच्चों में विटामिन और अन्य आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। अच्छी तरह से पोषित बच्चे अपने समुदायों में सीखने, खेलने और भाग लेने में बेहतर होते हैं। उन्होंने अनाथालय केंद्र के समन्वयक से बातचीत की और जरूरतमंद बच्चों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम में उपाध्यक्षों, श्रीमती शिखा रस्तोगी, श्रीमती पूर्णिमा श्रीखंडे, महासचिव, श्रीमती मनसा वर्मा, संयुक्त सचिव दीपा कुमारी, कोषाध्यक्ष स्निग्धा रानी मांझी और सांस्कृतिक सचिव श्रीमती टी परमेश्वरी भी उपस्थित थीं।

## 'एमपावरिंग एचआर फॉर एंब्रेसिंग न्यू टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' है विषय

# आईएसटीडी का दो दिवसीय पूर्वी क्षेत्र सम्मेलन 19- 20 अप्रैल को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) का दो दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन 19 और 20 अप्रैल, 2024 को सीसीएल, दरभंगा हाउस, रांची के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित किया जाएगा। आईआईएम, रांची इस पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन का नॉलेज पार्टनर है। सम्मेलन का विषय 'एमपावरिंग एचआर फॉर एंब्रेसिंग न्यू टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' है। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड न्यू विस्तास ऑफ टेक्नोलॉजी इन ह्यूमन रिसोर्सेज' (मानव संसाधनों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी के नए दृष्टिकोण) होगा। यह मानव संसाधन पेशे में एक नया विषय है, जो विशेष रूप से प्रतिभागी दर्शकों को मानव संसाधन क्षेत्र में नए बदलावों के बारे में बताएगा। राजधानी रांची में प्रतिष्ठित इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आइएसटीडी) के पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन के आयोजन के लिए एक बैठक 20 फरवरी को सीसीएल, दरभंगा हाउस, रांची के सम्मेलन कक्ष में हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। ज्ञात हो कि हर्ष नाथ मिश्र आइएसटीडी, रांची चैप्टर के संरक्षक और आयोजन समिति के अध्यक्ष भी हैं। अरुण कुमार शुक्ला, पूर्व-सीएमडी, एचसीएल और इस सम्मेलन की संचालन समिति के प्रमुख, और डॉ कामाक्षी रमन कार्यकारी निदेशक, आइआइसीएम और सह-अध्यक्ष सम्मेलन आयोजन समिति भी बैठक में उपस्थित थे। इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट, रांची चैप्टर का यह मेगा इवेंट राजधानी शहर में होगा, जो मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में शैक्षणिक अनुभव और ज्ञान साझाकरण को समृद्ध करेगा। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के और मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में बड़े ख्याति प्राप्त कुछ प्रमुख वक्ताओं के भाग लेने की उम्मीद है।



आइएसटीडी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य और पूर्व जीएम, आइआइसीएम एनके ओझा, जो मुख्य रूप से आइएसटीडी रांची चैप्टर के सहायक और मार्गदर्शक हैं, ने 19 और 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले सम्मेलन का विस्तृत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उन्हें आइएसटीडी के एक अन्य राष्ट्रीय परिषद सदस्य श्री रमन बल्लभ द्वारा सहायता प्रदान की गई।

बैठक में जीडी गुलाब (पूर्व निदेशक (कार्मिक), महानदी कोल फील्ड्स लिमिटेड), डॉ प्रभास चंद्र मिश्रा (पूर्व कार्यकारी प्रमुख, आइआइसीएम) एसके सेनापति, उप महाप्रबंधक, एनटीपीसी, सुश्री रश्मी दयाल, पूर्व-जीएम (कार्मिक), सीसीएल, डॉ हरि हरण (पूर्व-जीएम, एमटीआई, सेल), एसके ठाकुर, जीएम-सीसीएल, डॉ अमर तिग्गा, डीन एक्सआइएसएस, रांची, शिवाजी कुमार, सचिव, आइएसटीडी, मिथिलेश उपाध्याय, प्रिंसिपल आइटीआई, उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ इंडिया ने किया मातृभाषा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल ने बुधवार को बिरसा मुंडा सभागार में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में वर्ष 2024 का थीम 'बहुभाषी शिक्षा - अंतर पीढ़ीगत शिक्षा का एक स्तंभ है' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर निर्मल दुबे, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व क्षेत्र), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम मौलिक रूप से अपनी मातृभाषा में ही सोचते हैं और विचार करते हैं, इसलिए अपने घर, समाज और कार्यालय में बेहिचक अपनी मातृभाषा का प्रयोग करना चाहिए।

### बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले.....

# कांग्रेस नेतृत्व से मनौव्वल का कड़वा घूंट ले घर लौटे नाराज विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बड़ी-बड़ी योजना बना चंपाई मंत्रिमंडल में मंत्री बनाए गए चारों कांग्रेसियों को हटवाने व उनकी शिकायत ले आलाकमान से दुखड़ा रोने पहुंचे कांग्रेस के नाराज विधायक 'मना लिए जाने' के बाद बुधवार को राजधानी वापस लौट आए हैं। वास्तव में इन कथित रूप से 'नाराज विधायकों' को सभ्य संकेत तो शपथ ग्रहण समारोह के दिन 16 फरवरी को ही आलाकमान की ओर से दे दिया गया था। इसके बाद ये सभी शपथ ग्रहण में तो शामिल हुए लेकिन मंत्रियों को बदलने की अपनी जिद पर अड़े रहे। दबाव बढ़ाने के लिए दिल्ली कूच भी कर गए। बात नहीं माने जाने पर बजट सत्र के बहिष्कार तक की बात कह दी। बजट सत्र तक झारखंड नहीं लौट दूसरे राज्य में रहने तक की बात कह दी। बड़ी-बड़ी बात कह नाराज विधायक जब दिल्ली पहुंचे तो किसी ने इनके आगे घास तक नहीं डाला। यहां तक प्रदेश नेतृत्व ने भी एक दूरी बनाए रखा। नेतृत्व ने इन्हें न हर्ट करने न ही भाव देने की रणनीति अपनाई। चार दिन के इंतजार के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने नाराज विधायकों को मुलाकात का समय दिया। उनके चेहरे पर तो हंसी थी लेकिन उन्होंने साफ कर दिया कि कोई मंत्री बदला नहीं जाएगा आप वापस जाएं और सरकार से सहयोग करें। हां सात्वना पुरस्कार के रूप में यह जरूर कहा गया कि आपकी शिकायत पर ध्यान दिया जाएगा। आलाकमान के सख्त रूख को भांपने में किसी 'नाराज विधायकों' ने देरी नहीं की। कहां इरादा जयपुर जाने का था अंततः लौट के ... घर को आए। मांग न माने जाने पर उन्होंने 23 फरवरी से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र के बहिष्कार की धमकी देने वालों को बता दिया गया फिलहाल चारों मंत्री बने रहेंगे। उन्हें हटाने से मौजूदा सियासी परिस्थितियों में गलत संदेश जाएगा। मंगलवार रात और बुधवार को दिन में पार्टी के संगठन महासचिव केसी. वेणुगोपाल से वन-टू-वन बातचीत के बाद अब विधायकों को अपनी ताकत समझ में आ गई। विधायकों से कहा गया कि इस तरह से गोलबंद होकर मंत्रियों को हटाने की उनकी मांग एकबारगी नहीं मानी जा सकती। इससे सरकार की साख पर सीधा असर पड़ेगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कांग्रेस कोटे के चारों मंत्री सभी विधायकों और कार्यकताओं के सुझावों-शिकायतों पर तत्काल गौर करें। अगर इसमें कहीं कोताही हुई तो उन्हें रिप्लेस कर दिया जाएगा। केसी. वेणुगोपाल के पहले पार्टी नेतृत्व ने मध्यप्रदेश कांग्रेस विधायक दल के नेता उमंग सिंघार को नाराज विधायकों को समझाने का टास्क सौंपा था। उन्होंने विधायकों से दो से तीन बार बातचीत की थी और कहा था कि उनकी भावनाओं से पार्टी नेतृत्व अवगत है। सही समय पर ठोस निर्णय लिया जाएगा। विधायकों की राज्य के बोर्ड-निगमों में जल्द नियुक्ति होगी और इसमें उनकी सिफारिशों पर गौर किया जाएगा। पार्टी नेतृत्व ने विधायकों को राज्य में गठबंधन की सरकार की मजबूती के लिए काम करने और लोकसभा चुनाव की तैयारी पर फोकस करने को कहा है।





### सत्ताधारी गठबंधन के विधायकों को अपनी सरकार के कैबिनेट पर भरोसा नही : रमाकांत महतो

**रांची।** विगत पांच दिनों से झारखंड छोड़ दिल्ली में डेरा जमाए कांग्रेसी विधायकों पर तंज कसते हुये भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन के विधायकों को अपनी सरकार के कैबिनेट पर ही भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि ये सभी विधायक अपनी निजी फायदे के लिए सरकार की शिकायत करने दिल्ली में डेरा जमाए बैठे थे। कहा कि राज्य की युवा, महिला, आदिवासी- मूलवासियों की समस्याएं को लेकर ये विधायक कभी दिल्ली नहीं गए। कहा कि स्वार्थ की राजनीति कांग्रेसियों के डीएनए में है। क्षेत्र की जनता को छोड़कर चुने हुए प्रतिनिधि आखिर दिल्ली किसकी सेवा में में रत थे। विधायकों को न तो प्रदेश नेतृत्व भाव दे रहा और न ही केंद्रीय। फिर भी विलाप जारी है। मगर कोई इनका सुननेवाला नहीं। महतो ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र खत्म हो गया है। एक ओर जहां कांग्रेस के 12 विधायक सोरेन सरकार के मंत्रियों के प्रदर्शन पर नाराजगी जाहिर करते हैं वही दूसरी ओर आलाकमान द्वारा भाव नहीं दिए पर राज्य विकास का घड़ियाली आंसू बहाते हैं।
महतो ने कहा है कांग्रेस पार्टी की प्रकृति रही है कि जहां उनकी साझेदारी की सरकार रहती है वहां वे बारगेनिंग करते ही हैं। अब कांग्रेसी विधायक अपनों पर भी बार्गेनिंग करने को आमादा हैं। इन्हें न झारखंड से प्यार है और न ही यहां की जनता से। इन्हें तो अपने पेट भरने से मतलब है।

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कारावास की सजा

**रांची।** पॉस्को के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी मांडर निवासी आफताब अंसारी को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस घटना को लेकर पीड़ित के परिजनों ने अप्रैल, 2022 में मांडर थाना में अपहरण का मामला दर्ज कराया था। हालांकि, बाद में अदालत में पीड़ित ने दुष्कर्म की बात बताई थी।

### पुलिस ने भू-माफिया आनंद महतो को किया गिरफ्तार

**रांची।** पुलिस ने भू-माफिया आनंद महतो को बुधवार को गिरफ्तार किया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सुखदेव नगर थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जमीन माफिया आनंद महतो को कचहरी के पास से गिरफ्तार किया है। आनंद महतो मूल रूप से पुंदाग इलाके का रहने वाला है। इसके ऊपर एक करोड़ से अधिक की रंगदारी मांगने का आरोप है। गिरफ्तार जमीन माफिया से सुखदेव नगर थाने की पुलिस फिलहाल पूछताछ कर रही है।

### प्रशांत कुमार को झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** नीरज सिन्हा के इस्तीफा के कुछ घंटे बाद राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार को अपने कार्यों के साथ झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग रांची के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। प्रशांत कुमार वित्त विभाग के सचिव के भी अतिरिक्त प्रभार में पदस्थापित हैं। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### नक्सली बिनोद गंझू की जमानत पर सुनवाई 28 को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में टेरर फंडिंग केस के आरोपित और प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के कमांडर बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिनोद गंझू की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस मामले में अब अदालत 28 फरवरी को सुनवाई करेगा। इस दौरान कोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से बचाव में दलील दी गयी। इसके बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की बेंच ने इससे संबंधित आदेश कोर्ट में दाखिल करने का निर्देश दिया। चतरा जिले के टंडवा थाना में वर्ष 2017 में बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिनोद गंझू के खिलाफ कांड संख्या सात दर्ज की गयी थी, जिसे एनआईए ने टेकओवर कर जांच की है।

# हेमंत सरकार ने छीना छात्रों-युवाओं का हक

## राइट टू एजुकेशन के तहत गरीब छात्रों को निजी स्कूलों में नहीं मिल रहा दाखिला

### गठबंधन सरकार ने शिक्षा विभाग के लिए कोई मंत्री तक नियुक्त नहीं किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था की गड़बड़ियों और छात्रों-युवाओं की समस्याओं को लेकर गठबंधन सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने पूर्व की हेमंत सोरेन सरकार पर झारखंड के युवाओं का हक छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक से लेकर राइट टू एजुकेशन के तहत गरीब छात्रों को स्कूलों में दाखिला न मिल पाने के लिए सीधे सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। मरांडी ने लिखा, जेएमएम-कांग्रेस-राजद ठगबंधन की भ्रष्ट सरकार ने 60-40 नियोजन नीति लागू कर स्थानीय युवाओं के रोजगार का हक छीना। बेरोजगारी भत्ता और घर के एक सदस्य को नौकरी देने के नाम पर युवाओं का शोषण करने वाली इस निकम्मी सरकार को राज्य की युवा शक्ति मुंहतोड़ जवाब देगी।



मरांडी ने आरोप लगाया है कि झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। यह कमीशन न तो सही से परीक्षा करा पा रहा है, न ही परीक्षा के परिणाम जारी कर पा रहा है। इसके कारण युवाओं को मानसिक यातनाओं से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हैरानी है कि सब कुछ देखते हुए भी राज्य सरकार जेएसएससी की भ्रष्ट कार्यशैली को संरक्षण दे रही है। मरांडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है, झारखंड सरकार शिक्षा के प्रति इतनी संवेदनहीन है कि शिक्षा विभाग के लिए कोई मंत्री तक नियुक्त नहीं किया गया है, जिसका दुष्परिणाम झारखंड के गरीब छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। शिक्षा विभाग के ढुलमुल रवैये का फायदा उठाकर निजी विद्यालय जमकर नियमों की अवहेलना कर रहे हैं और बीपीएल छात्रों के लिए सुरक्षित सीटों पर भी नामांकन लेने से मना कर रहे हैं।

# भीखन गंझू पकड़ मजबूत करने के लिए खरीद रहा था विदेशी हथियार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में खुलासा हुआ है कि टीपीसी उग्रवादी भीखन गंझू झारखंड में पकड़ और हिंसा फैलाने के लिए विदेशी हथियार और गोला बारूद खरीद रहा था। नागालैंड आर्म्स डील केस में मामले में एनआईए ने केस संख्या आरसी-05/2019 दर्ज किया था। इस मामले में एनआईए ने नौ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में चतरा जिले का रहने वाला भीखन भी शामिल है। एनआईए ने इस मामले को लेकर आरोपित भीखन गंझू पर चार्जशीट दाखिल किया है। एनआईए की जांच से पता चला है कि भीखन गंझू टीपीसी का जोनल कमांडर है। वह कोयला ट्रांसपोर्टरों और ठेकेदारों को धमकी देकर लेवी वसूलने का काम करता है। जांच से पता चला कि भीखन गंझू झारखंड में टीपीसी की पकड़ मजबूत करने, आतंक और हिंसा फैलाने के लिए हथियार और गोला-बारूद खरीद रहा था। भीखन गंझू ने हथियारों की खरीद के लिए आरा के शाहपुर के रहने वाले संतोष कुमार से मध्यस्थता की थी। हथियारों की डील के बाद पटना के चंद्रविजय प्रताप उर्फ सुशील को पैसों का भुगतान किया गया था। एनआईए की पूर्व की चार्जशीट में जिक्र है कि हथियारों का जखीरा बांग्लादेश और म्यांमार के रास्ते बिहार और झारखंड के टीपीसी उग्रवादियों तक पहुंचाया गया था। नागालैंड के एन सांगथम को एनआईए हथियार तस्करी गिरोह का मास्टरमाइंड मानती है। रांची के दो बैंकों में खाता खोलकर भी हवाला के जरिए पैसों का भुगतान किया जाता था। सात फरवरी 2019 को बिहार के पूर्णिया में पुलिस ने एसयूवी गाड़ी जब्त की थी। साथ ही पुलिस ने सूरज प्रसाद, वीरेंगनॉव कहोरनगम, क्लेरशन काबो को गिरफ्तार किया था। जांच में पुलिस को दो ग्रेनेड लॉचर, एक एके 47 रायफल, 5.56 एमएम की 1800 राउंड गोली मिली थी।

# बदलेगा मौसम का मिजाज, तीन डिग्री तक गिरेगा तापमान

## मौसम विभाग ने जारी किया वर्षा और वज्रपात का अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने झारखंड के कई हिस्सों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने कहा है कि 21 और 22 फरवरी को झारखंड के उत्तरी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। साथ ही वज्रपात भी होने की संभावना है. इसके अगले दिन 22 फरवरी को उत्तरी, मध्य तथा दक्षिण-पूर्वी हिस्से में कुछ जगहों पर गरज के साथ बारिश होगी और वज्रपात भी हो सकता है।

**18 जिलों में बारिश-वज्रपात का अलर्ट :** मौसम विभाग ने बुधवार (21 फरवरी) को झारखंड के लिए मौसम की चेतावनी जारी की है, जिसमें कहा है कि बुधवार को 6 जिलों को छोड़कर पूरे झारखंड में बारिश एवं वज्रपात के आसार हैं। राजधानी रांची, उससे सटे लोहरदगा, रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, लातेहार, पलामू, गढ़वा, साहिबगंज, गोड्डा और पाकुड़ शामिल हैं।



**इन जिलों के लिए जारी हुई ही मौसम की चेतावनी :** गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, रांची, रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका,

**पाकुड़, साहिबगंज, गोड्डाः** मौसम विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। लेकिन, इसके बाद अगले दो दिन तक धीरे-धीरे न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेंटीग्रड तक गिरावट आ सकती है। झारखंड के दक्षिणी तथा उत्तर-पूर्वी भागों में 23 फरवरी को बारिश हो सकती है, तो 24 एवं 25 फरवरी को दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

**दक्षिणी-पूर्वी हवा और साइक्लोन की वजह से बदलेगा मौसम :** बता दें कि मध्यप्रदेश से तमिलनाडु से लेकर विदर्भ, तेलंगाना और रायलसीमा तक समुद्रतल पर दक्षिण-पूर्वी हवा चल रही है। वहीं, पंजाब एवं उससे सटे इलाकों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और उसके निकटवर्ती इलाकों में समुद्र तल पर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन का क्षेत्र बना हुआ है. इसके असर से मौसम में बदलाव आने के संकेत हैं।

## टैक्स जमा नहीं करने पर पहले घर पर नोटिस चिपकेगा, फिर बैंक एकाउंट फ्रीज किया जाएगा

# होल्डिंग टैक्स नहीं चुकाने वालों को 31 मार्च तक का समय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नगर निगम के नये अपर प्रशासक कमलाकांत गुप्ता के पदभार लेते ही होल्डिंग टैक्स नहीं चुकाने वाले घर मालिकों को तनाव होने लगा है। आदेश जारी हुआ है कि रांची नगर निगम के 53 वार्डों के वैसे भवन मालिक जिन्होंने होल्डिंग टैक्स जमा नहीं कराये हैं, उनको 31 मार्च के अंदर अपना बकाया भुगतान कर देना है। पहले फेज में 50 भवन मालिकों नोटिस भेजा जा रहा है। निर्धारित समय पर टैक्स नहीं देनेवाले भवन मालिकों के घर पर नोटिस चिपकाया जायेगा। होल्डिंग टैक्स जमा नहीं कराने की स्थिति घर मालिकों के बैंक एकाउंट फ्रीज कर दिया जाएगा। बावजूद इसके, बकाया जमा नहीं करने पर भवन सील करने की कार्रवाई की जायेगी। कहा गया है कि जिनका होल्डिंग टैक्स बकाया है, वे टैक्स कलेक्टर को घर बुलाकर टैक्स जमा कर सकते हैं।
सरकारी कार्यालयों पर 20 करोड़ बकाया है। इनको भी नोटिस भेजा जा रहा है। निजी संस्थानों, स्कूलो, कॉलेज और बिल्डरों के नाम भी काफी बकाया है। इन्हें भी नोटिस भेजा जा रहा है। डीएवी पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर धुर्वा, केएन नारसरिया प्रा.लि., छोटानागपुर पब्लिक स्कूक, प्रणामी बिल्डर, सेवंथ डे मिशन हॉस्पिटल, अग्रवाल सभा, बीआइटी मेसरा, चैलेस रियल इस्टेट एलएलपी, वाइएमसीए आदि के ऊपर तीन से सात लाख का बकाया है।




**ऑनलाइन टैक्ट भुगतान करने पर 5 प्रतिशत तक की टैक्स में छूट दी जाएगी। बकायेदार नगर निगम रांची और डोरंडा अंचल कायार्लाय के जन सुविधा केंद्रों पर भी आकर टैक्स जमा किया जा सकता है।**
**- अमित कुमार, प्रशासक, रांची नगर निगम।**

# चंढ़ीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर आये सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने खुशी जाहिर करते हुए भाजपा पर जम कर हमला किया है। जेएमएम केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आया है। घूसखोर और बैलेट चोर यह नया नामांकरण भाजपा का सुप्रीम कोर्ट ने किया है। चंडीगढ़ का चुनाव साधारण चुनाव नहीं था। गठबंधन के खिलाफ पहला चुनाव था, एक छोटा से चुनाव में नरेंद्र मोदी की इंट्री हुई। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।



भट्टाचार्य ने इलेक्ट्रोल बांड पर इलेक्शन कमीशन और ईडी की नियत पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि इन्हें यह बताना चाहिए कि काले धन के जरिए भाजपा के खाते में आए 6500 करोड़ रुपए पर इलेक्शन कमीशन और ईडी ने क्या कदम उठाए। यह देश की जनता जानना चाहती है। यह देश के सामने भी स्पष्ट हो गया, ये दोनों एजेसियां कैसे और किसके इशारे पर काम रही है। इलेक्शन कमीशन ने प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव के पूर्व चुनाव रिजल्ट का दावा करने वाले बयान पर क्या एक्शन लिया।

## न्यूज बॉक्स

### सांसद गीता कोड़ा ने सीजेएम कोर्ट में लगाई हाजिरी

**रांची।** आयकर रिटर्न नहीं भरने से जुड़े एक मामले में आरोपित पश्चिम सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा ने सीजेएम सह आर्थिक अपराध के विशेष न्यायाधीश केके मिश्रा की अदालत में बुधवार को हाजिरी लगाई। कोर्ट ने अगली सुनवाई में अभियोजन पक्ष को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है। बीते दिनों गीता कोड़ा ने इस मामले में सरेंडर किया था, जिसके बाद सीजेएम कोर्ट ने 10 हजार के दो निजी मुचलके पर उन्हें जमानत प्रदान की थी दी। इससे पहले इस मामले में 19 जनवरी को कॉमर्शियल कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमसी झा की कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत प्रदान की थी। गीता कोड़ा की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने पक्ष रखा। आयकर विभाग की ओर से आर्थिक अपराध के तहत गीता कोड़ा के खिलाफ 2009-10 में आयकर रिटर्न नहीं भरने को लेकर और उसका सही जानकारी नहीं देने के आरोप में चार जनवरी 2012 में अदालत में केस दर्ज किया गया है। इसी मामले में गीता कोड़ा ने 20 दिसंबर को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग की ओर से केस दर्ज होने के बाद गीता कोड़ा ने झारखंड हाई कोर्ट गई थी, जहां लगभग पांच साल तक स्टे रहने के कारण सुनवाई प्रभावित रही। स्टे खत्म होने के बाद गिरफ्तारी को देखते हुए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी।



### सभी शहरी निकायों के प्रशासकों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की बैठक 23 को

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में 23 फरवरी को मुख्यालय स्तर पर सभी शहरी निकायों के प्रशासकों के साथ बैठक आहूत की गई है। बैठक में राज्य अंतर्गत सभी कोटि के शहरी निकायों के प्रशासकों को बुलाया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देश पर आहूत इस बैठक में शहरी क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा के साथ-साथ शहरों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर न केवल सभी शहरी निकायों के पदाधिकारियों से सुझाव लेकर रणनीति बनाई जाएगी, बल्कि इस संबंध में निर्वाचन आयोग के संबंधित दिशा निदेर्शों से भी सभी को अवगत कराया जाएगा। बैठक में निकायों के प्रशासकों के साथ-साथ राज्य शहरी विकास अभिकरण तथा नगरीय प्रशासन निदेशालय के निदेशक भी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रायः हर बार के आम चुनावों में शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा कम रहता है। मतदान प्रतिशत के इस अंतराल को न्यूनतम करने की प्रभावी कवायद शुरू करने को लेकर ही उक्त बैठक बुलाई गई है।

### झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने और राज्य में बदले राजनीतिक हालात के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक 22 फरवरी को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर होगी। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुरुवार को बताया कि यह बैठक कई मायने में अहम होगी। हमलोग जल्द से जल्द अपने नेता हेमंत सोरेन को अपने बीच देखना चाहते हैं। पार्टी जो कार्यक्रम-आंदोलन अभी चल रहा है, वह जारी रहेगा। इसमें आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके साथ ही गठबंधन को लेकर दिल्ली में हुई चर्चा, लोकसभा चुनाव की तैयारी, सांगठनिक मजबूती, तैयारी, सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले बजट और कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक जाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन करेंगे।

झा. मु. मो.

### विधानसभा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री के विभागों के प्रश्नों का उत्तर देंगे छह कैबिनेट मंत्री

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से आहूत है। बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के विभागों के सवालों के उत्तर देने व विधायी कार्यों के लिए छह कैबिनेट मंत्रियों को प्राधिकृत किया है। इस संबंध में बुधवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। आलमगीर आलम- गृह, कारा सहित मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, कार्मिक, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, विधि विभाग। रामेश्वर उरांव- राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, आईटी विभाग। बादल पत्रलेख- खान एवं भूतत्व विभाग। मिथिलेश कुमार ठाकुर- उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, स्कूली शिक्षा विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग। सत्यानंद भोक्ता- नगर विकास एवं आवास विभाग। बन्ना गुप्ता- उर्जा विभाग।

### विस को समय पर जवाब उपलब्ध करायें पदाधिकारी : स्पीकर

**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने आगामी बजट सत्र को लेकर आला अधिकारियों के साथ बैठक की। स्पीकर ने अधिकारियों को बजट सत्र को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। स्पीकर ने अधिकारियों से कहा कि सदन की कार्यवाही का सदुपयोग होना चाहिए। विधायकों द्वारा जनहित के सवाल पूछे जाते हैं। विभागों से सवालों का जवाब समय पर मिले। स्पीकर ने लंबित प्रश्न, ध्यानाकर्षण, निवेदन, शून्य काल, सरकारी आश्वासन और अनागत प्रश्नों का जवाब उपलब्ध कराने से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। स्पीकर ने कहा कि शून्यकाल के कुल 1935 में से 1255 उत्तर अप्राप्त हैं। विधायक विशेष परिस्थिति में शून्यकाल के प्रश्न डालते हैं। कार्य दिवस में 25 शून्यकाल के प्रश्न स्वीकृत होते हैं। स्पीकर ने कहा कि प्रश्नों का उत्तर नहीं मिलने से एटीआर में इसका उल्लेख नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा इसलिए आहूत होती है कि लोगों की समस्या का निराकरण हो सके। स्पीकर ने कहा कि इस बजट सत्र में विधेयक के लिए दो मार्च का कार्यदिवस निर्धारित है। निर्धारित समय से तीन दिन पूर्व जिन विधेयकों को सभा पटल पर रखा जाना है, अथवा किसी प्रकार का विधेयक में संशोधन होना है, तो उसकी प्रतियां विधानसभा को उपलब्ध करायी जाये। स्पीकर ने अधिकारियों को विधानसभा की सुरक्षा और पुलिस बल को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सत्र के दौरान चिकित्सा व्यवस्था की भी जानकारी ली. बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, सचिव सुनील कुमार, मुकेश कुमार, प्रशांत कुमार, रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो सहित कई अधिकारी शामिल हुए।

### इंटर और मैट्रिक का प्रश्न पत्र लीक होना निंदनीयः आजसू

रांची : छात्र आजसू के रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा कराई जा रही इंटर और मैट्रिक के परीक्षा का प्रश्न पत्र वायरल होना राज्य के लिए शर्म एवं निंदा का विषय है राज्य सरकार द्वारा इस पर अभिलंब नकेल कसा जाना चाहिए। 2023 पेपर लीक कानून के तहत इस मामले में राज्य सरकार ।कार्रवाई करे। अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा कि अभी जेएसएससी सीजीएल पेपर लिख का मामला शांत भी नहीं हुआ है ऐसे में जैक द्वारा इंटरमीडिएट और मैट्रिक की परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होना दुर्भाग्यपूर्ण है एवं वर्तमान सरकार के मुंह पर तमाचा। राज्य सरकार इस मामले को संज्ञान में लेते हुए इस प्रश्न पत्र लीक मामले मामले में जितने भी पदाधिकारी संलिपित हैं, उन पर राज्य सरकार द्वारा बनाए गए 2023 पेपर लीक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। जैक अध्यक्ष और सचिव को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। इस पर जैक के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने कहा कि अफवाह फिजिक्स और केमेस्ट्री के कठिन प्रश्न पत्रों को लेकर अक्सर उड़ाई जाती है यदि प्रश्न पत्र लीक हुआ है तो इसका सबूत देना चाहिए और पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से लिखित शिकायत करनी चाहिए।

## एक नजर

### पॉस्को एक्ट में आरोपी को भेजा गया जेल

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना पुलिस ने पॉस्को एक्ट के तहत दर्ज प्राथमिकी के आरोपी विजय राम को गिरफ्तार किया। मंगलवार को पुलिस ने पूछताछ करने के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को जेल भेज दिया। मालूम हो कि पीड़िता के पिता ने रामगढ़ थाना में नायक टोला, बोंगावार, भरेचनगर निवासी विजय राम पर नशीला पदार्थ खिलाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इधर, आरोपी विकास राम की पत्नी ने भी आवेदन देकर उसके पति को पैसे के लेन देन को लेकर साजिश के तहत केस में फंसाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हाफिज की डिग्री लेने वाले का लोगों ने किया जारदार स्वागत



बरही। यूपी से हाफिज की डिग्री लेकर अपने गांव डुमरियाडीह (गरजामु) पहुंचने पर वकीम रजा पिता तसरुल अंसारी का गर्म जोरदार स्वगत किया गया. कार्यक्रम का आयोजन अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मो. कयूम अध्यक्षता में आयोजित की. गौरतलब है कि हाफिज की डिग्री लेने वाले इंसान को कुरान शरीफ के पूरे तीस पारे बिना देखे जुबानी याद रहती है जो कही भी इसे हाफिजे कुराआन इसे सुना सकता है. मो अंसारी ने बताया कि तकरीबन पांच वर्ष पूर्व यह अपने गांव से उत्तरप्रदेश हाफिज की पढ़ाई के लिए गया था. आज सफल होकर लौटा है, जो इस गांव के लिए गौरव की बात है. गांव वापस लौटने पर हाफिज तैयब, मो मंसूर आलम, हाजी हासिम, मो सुलेमान, लियाकत अंसारी, मो हनीफ गुलाम, अजहर, नईम अंसारी, आरिफ अंसारी सहित अंजुमन कमेटी डुमरियाडीह ने फूल माला देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

### अज्ञात वाहन के ठोकर से पतरातू का रेलवे फाटक टूटा, घंटों लगा रहा जाम

**रामगढ़ / पतरातू।** अज्ञात वाहन के ठोकर से मंगलवार को पतरातू का रेलवे फाटक टूट गया। इससे रेलवे विभाग को हजारों रुपए का नुकसान हुआ। जबकि इस घटना से पतरातू भुरकुंडा सड़क मार्ग घंटों जाम हो गया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर सैकड़ों वाहनों की आवाजाही रुक गई। बताया जाता है कि किसी अज्ञात वाहन के धक्का मारने से पतरातू स्थित रेलवे समपार का लोहे का फाटक टूट गया। सूचना मिलने पर आरपीएफ घटना स्थल पर पहुंच कर विधि व्यवस्था को कायम किया। इधर आरपीएफ के पहुंचने पर ट्रेनों के परिचालन में कोई कठिनाई नहीं हुई किंतु रोड जाम होने से पूरे कोयलांचल क्षेत्र में घंटो आवागमन ठप हो गया। इस घटना के बाद कुछ वहां जयनगर रोड होते हुए पतरातू ब्लॉक, पीवीयूएनएल और रांची की ओर कूच किया।

# महाप्रबंधक के आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
13 सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ और प्रबंधन के बीच वार्ता हुई। वार्ता में तय किया गया की हाई पावर कमेटी का फैसला एवं आरए माइनिंग से निकाले गए पांच मजदूरों को पुनः रखने के सवाल पर दस दिन का समय लिया गया है। साथ ही बेरोजगारों को रोजगार देने के संबंध में भी बैठक कर रूपरेखा बनाने की बात प्रबंधन द्वारा कही गई। वहीं क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में डिजिटल मशीन के लिए प्रपोजल बनाकर हेडक्वार्टर भेजने, एएमसी के तहत जिन क्वार्टर रिपेयरिंग हो रहा है उसकी जांच करने, मयूर स्टेडियम एवं भुरकुंडा थाना मैदान को फेंसिंग से घेरने एवं सुंदरीकारण करने, सौंदा बस्ती में सामुदायिक भवन बनाने, सयाल में तीन डीप बोरिंग लगाने, भुरकुंडा में पानी आपूर्ति के लिए अलग से एक पंप लगाने सहित सभी परियोजनाओं में पानी आपूर्ति के लिए डीप बोरिंग करने का आश्वासन प्रबंधन द्वारा दिया गया। प्रबंधन के सकारात्मक आश्वासन के बाद यूनियन ने 22 फरवरी को आहुत ट्रांसपोर्टिंग ठप आंदोलन स्थगित कर दिया। वार्ता में महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, स्टाफ ऑफिसर कार्मिक अजय कुमार, स्टाफ ऑफिसर सिविल आरके प्रधान, पीओ उरीमरी दिलीप कुमार, बिरसा एसओएम बीरेंद्र सिंह, एरिया मेडिकल ऑफिसर उपस्थित थे । जबकि यूनियन के ओर से महासचिव सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश सिन्हा, क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम, क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, गुरुदयाल ठाकुर, विश्वरंजन सिन्हा, व्यास पांडेय, शंकर प्रसाद, मो. जशीम, शिवनंदन दास, कमल सिंह, विक्रांत साहू, मनोज करमाली उपस्थित थे ।

आरोग्यम अस्पताल में जांच शिविर का आयोजन

# 100 से भी अधिक मरीजों ने लिया लाभ



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जिले का सबसे सर्वश्रेष्ठ आरोग्यम सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल लोगों को अपनी सुविधा परिपूर्ण उपलब्ध करा रहा है, इसी बीच आंखों की इलाज से जूझ रहे मरीजों के लिए आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद शिविर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में विभिन्न लगाया जा रहा है इसी शिविर के बीच बुधवार को आरोग्यम अस्पताल के आई केयर सेंटर में आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद शिविर आयोजित किया गया। शिविर सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2:00 बजे तक चला। यह शिविर निःशुल्क थी, इस बीच 100 से भी अधिक मरीज का इलाज किया गया जिसमें कई बुजुर्ग मरीज शामिल थे। आगे की इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड से सभी का इलाज किया जाएगा। रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ विवेक कुमार के द्वारा सभी का इलाज किया गया। डॉ विवेक कुमार पिछले कई दिनों से हजारीबाग जिलेवासियों की सेवा में तत्पर है।

# राधा गोविन्द विवि के प्लेसमेंट सेल में हुआ सफल विद्यार्थियों का चयन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राधा गोविंद विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के द्वारा इंजीनियरिंग विभाग के तीन प्रतिभाशाली छात्रों को झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड (जेआईपीएल) में प्रतिष्ठित रूंगटा समूह में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के रूप में चुना गया है। सफल छात्र मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से आकाश कुमार, उत्सव कुमार एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के अनमोल कुमार रहे, जो कि डिप्लोमा इंजीनियर ट्रेनी (डीईटी) के रूप में काम करेंगे इसके साथ ही रॉयल इंश्योरेंस के द्वारा किए गए अन्य प्लेसमेंट ड्राइव में 4 विधार्थियो का चयन हुआ जिसमे फामेर्सी के गणेश प्रसाद, हिंदी विभाग के नितेश प्रसाद,राजनीति विज्ञान विभाग की संगीता कुमारी तथा अर्थशास्त्र विभाग की दिव्यानी प्रसाद शामिल हैं इसकी जानकारी प्लेसमेंट सेल कॉर्डिनेटर जसप्रीत सलूजा ने दी। कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने कहा कि हमें चयनित छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धि पर बेहद गर्व है। उनकी सफलता राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कठोर शैक्षणिक माहौल का प्रमाण है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### हजारीबाग में ईवीएम वाहन से मतदाताओं को किया जागरूक

**हजारीबाग।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरुकता अभियान के पहले दिन बुधवार को प्रखंड के दूरस्थ मनातू, बकचोमा और गोपदा स्थित मतदान केंद्रों पर ईवीएम प्रदर्शनी वाहन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। पचड़ा, नवाखाप, बुकरु, भदईखाप, पेटो और सायल में 22 फरवरी को और चट्टी बरियातू, पगार, जोरदाग, तरहेसा, बालेदेवरी में 23 फरवरी को यह अभियान चलेगा। बेंगवरी, बसरिया, हेवई, पहरा, जमीरा, बेलतू में 26 फरवरी को और कंडाबेर, सिरमा, पतरा खुर्द, बारियातू, गरीखुर्द, देवरिया खुर्द में 27 फरवरी को जागरुकता कार्यक्रम चलेगा। गरीकला, कोदवे, पतराकला में 28 फरवरी को और बेला, कराली, केरेडारी, केमो, कौलैश्वर बागी में 29 फरवरी को लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा जोको, सलगा, कुठान, नीरी, बुंडू, किरीगडा में 01 मार्च को जबकि खपिया, बटुका, हेंदेगीर, लोहरसा, पताल और कोले मतदान केंद्र पर 02 मार्च को ईवीएम वीवीपीएटी प्रदर्शनी वाहन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।

# रोहित कुमार बने हजारीबाग सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, हजारीबाग के नव पदस्थापित डीपीआरओ रोहित कुमार (झासूसे) ने बुधवार को प्रभार ग्रहण किया। निवर्तमान डीपीआरओ पंचानन उरांव ने नए डीपीआरओ का स्वागत किया। उरांव ने प्रभार के आदान-प्रदान के उपरांत अपने कार्यकाल को कभी न भूलने वाला सुखद पल बताया। उन्होंने कार्यालय कर्मियों के निरंतर सहयोग की सराहना की तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। इससे पूर्व निवर्तमान एवं नव पदस्थापित डीपीआरओ उपायुक्त नैंसी सहाय से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की तथा प्रभार ग्रहण करने की औपचारिकताओं की जानकारी दी। साथ ही डीपीआरओ रोहित कुमार को प्रभार ग्रहण करने की बधाई भी दी। पदभार ग्रहण करने के पश्चात नवपदस्थापित डीपीआरओ रोहित कुमार ने अपने कार्यकाल कक्ष में जनसंपर्क के अपने अधिकारियों व कर्मियों से मिले व कार्यों की आगामी रूपरेखा पर चर्चा की।

# पंच दिवसीय यज्ञ के नगर भ्रमण में शामिल हुए हजारीबाग विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शहर के जयप्रभा नगर कॉलोनी में आयोजित माता संतोषी प्राण-प्रतिष्ठा पंच दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विशेष रूप से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल स्थानीय श्रद्धालुओं संग शामिल हुए और भक्तिभाव में लीन मुहल्ले वासियों के साथ नगर भ्रमण में साथ रहें। यहां यज्ञ समिति के लोगों ने विधायक मनीष जायसवाल का बड़ा ही आत्मिय स्वागत फूल माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत व सम्मान किया। नगर भ्रमण में नर-नारी के साथ बच्चे और मासूम भी आस्था में लीन दिखे । मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की यज्ञ जैसे सत्प्रयोजन समाज को जहां संगठित करता है वहीं धार्मिक और आध्यात्मिक मनोभाव का भी लोगों में सकारात्मक संचार होता है। मौके पर कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, अखौरी ब्रजेश सहाय, भाजयुमो नेता आशीष गुप्ता सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में नेशनल सेमिनार आयोजित

# छह मार्च तक प्रतिभागी करवा सकते हैं पंजीकरण : बीडी मोदी




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में आगामी 14 और 15 मार्च को राष्ट्रीय स्तर की सेमिनार आयोजित किया जा रहा है. उक्त जानकारी सेमिनार प्रबंधन समिति के सचिव प्रो बी डी मोदी ने दी. सेमिनार का विषय इमपैक्ट ऑन रीसेंट रिसर्च टेक्निक्स, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन ऑन एकेडमिक डेवलपमेंट होगा. जिसमे प्रतिभागियों को शोध और एजुकेशन से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेगी. उन्होंने बताया कि इस सेमिनार में विभिन्न स्थानों से हजारों की संख्या में प्रतिभागी शामिल होंगे. जिसका आयोजन रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय एवं इंटरनेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट बेंगलुरु के संयुक्त तत्वाधान में किया जायेगा. सेमिनार में शामिल होने के लिए पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा. पंजीकरण महाविद्यालय कार्यालय अवधि के दौरान करवाया जा सकता है. इसके लिए न्यूनतम पंजीयन शुल्क भी तय किए गए हैं. पंजीकरण करवाने की अंतिम तिथि 6 मार्च निर्धारित की गई है. कार्यक्रम के कन्वेनर प्राचार्य डॉ बिमल कुमार, सह कॉर्डिनेटर डॉ अरुणा रानी, डॉ एस के वर्णवाल, डॉ ए पी सिंह और डॉ अजय रंजन है. सेमिनार में कार्यक्रम के चेयरमैन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, सह चेयरमैन महाविद्यालय के सचिव परमेश्वर यादव आदि सहित कई अतिथि शामिल होंगे. या सेमिनार बरही के लिए उपलब्धि होगा.

छह दिवसीय पियर एजुकेटर प्रशिक्षण प्रारंभ

# मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए संतुलित आहार जरूरी : प्रकाश पंडित

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के पंचायत भवन गोरहर में 6 दिवसीय पियर एजुकेटर प्रशिक्षण का उद्घाटन मुखिया प्रेमिका कुमारी, पंसस लखन कुमार, प्रतिनिधि राम सहाय मांझी, उपमुखिया शीला कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि छोटन कुमार, केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद (जेबीकेएसएस), सहायक शिक्षक संतोष प्रसाद, शिक्षक सरजू महतो, शिक्षिका चंपा देवी की उपस्थिति में संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया गया। वहीं प्रशिक्षक के रुप में बीटीटी प्रकाश पंडित, नरोत्तम कुमार एवं सहिया साथी सुनीता देवी रहे। बीटीटी प्रकाश पंडित के द्वारा आरकेएसके कार्यक्रम के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कम उम्र में शादी



को रोकना, शिशु मृत्यु दर को कम करना, यौन संचारित रोग को रोकना, शादी के बाद बहुत जल्द गर्भवती न होना आदि प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्य हैं। उन्होंने पोषण से संबंधित संतुलित आहार, एनीमिया के बारे में, गैर संचारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य, नशे का दुरुपयोग, लिंग आधारित हिंसा, यौन प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में एवं वर्तमान में चल रहे पांच कार्यक्रम के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी। मुखिया ने सभी साथियों को

**मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य संतुलित बनाए रखने के लिए संतुलित आहार आवश्यक है**

संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य संतुलित बनाए रखने के लिए संतुलित आहार आवश्यक है। लोग नशा नहीं करें, सही पोषण से जीवन बेहतर होगा। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर रूप से प्रशिक्षण लेने की अपील की। प्रशिक्षण में कुल 40 प्रतिभागी शामिल हुए। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया दीदी अनीता देवी, सुनीता देवी, बबिता देवी, रेणु देवी ,मीना देवी, सबीना देवी समेत अन्य लोग उपस्थित हुए।

सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक संपन्न

# पंचायतों में चल रही अलग-अलग योजनाओं की ली जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
जिला समाहरणालय सभागार में बुधवार को सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी/ दिशा की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी, उपायुक्त चंदन कुमार, विधायक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित हुए। बैठक के दौरान सर्वप्रथम पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों पर चर्चा की गई। जिसके उपरांत सांसद के द्वारा मिशन अमृत सरोवर एवं वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जिले के अलग-अलग पंचायतों में बनाए गए खेल मैदानों की जानकारी ली गई। सांसद ने मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रामगढ़ से बीते वर्ष व वर्तमान वर्ष में किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए।

## न्यूज बॉक्स

### गोरहर स्थित जतवा बाबा पहाड़ के समीप वन रक्षा महोत्सव का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के गोरहर स्थित जतवा बाबा पहाड़ के समीप वन रक्षा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने एक पेड़ में रक्षा सूत्र बांधकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद,मुखिया प्रेमिका देवी, उपमुखिया शिला कुमारी, पंसस लखन कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि इंसान के जीवन में पर्यावरण का अहम भूमिका है। आक्सीजन के बगैर कोई भी इंसान,जीव जंतु जीवित नहीं रह सकता और यह आक्सीजन हमें पेड़ पौधे से प्राप्त होता है। इसलिए हम सभी को वन संरक्षण का संकल्प लेने की जरूरत है। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया बड़की देवी, मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल्ड, उपमुखीय प्रतिनिधि अरुण कुमार, वार्ड सदस्य कुंजलाल महतो, कार्तिक महतो,सुनीता देवी, वीणा कुमारी, सीताराम पासवान, प्रेमकुमार महतो, रामटहल मास्टर, अशोक पोस्टमास्टर, चेतलाल पासवान, राजदेश रतन, सहदेव महतो, डॉ गणेश, थानू महतो, बासुदेव महतो, पुनीत महतो, अनिल ठाकुर, रामसहाय मांझी, प्रमोद यादव, किशोर महतो, राजेश कुमार महतो, बबन सिंह देहाती, जुलेखा खातून, दसिया देवी, बसंती देवी, ढलिया देवी सहित आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### मुखिया के प्रयास से प्रवासी मजदूर का शव गुजरात से लाया गया



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत चेचकपी के ग्राम उपरैली डेबो निवासी अशोक सिंह की मृत्य गुजरात में हो गई। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने मुखिया रीता देवी को दी। वहीं मुखिया के अथक प्रयास से शव को लाया गया। मुखिया ने बताया कि मृतक अशोक सिंह, पिता डेगलाल सिंह गुजरात के मासोना में स्टील प्लांट में काम करता था। जहां अचानक तबीयत बिगड़ गई और मौत हो गई। जिसके बाद मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने स्टील प्लांट से संपर्क कर शव को घर तक भेजने पर सहमति जताई। साथ ही मुखिया प्रतिनिधि ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को आर्थिक सहयोग कर श्राद्ध कार्यक्रम में मदद की बात कही।विदित हो कि मृतक अशोक सिंह तीन बच्चे समेत पत्नी को छोड़कर चल बसे। इनके गुजर जाने से परिजनों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा।वहीं मुखिया ने हर संभव मदद का भरोसा दिया। साथ ही मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने कहा मुआवजा के लिए जो भी प्रशासनिक प्रक्रिया होगी वह किया जायेगा ताकि मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता मिल सके। मौके पर बरामदे सिंह, पुनीत सिंह, मोहन साव, कमल सिंह, शिवलाल सिंह, दिलीप सिंह, बभनी सिंह, काली सिंह, खुला सिंह, सरस्वती देवी, मंगरी देवी, वार्ड सदस्य शोहवा देवी, महेंद्र सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने मुखिया के प्रति आभार प्रकट किया तथा मृतक के परिजनों को उपस्थित लोगों ने ढाढस बंधाया।

### रामगढ़ कॉलेज खोरठा विभाग में मातृभाषा दिवस मनाया गया



**रामगढ़।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर बुधवार को रामगढ़ कॉलेज खोरठा विभाग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खोरठा विभाग के प्राध्यापक प्रो बीरबल महतो ने किया। उन्होंने कहा की इस क्षेत्र के लोगों की मातृभाषा खोरठा है। हम सबों को खोरठा भाषा को सुरक्षित रखने की जरूरत है। कहा की इसके लिए इसे पढ़ने लिखने से ज्यादा बोलने में प्रयोग करने की जरूरत है। कार्यक्रम को कई अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। जबकि पुष्पा कुमारी व निशा कुमारी ने खोरठा भाषा में स्वनिर्मित कविता और गीत पेश किया। कार्यक्रम के अतिथि उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ शाहनवाज खान, राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक मो साजित हुसैन, जितेंद्र कुमार राणा सहित छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### मध्य विद्यालय सक्रेज में स्कूली बच्चों के बीच पोशाक व किट का वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड के झुरझुरी पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सक्रेज में स्कूली बच्चों के बीच पोशाक और शैक्षणिक कीट का वितरण किया गया। वितरण समारोह में झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता, प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय यादव, सचिव कैलाश पासवान, भीम आर्मी अध्यक्ष प्रमोद रविदास द्वारा संयुक्त रूप से पहला और दूसरी कक्षा के 78 छात्र-छात्राओं को 2 सेट पोशाक, एक स्वेटर, जूता-मौजा और शैक्षणिक कीट का वितरण किया गया। साथ ही कक्षा तीन से आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूली छात्र-छात्राओं को एक-एक शैक्षणिक कीट का वितरण किया गया। इस शैक्षणिक कीट में एक इंस्ट्रूमेंट बॉक्स,पांच सेट कलम और पैंसिल-रबड़-कटर का वितरण किया गया है। मौके पर प्रबंधन समिति के सदस्य अनिल दास, एफएल के फील्ड कोऑर्डिनेटर विकास राजन, संजू देवी, सविता देवी, सोनिया देवी समेत आदि लोग मौजूद थे।

### चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में हुई चोरी

**रामगढ़।** रामगढ़ में प्रसिद्ध व्यवसायिक संगठन रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय से कई कीमती सामानों की चोरी किए जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। रामगढ़ पतरातू बस्ती रोड स्थित चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में अज्ञात चोर दरवाजा एवं खिड़की तोड़कर चेंबर भवन में घुस गए और वहां से एक एलईडी टीवी और इन्वर्टर में लगी बैट्री की चोरी कर ली। इस दौरान चोरों ने चैंबर भवन का अलमीरा, दराज आदि को भी तोड़ दिया। बताया जाता है कि चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा हुआ है।

## एक नजर

### संचारी रोग के मरीजों की ऑनलाइन एंट्री से संबंधित दिया प्रशिक्षण

**सिमडेगा।** सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में बुधवार को आईडीएसपी कार्यक्रम अंतर्गत आईएचआईपी पोर्टल में संचारी रोग से संबंधित निबंधन को लेकर चिकित्सा पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर प्रशिक्षण जिला एपिडेमियोलॉजी डॉक्टर अध्ययन शरण के द्वारा दी गई मौके पर सभी ओपीडी आईपीडी में आने वाले संचारी रोगों के मरीजों का ऑनलाइन एंट्री के बारे में जानकारी देते हुए इसे करने के लिए कहा तथा इस कार्यक्रम से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो ने बताया कि यदि हम बीमारियों का ऑनलाइन एंट्री समय से प्रतिदिन सभी हेल्थ सेंटर में करते हैं तो होने वाले आउटब्रेक के बारे में पूर्व अनुमान लगाया जा सकता है और त्वरित कार्रवाई करते हुए केस को बढ़ाने से रोक सकते हैं।

### सड़क हादसे में 69 वर्षीय वृद्ध महिला की हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचेडेगा माया टोली के पास अज्ञात ऑटो के धक्के से 69 वर्षीय लुदीना मिंज नामक महिला की मौत हो गई। बताया गया मृतका पाकिस्तान थाना क्षेत्र अंतर्गत नानेसेरा दीवान टोली गांव निवासी थी। पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि महिला कोचडेगा साप्ताहिक बाजार आई थी और वापस लौट रही थी ,इसी दौरान शाम में अज्ञात ऑटो के द्वारा पीछे से धक्का मारा और माथे में चोट लगने की वजह से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे अस्पताल लाने के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर बुधवार को कांग्रेसी नेता अजीत लकड़ा के द्वारा अस्पताल पहुंच कर मृतक के परिजनों का दंड बढ़ाया तथा उन्होंने पोस्टमार्टम करवाने में सहयोग किया।

### लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नौ मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला जज के प्रकोष्ठ में जिले के विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। अध्यक्षता प्रधान जिला जज सह प्राधिकार अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार तिवारी ने की। प्रधान जिला जज ने अधिकारियों से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में जरूरी पहल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर मामलों के निष्पादन से विभाग को राजस्व की वसूली करने में मदद होती है,तो दूसरी ओर कोर्ट से मुकदमों का बोझ कम होता है। उन्होंने बैंकों के अधिकारियों से अपने स्तर से भी पक्षकारों को सूचित करने, उनको अपने मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के जरिए कराने के प्रति जागरुक करने की भी अपील की। साथ ही विभिन्न बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने स्तर से पक्षकारों को नोटिस करें।

---

बाजार स्थानांतरण को लेकर व्यापारी संघ ने सीओ से की मुलाकात

# स्थानांतरण के आदेश को रद्द करने का किया आग्रह



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबीरा**
कोलेबिरा व्यापारी संघ के एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा बुधवार को अंचल कार्यालय में जाकर सीओ को बाजार स्थानांतरित करने के आदेश को रद्द करने का आग्रह किया गया। ज्ञापन में संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार ने सीओ आग्रह किया कि कोलेबिरा बाजार का इतिहास काफी पुराना है और 2 वर्ष पहले ही इसे कोलेबिरा मुख्यालय से काफी दूर बरवाडीह रोड में स्थानांतरित कर दिया गया है। अभी भी पुराने जगह पर कुछ छोटे-मोटे किसानों के द्वारा सिर्फ सब्जियों का बाजार लगाया जाता है। इससे कोलेबिरा के आम ग्रामीणों को काफी सहूलियत होती है और उन्हें सब्जी खरीदने दूर भी नहीं जाना पड़ता है। इसी स्थिति को देखते हुए इस बाजार को बदलकर डेली मार्केट करने का सुझाव अध्यक्ष के द्वारा दिया गया। प्रस्ताव सीओ को काफी पसंद आया और उन्होंने आश्वासन दिया की अभी फिलहाल किसी भी सब्जी विक्रेता का जबरदस्ती दुकान नहीं हटाया जाएगा और जो किसान स्वेच्छा से अपना सब्जियां नए बाजार में बेचना चाहते हैं वह यहां पर सब्जी बेच सकते हैं।

---

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर उपायुक्त व एसपी ने किया निरीक्षण

# जिला प्रशासन आगामी चुनाव निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जिला उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों के निमित बांसजोर एवं जलडेगा प्रखंड का दौरा किया।आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर बांसजोर प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र के मतदान केन्द्र राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बोंगेरा व राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रोबगा एवं जलडेगा प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र के मतदान केन्द्र राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लमडेगा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने चुनाव के दौरान मतदानकर्मियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने हेतु सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने ने बोंगेरा राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शौचालय का निरीक्षण किया जहां पानी की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु संबंधित पदाधिकारी को महत्वपूर्ण निर्देश दिया। साथ ही निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उपायुक्त ने बोंगेरा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों के लिए बन रहे मध्याह्न भोजन का भी जायजा लिया। उन्होंने ने रसोइयों को गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाकर बच्चों को देने की बात कहीं। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने रोबगा स्कूल पहुंच बच्चों को मुहैया कराई जाने वाली रागी लड्डू खाकर उनकी गुणवत्ता का जांच की। उपायुक्त महोदय ने रागी लड्डू खाने के पश्चात और अच्छे से बनाकर बच्चों को खिलाने की बात कहीं। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों की संवेदनशीलता व अति संवेदनशीलता सहित मतदाताओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक महत्वपूर्ण बिन्दुओं की जायजा लेते हुए थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

---

विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रखंड पार्षदों की हुई बैठक

# योजनाओं में गुणवत्ता का ख्याल रखने को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में बुधवार को सिमडेगा प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत के वार्ड पार्षदों की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित सदस्यों ने चर्चा करते हुए कहा कि सभी पंचायत में सभी सरकारी कार्यों में वार्ड पार्षद लोगों का सहभागिता हो जिससे की योजना में गुणवत्ता का ख्याल रखा जाए लेकिन पंचायत के मुखिया के द्वारा मेट के द्वारा कार्य कराया जाता है और वार्ड सदस्यों का किसी प्रकार का महत्व नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में होने वाले योजनाओं में गुणवत्ता का ख्याल रखने के लिए पंचायत के मुखिया के द्वारा वार्ड पार्षदों के साथ संबंध में स्थापित करते हुए कार्य हो इसके लिए सभी लोग लगातार प्रयास हैं लेकिन इसके बावजूद इस पर किसी प्रकार का ठोस निर्णय नहीं हो पा रही है। इस मौके पर कहा गया कि सरकार द्वारा मिलने वाला मानदेय भी नहीं मिल रहा है। दो वर्ष हो जाने के बावजूद हमें उचित मानदेय नहीं मिलने की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसके बावजूद पंचायत क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से सेवा दी जा रही है। मौके पर सभी लोगों ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर युक्त आवेदन बनाते हुए सिमडेगा उपायुक्त एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम पर ज्ञापन सौंपा और कहा कि उन्हें उचित मानदेय तथा पंचायत के योजनाओं में सहभागिता हो ताकि योजनाओं को धरातल पर गुणवत्तापूर्ण उतर जा सके। इस मौके पर उप मुखिया देवकरण प्रधान, दुबराज पाइक प्यारा इंदवार, संतोषी देवी ,कैलाश स्वेला सोरेंग,सरोज देवी, हर्षित हीरो के अलावा सैकड़ो की संख्या में वार्ड पार्षद मौजूद रहे।

---

# लचरागढ़ में झामुमो ने निकाली न्याय मार्च यात्रा




**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
प्रखंड के लचरागढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी के झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध पदयात्रा कर न्याय मार्च निकल गया। लचरागढ़ में झारखंड पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ केंद्र सरकार और इडी द्वारा षड्यंत्र पूर्वक कार्रवाई के विरोध में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने बुधवार को न्याय यात्रा मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय सदस्य फिरोज अली, कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे, प्रखंड सचिव वकील खान, मेल्विन बागे, समीर हाशमी, तबरेज आलम, मुन्ना हाशमी, लीनुस कुल्लू, देवरिया कुल्लू, संतोष टोपनो, संजय पॉल केरकेट्टा, जेलेना बागे, भिलंद जोजो, दशरथ नायक, ईमेल कुल्लू, बहमनी टोपनो, छेदी लुगुन, बहमनी गुड़िया, अनसेलेम लुगून, मरियम डांस, कल्याणी बरला राहिल बागे आदि उपस्थित रहे। साथ ही इनके द्वारा शिबू सोरेन जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, चंपई सोरेन जिंदाबाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए।

---

# राजकीय महोत्सव के दौरान 'सत्या ठाकुर' को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
चतरा जिला के ईटखोरी प्रखंड क्षेत्र के विश्व प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राजकीय ईटखोरी महोत्सव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद सुनील कुमार सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में जिला के उपायुक्त अबु इमरान के द्वारा छोटानागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र सिमडेगा सह पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज के प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर का सम्मानित किया गया। मौके पर सत्यव्रत ठाकुर एवं युवतियों द्वारा मांदर नगाड़ा के साथ स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया.साथ ही युवक्तियों के द्वारा चांवार पैंकी नृत्य,किहो नृत्य प्रस्तुत कर झूमने पर मजबूर कर दिया. मौके पर कलाकारों के रूप में मुख्य रूप से अर्जुन नायक फागु नायक नेतर नायक, नायक पारस नायक, गंदूर नायक, प्रभु नायक, सुषमा कुमारी, सोनू मेहर के अलावा ने अन्य कलाकार शामिल थे।

---

तिलेश्वर साहू सेना की बैठक संपन्न, चुनावी रणनीति पर हुई चर्चा

# बरही विस में परिवर्तन की लहर तिलेश्वर साहू सेना पर टिकी है नजर : अरुण साहू



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
उज्जैना स्थित बरही हाउस में तिलेश्वर साहू सेना की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई. जिसमें बतौर मुख्यातिथि केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू शामिल हुए. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार व संचालन उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा ने किया. बैठक में विस क्षेत्र के विभिन्न प्रखंड से दर्जनों की संख्या में टीएसएस अधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए. केंद्रीय अध्यक्ष ने सभी को आगामी विस चुनाव की तैयारियो में जोर शोर से जुटने का आह्वाहन किया. उन्होंने कहा कि बरही विस की जनता को एक कर्तव्यनिष्ठ और जुझारू उजार्वान नेतृत्व की जरूरत है. लोग परिवर्तन की चाह में है. टीएसएस से लोगो को विशेष उम्मीदें जुड़ी है. टीएसएस संस्थापक स्व तिलेश्वर साहू के सपनो को पूरा करने के लिए लोगो की नजरे संगठन की ओर है. सिर्फ जरूरत है लोगो को सही दिशा की लाने की. इसके लिए टीएसएस के सभी अधिकारी और कार्यकर्ता विस क्षेत्र के प्रत्येक प्रखंड में जाए. हर एक व्यक्ति से संपर्क करे. उनकी समस्याओ को जाने और उसे दूर करने के लिए लग जाए. टीएसएस जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ करवाने में विश्वास रखता है. उन्होंने अपने सभी कार्यकताओं और समर्थको को निष्ठीत व संकल्पित होकर संगठन हित में कार्य करने की अपील किया. साथ ही बूथ/वार्ड और पंचायत स्तर पर कमिटी मजबूत करते हुए सांगठनिक विस्तार पर जोर दिया. उन्होंने संगठन में महिलाओ की भागीदारी भी सुनिश्चित करने की बात कही.

---

ख्वाजा गरीब नवाज कांफ्रेंस सह दस्तारबंदी कार्यक्रम का आयोजन

# भारत सूफी-संतों की भूमि : नूर आलम



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
बनारस के मौलाना नूर आलम ने कहा कि भारत सूफी संतो की भूमि है। और ख्वाजा गरीब नवाज अल्लाह के वली है। जो भी लोग उनके दर पर जाकर मुरादें मांगते है वे अल्लाह के फजल की बुनियाद पर उनकी मुरादें पूरी करते है। मौलाना नूर आलम 20 फरवरी की रात इस्लामपुर स्थित हारुण रशीद चौक पर आयोजित जश्न ख्वाजा गरीब नवाज कांफ्रेंस सह दस्?तारबंदी कार्यक्रम में उपस्थित इस्लाम धर्मावलंबियो को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज से चौदह सौ वर्ष पहले पैगम्बर मोहम्मद ने दुनिया वालों को जो बातें बतायी थी, वह सत्य है। उन्होंने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज अल्लाह के वली है। उन्होंने समस्त लोगों से अल्लाह के वलियों से मोहब्बत करने की अपील की। वहीं उन्होंने उपस्थित लोगो से अपने अपने बच्चों को इस्लामी शिक्षा देने की भी जरुरत बतलाते हुए मजिस्दों में पांच वक्त नमाज पढ़ने की बात कही। साथ ही उन्होंने अपने गुनाहो से तौबा करने की अपील करते हुए सभी लोगो से प्रेम और भाईचारे के साथ रहकर जिंदगी गुजारने की बात कही। उन्?होने रोटी,कपडा और मकान से पहले अपने बच?चों को अच?छी शिक्षा देने पर जोर देते हुए कहा कि इस्?लाम अमन व शांति का मजहब है। उन्होंने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज जब हिंदुस्तान आए तो उनके पास सिर्फ कुरान, तस्बीह और जायनमाज था। उन्होंने अपने किरदार से हिंदुस्तान में इस्लाम धर्म को परवान चढ़ाया। और वे अपने फजल की बुनियाद पर किसी को हिंदुस्तान की हुकुमत सौंप दी। उन्होंने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज की बहुत सारी करामते है। मौलाना नूर आलम ने कहा कि अल्लाह के वली अपने कब्रो में आज भी जिंदा है। जो कोई भक्ति और श्रद्धा से उनकी कब्रो पर जाकर मन्नतें मांगता है निश्चित रुप से वे अल्लाह के फजल की बुनियाद पर मंगतो की मन्नतें पूरी होती है।

---

### सिमडेगा डालसा सचिव ने घायल पीएलबी से अस्पताल में की मुलाकात

**सिमडेगा।** सिमडेगा डालसा सचिव मरियम हेंमरोम के द्वारा सड़क हादसे में घायल बोलबा पीएलबी सदस्य महिमा बेक एवं उसके पति का बुधवार को सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचकर हाल-चाल जाना। मौके पर उन्होंने घायल का हाल-चाल जानते हुए चिकित्सकों को समुचित बेहतर इलाज करने से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही उन्होंने घायल पीएलभी हर संभव डालसा परिवार की ओर से देने की बात कही। बताया गया कि पीएलवी सदस्य अपने काम से आया था और वापस लौट रहा था इसी दौरान करे सही के पास मवेशी से टकराने की वजह से मोटरसाइकिल सहित पति-पत्नी गिरे जिससे कि दोनों को चोट लगी। बाद में केरसई पीएलबी सदस्य विष्णु प्रसाद के द्वारा घायलों को हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में इलाज करवाने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा था ,जहां पर डालसा सचिव के द्वारा पहुंचकर उन्होंने हाल-चाल जाना।

---

# प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
बुधवार को प्रखंड मैदान ठेठईटांगर में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी 4 मार्च 2024 को सभी राजस्व ग्रामों के ग्राम प्रधानों , ग्राम सभा के सदस्यों के साथ एक प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजन किया जाना है जिसको लेकर तैयारी स्वरूप एक बैठक आयोजित की गई ।जिसमें हर राजस्व ग्राम से ग्राम प्रधान एवं समिति के सदस्यों को बैठक में बुलाने को लेकर के चर्चा किया गया एवं ग्राम सभा की विशेष अधिकार एवं उसको सशक्त बनाने और ग्राम सभा के कई बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं उसे धरातल पर उतरने के लिए सभी को एकजुट होकर ग्राम सभा में जो-जो अधिकार दिया गया है उसे लागू करने पर बल देने की बातें कही गई। बैठक की अध्यक्षता सिप्रियन सुरीन के द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष बीरबल बड़ाईक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, पंचायत समिति सदस्य प्रिसिला डुंगडुंग , सिप्रियन सुरीन,जोनसन डांग बीरबल बड़ाइक, मुकुल डुंगडुंग,रोयन समद, दयाल,बिल्सन लुगुन,एनेम जोजो ,जेरोम मिंज के अलावा कई राजस्व ग्राम के ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

---

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन विशेष शिविर के दूसरे दिन विभिन्न पंचायतों से 878 आवेदन आए



**बरही।** मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना के विशेष शिविर के दूसरे दिन विभिन्न पंचायत से कुल 878 आवेदन प्राप्त हुए. प्रखंड कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्राप्त आवेदनों में 189 एससी व 98 अन्य श्रेणी की महिलाए तथा 123 एससी और 468 अन्य श्रेणी के पुरुष शामिल है. एसटी श्रेणी से एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुए है. इनमे मुख्यमंत्री निःशक्त पेंशन लिए मात्र एक आवेदन प्राप्त हुए हैं. विशेष अभियान के तहत बुधवार को बरही पश्चिमी, बरही पूर्वी, दूलमहा, धनवार, बसरिया ऊर्फ पंचमाधव, करियातपुर और बरसोत पंचायत में शिविर लगाए गए थे.

### भव्य मंदिर में विराजे भगवान भास्कर, नगर भ्रमण में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु



**बरही ।** श्री श्री 1008 सूर्यनारायणं महायज्ञ के छठे दिन भगवान भास्कर की दिव्य प्रतिमा बरहिडीह स्थित भव्य नवनिर्मित मंदिर में विराजमान हुए. इसके पूर्व दिव्य प्रतिमा का फूलो से सजे वाहन में बैठाकर बरही के चारों प्रमुख मार्गो का गाजे बाजे के साथ भ्रमण कराया गया. इस दौरान बरही सहित आस पास के सैकड़ों श्रद्धालु नाचते गाते जयकारा लगाते हुए यज्ञ स्थल पहुंचे. जहां आचार्य रामचंद्र पांडेय के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान भास्कर का प्राण प्रतिष्ठा किया गया. इस दौरान महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, सचिव राजवंशी सिंह, उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, संरक्षक स्थानीय मुखिया शमशेर आलम आदि सहित अशोक सिंह, सुशील सिंह, प्रमोद सिंह, रामचंद्र राणा, कुंजल साव आदि सहित कई महिला पुरुष शामिल।

### लोस चुनाव की तैयारी को लेकर एसडीओ ने की बैठक



**बरही।** लोकसभा चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है. बुधवार को एसडीओ जोहन टुडू ने एसडीपीओ नौशाद आलम सहित अनुमंडल के विभिन्न प्रखंड के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक किया. उपस्थित अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर सभी बूथों का निरीक्षण कर अपडेट देने का निर्देश दिया. साथ ही सभी को बूथों पर उपलब्ध सुविधाएं और समस्याओं को भी चिंहित करते हुए शीघ्र सूची उपलब्ध करवाने की बात कही. वही एसडीपीओ ने सभी पुलिस अधिकारियो को पूर्व के चुनाव में बाधा पहुंचाने वाले लोगो को चिन्हित करने और सूची उपलब्ध करवाने की बात कही. इसके साथ ही बूथों का भौतिक निरीक्षण करते हुए वस्तुस्थिति से अवगत कराने का निर्देश दिया. बैठक के दौरान एलआरडीसी अजय भगत, कार्यपालक दंडाधिकारी दीपा खलखो, सभी प्रखंड के बीडीओ, सीओ, इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी, बीपीआरओ आदि मौजूद थे.

### नेहरू युवा केंद्र ने विभिन्न स्थानों में चलाया मतदाता जागरूकता पंजीयन अभियान




सिमडेगा। नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के स्वयंसेवकों द्वारा जिला के सभी प्रखंडों के विभिन्न स्थानों में सघन मतदाता जागरुकता एवं पंजीयन अभियान अंतर्गत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के प्रथम दिन आज मतदान करने वाले आयु वर्ग के ग्रामीणों को निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान करने की शपथ दिलाई गयी। अभियान अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा लोगों को मतदान के महत्व को समझने और अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं अन्य लोगों को भी मतदान कर जिले में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग की अपील की।

### प्रणामी ग्रुप ने बच्चों को प्रशिक्षण शिविर लगाकर कराएगी हॉकी की ट्रेनिग व करेगी आर्थिक मदद



**सिमडेगा।** हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोननेगी और वेद प्रकाश रांची में प्रणामी ग्रुप के विजय अग्रवाल से मिले और सिमडेगा में हॉकी के विकास के लिए चल रही गतिविधियों पर चर्चा की। जिससे विजय अग्रवाल काफी प्रभावित हुए और उन्होंने सिमडेगा में हॉकी को प्रोत्साहन देने के लिए सहयोग करने की वादा की। जिसके तहत विजय अग्रवाल हॉकी सिमडेगा को आगामी पांच वर्ष तक वर्ष में दो बार जिला के सुदूरवर्ती इलाको के 12 वर्ष से कम उम्र के आर्थिक रूप से कमजोर 50 बालक और 50 बालिका कुल 100 हॉकी खिलाड़ियों को वर्ष में दो बार आगामी 05 वर्ष तक जिला मुख्यालय में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर हॉकी की ट्रेनिग देने के लिए आर्थिक सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के अलावा सिमडेगा में हॉकी के प्रोत्साहन के लिए जो भी मदद की जरूरत होगी उनका पूरा सहयोग रहेगा। प्रणामी ग्रुप के विजय अग्रवाल के सहयोग के लिए हॉकी सिमडेगा के समस्त पदाधिकारियों ने आभार जताया।

### हुरदा परीक्षा केंद्र में 257 में से 255 छात्र उपस्थित रहे



बानो। बानो प्रखंड के हरदा प्लस टू परीक्षा केंद्र में 257 में 255 छात्र ने साइंस की परीक्षा दी तीन परीक्षाथी अनुपस्थित रहे। प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया इस अवसर पर उन्होंने सीसीटीवी कक्षा एग्जाम हॉल में विधि व्यवस्था के बारे में जानकारी लिए मौके पर प्राचार्य रेमुलियुस केरकेट्टा उपस्थित थे।

## एक नजर

### महिला समूह की सदस्य की मौत के विरोध में सड़क किया जाम



**पीरटांड़।** थाना क्षेत्र के बांध पंचायत के पांडेडीह से जेएसएलपीएस की महिला समूह की सदस्य बीते कल गिरिडीह स्थित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भाग लेने लोग जा रहे थे। इसी दरम्यान बराकर के पास ऑटो पलटने से लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे। 45 वर्षीय कुमारी देवी महिला की हालत बेहद खराब होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई । जिसके मुआवजे की मांग को लेकर बुधवार को पीरटांड़ ब्लॉक के सामने मृतक के परिजनों, ग्रामिणों एवं जेबीकेएस के कार्यकताओं द्वारा गिरिडीह डुमरी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया गया। वहीं जाम में जेएमएम के कार्यकर्ता भी धरना में बैठे नजर आए। यह सड़क जाम में राजनीतिक कारण होता दिखाई दिया। सड़क जाम में मृतक के परिजनों एवं जेबीकेएस के कार्यकताओं मुआवजे के तौर पर 10 लाख रुपया एक सरकारी नौकरी और बच्चों को 4000 महीना दिए जाने की मांग कर रहे थे।

### विभाग को सुपुर्द नहीं करने से आंगनबाड़ी केंद्र की उपयोगिता शून्य

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड के सेरूआ पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र बनकर तैयार है लेकिन अभी तक विभाग को सुपुर्द नहीं होने से इसकी उपयोगिता शून्य है। उक्त आंगनबाड़ी केंद्र एक प्रकार से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। आज से लगभग चार वर्ष पहले सीमरापताल और सेरूआ पंचायत भवन के पीछे आंगनबाड़ी केंद्र बना था और आज जर्जर हो गया है।

# कांग्रेस माइनॉरिटी सेल की बैठक में अल्पसंख्यक समाज के नेताओं की अनदेखी का लगा आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
नया परिषद भवन गिरिडीह में कांग्रेस माइनॉरिटी सेल के जिला अध्यक्ष अहमद रजा नूरी की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव में संगठन सशक्तिकरण को लेकर एवं जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा माइनॉरिटी समाज के नेताओं के साथ की जा रही अनदेखी के खिलाफ एक बैठक का आयोजन किया गया और इस बैठक में जिला कांग्रेस के सभी माइनॉरिटी समाज के नेता शामिल हुए और जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष और जिला कार्यकारी अध्यक्ष के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए नाराजगी जाहिर किया गया । मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश सचिव मरगूब आलम ने कहा कि आज परिसदन भवन में एक बैठक रखी गई । जिसमे जिले के तमाम अल्पसंख्यक नेता शामिल हुए और जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया के द्वारा जिला के कांग्रेसी अल्पसंख्यक नेताओं के साथ भेदभाव और अनदेखी के खिलाफ एकत्रित हुए और जल्द ही आलाकमान तक अपनी बातों को रखेंगे अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश सचिव नेशाब अहमद ने कहा कि जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष के द्वारा अपनाया गया रवैया चिंताजनक है और इस तरह के भेदभाव को अल्पसंख्यक समुदाय बर्दाश्त नहीं करेगा । गिरीडीह युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि लगातार जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष के द्वारा अल्पसंख्यक नेताओं के साथ दोहरी नीति अपनाना कहीं से उचित नहीं है और शीघ्र ही हम लोग अपनी बातों को प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी और प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब के समक्ष रखेंगे और दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे। चूंकि यह मामला संगठन के अंदर का है और संगठन में किसी के भी मान सम्मान को ठेस नहीं पहुंचाना चाहिए । जिला कांग्रेस कमेटी के महमूद अली खान ने कहा कि आज परिसदन भवन में एक विशेष बैठक का आयोजन हुआ और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर और जिला में जिलाध्यक्ष और जिला कार्यकारी अध्यक्ष के कार्यशैली के द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं को बाईपास करना बर्दाश्त योग्य नहीं है। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के मो० नदीम, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, जमुआ प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महसर इमाम, जमुआ प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष जुनेद आलम , माइनॉरिटी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष बिलाल अहमद हुसैनी, आउटरीच सेल के सरफराज अंसारी, गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला महासचिव बंटी अली, जिला सचिव महबूब आलम, जिला सचिव सरफराज अहमद , रमजान अंसारी, छोटू खान, समेत दर्जनों की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे।

### गांवा के पंचायत भवनों में लगा सर्वजन पेंशन योजना का विशेष शिविर

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में बुधवार को सर्वजन पेंशन योजना का विशेष शिविर आयोजित किया गया। जिसमे 50 वर्ष की आयु पूरा कर चुके एसटी/एससी वर्ग के बड़ी संख्या में पुरुषों ने आवेदन किया और 50 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी सभी वर्ग की महिलाएं ने भी। मौके पर बीडीओ महेंद्र रविदास व सीओ अविनाश रंजन द्वारा सभी पंचायतो में लगे शिविर का निरीक्षण किया गया। बीडीओ महेंद्र रविदास ने कहा कि योग्य लाभुक सर्वजन पेंशन योजना का लाभ जरूर लें। सरकार के निर्देश पर सभी पंचायत भवनों में यह विशेष शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह शिविर 20 फरवरी से 22 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद भी छूटे हुए योग्य लोग संबंधित पंचायत भवन में आवेदन जमा कर सकेंगे।

# मनरेगा मजदूर-लाभुक एकता संघ का अनिश्चितकालीन धरना समाप्त

### तिसरी प्रखंड कार्यालय के बाहर विभिन्न मांगों को लेकर दिया जा रहा था अनिश्चितकालीन धरना



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के बाहर विभिन्न मांगों को लेकर मनरेगा मजदूर-लाभुक एकता संघ द्वारा दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना पहले ही दिन बुधवार को खत्म हो गया। विधायक प्रतिनिधि सह पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक उपाध्याय की पहल और तिसरी बीडीओ मनीष कुमार के आश्वासन के बाद यह धरना समाप्त हुआ। बताया जाता है कि पूर्व में मनरेगा योजना के तहत प्रखण्ड के 15 पंचायतों में सैकड़ो डोभा निर्माण की स्वीकृति देकर तत्कालीन बीडीओ द्वारा ऑनलाइन इंट्री की गई थी। लेकिन पूर्व बीडीओ द्वारा इंट्री की गई उक्त योजनाओं को डिलीट कर दिया गया है। जिसके कारण मनरेगा मजदूर और लाभुकों में नए बीडीओ और विभाग के प्रति भारी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है। उक्त मामले सहित अन्य मांगों को लेकर उपेंद्र साव के नेतृत्व में भारी संख्या में जॉब कार्डधारी मनरेगा मजदूर और लाभुक लोग अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे थे। मंगलवार को आक्रोशित जॉब कार्डधारी मनरेगा मजदूर और लाभुकों ने प्रदर्शन भी किया था और प्रखण्ड कार्यालय आकर जमकर हल्ला बोला था। वहीं अनिश्चितकालीन धरना देने की भी बात कही गई थी। इसी को लेकर पूर्व बुधवार को धरना कार्यक्रम किया गया था। बताया जाता है कि इसकी जानकारी किसी ने बाबूलाल मरांडी को दे दी। जिसके बाद उन्होंने अशोक उपाध्याय को धरना स्थल पर भेजा। बीडीओ मनीष कुमार भी धरनास्थल पहुंचे। जहां पर बीडीओ मनीष कुमार ने अशोक उपाध्याय और धरनार्थियों से वार्ता की। उन्होंने पूरी बातों को गंभीरता पूर्वक सुना और डिलीट की गई योजनाओं का पुनः इंट्री करवाने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने मनरेगा योजना के गाइडलाइन का पालन करते हुए कार्य करने की हिदायत दी है।

### प्रो बिमल मिश्र को इंटरनेशनल एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड

**राजधनवार।** एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा में दिनांक 21 से 23 फरवरी को आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में आदर्श कॉलेज राजधनवार के प्राचार्य प्रो डॉ बिमल कुमार मिश्र को एमिटी यूनिवर्सिटी अंतर्राष्ट्रीय एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय सांख्यिकीविद प्रो पी. के. कपूर द्वारा दिया गया है। यह सम्मान प्रो मिश्र द्वारा साइबर क्राइम शोध कार्य , उनके द्वारा किए गए अनुसंधान तथा प्रकाशित शोध पत्रों के लिए दिया गया है। आदर्श कॉलेज राजधनवार के प्राचार्य प्रो डॉ बिमल कुमार मिश्र को एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा द्वारा एमिटी यूनिवर्सिटी अंतर्राष्ट्रीय एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित होने पर कॉलेज में हर्ष का माहौल है।

### बिरनी में संवेदक पर बिजली चोरी का आरोप, विभाग मौन

**बिरनी।** प्रखंड के डबरसैनी मंदिर प्रांगण में बन रहे समुदायिक भवन के संवेदक पर बिजली चोरी का आरोप सामने आ रहा है। ज्ञात हो कि मंदिर के बगल में बिजली पोल से बिना कनेक्शन के ही संवेदक टांका लगाकर बिजली प्रयोग में ले रहा है। संवेदक द्वारा बिजली चोरी कर मोटर, ग्रेंडर सहित अन्य बिजली उपकरण चलाया जा रहा है। संवेदक द्वारा बिजली चोरी के सम्बंध में विभाग को बताने के बाद भी विभाग मौन बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि लाइन मैन की मिलीभगत से संवेदक बिजली चोरी कर रहा है। ग्रामीणों ने बिजली जेइ दुर्गेश कुमार को बिजली चोरी के साक्ष्य भी दिए इसके बावजूद संवेदक पर कोई करवाई नहीं हुई।

# गिरिडीह पुलिस ने तीन अवैध देसी शराब भट्ठी में मारा छापा



### भारी मात्रा में जावा महुआ और शराब को किया नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह पुलिस की ओर से अवैध शराब के खिलाफ लगातार जिलेभर में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जमुआ के प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी नीलम कुजूर के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इसमें थाना क्षेत्र के चचघरा एवं बंधाटांड में देशी शराब चुलाई के तीन शराब भट्ठी को नष्ट कर दिया गया। वहीं भारी मात्रा में जावा महुआ और उससे बनी शराब को भी नष्ट किया गया है। प्रशिक्षु डीएसपी नीलम कुजूर ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER** Annexure1
**MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

अतिअल्पकालीन ई०निविदा आमंत्रण सूचना

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 08/2023-24

Date :- 21/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on KumharbarNala, Block-Mandu, Dist-Ramgarh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 51.674 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 26/02/2024 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 02/03/2024 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 02/03/2024 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 04/03/2024 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

ह०/–
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,रामगढ़

PR 319889 Minor Irrigation(23-24).D

# एक साल पहले उद्घाटन, पर आज भी नहीं बना रास्ता

### माले नेता ने वार्ड 36 के हर्सिंगडीह इलाके में ग्रामीणों के बुलाने पर किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
वार्ड नंबर 36 के 25 घर के दलितों को नही मिल रहा रास्ता, जबकि मार्च 2023 में इनके बस्ती से रास्ता निकालने का बोर्ड बन गया,69,35,381 की राशि के बदले लिखा गया है वार्ड कमिश्नर के द्वारा काम हो गया जबकि यह एकदम गलत है,बताया जाता है कि जिस रास्ते की बात की गई है वह रास्ता वही पास के बस्ती वाले का है,उनसे बात करके सहमति ली जाती तो शायद अब तक काम हो जाता,आज एक साल होने को है किंतु काम नहीं हुआ है,इसको लेकर ग्रामीणों माले नेता राजेश सिन्हा को बुलाया,राजेश सिन्हा ने कहा की जब सदर विधायक का नाम है तो इसपर जरूर पहल करेंगे,सिन्हा ने कहा की सदर विधायक ऐसे कार्यों को संज्ञान जरूर लेंगे, श्री सिन्हा ने ग्रामीणों ने इस विषय पर सदर विधायक,पूर्व वार्ड कमिश्नर पप्पू रजक और जिनका जमीन है उनसे बात कर फिर से प्रयास करें आशा है काम जल्द होगा। सिन्हा ने कहा कि हम भी तीनो से बात करेंगे,बिना रोड बनाए हुए राशि की निकासी जरूर हो गई होगी,इसलिए नया बहाना संवेदक कर रहे होंगे,ग्रामीणों ने बताया संवेदक भी बहुत मेहनत कर रहे है,सिन्हा ने बताया कि इस कार्य में लोचा जरूर किया है,जल्द उपायुक्त महोदय को माले लिखित ज्ञापन देगा कि आखिर कहां गड़बड़ी है,जांच से साफ हो पाएगा। ग्रामीणों ने यह बताया गया की सर्वे रोड भी है किंतु कुछ नही किया जा रहा जब से जन्म लिए है ऐसा ही रास्ता देख रहे है, 25 घर को बहुत मुश्किल हो जीवन बेकार हो गया है।

# मतदाताओं में जागरूकता को स्वीप कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को पारसनाथ इंटर महाविद्यालय इसरीबाजार के 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति डुमरी अनुमण्डल कार्यालय सभागार में हुई। जिसमें कॉलेज के प्राचार्य और अध्यापकगण भी उपस्थित हुए। उपस्थित छात्र-छात्राओं को भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदान प्रणाली के बारे में बताया गया।

इस दौरान ईवीएम मशीन पर कैसे वोटिंग किया जाता है और ईवीएम मशीन कैसे कार्य करता है उसकी जानकारी दी गई। उपस्थित छात्र-छात्राऐं मानव श्रृंखला बनाते हुए महाविद्यालय से चलकर अनुमण्डल कार्यालय स्थित ईवीएम जागरूकता केन्द्र पहुंचे।छात्र छात्राओं के हाथों में मतदान को लेकर जागरूकता से संबंधित तख्ती थे। ईवीएम मशीन एवं मतदान के बारे में जानकारी प्राप्त कर छात्र-छात्राऐं काफी उत्साहित दिखे। सभी छात्र-छात्राऐं 17 वर्ष के आसपास उम्र के थे जो आनेवाले कुछ महीनों में मतदाता बनने के पात्र हो जाऐंगे। ऐसे में उन्हें बताया गया कि आप आगामी चुनाव में ईवीएम से कैसे मतदान कर सकते हैं। साथ हीं उन्हें मतदान प्रक्रिया को समझाया गया। कार्यक्रम का संचालन ईवीएम जागरूकता केन्द्र के नोडल कमलेश महतो कार्यालय कर्मी सुदर्शन कुमार पाण्डेय, अमित कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया।

## कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

कार्यालय आदेश सं० ........./2023–24 दिनांक ..............................

अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, खूँटी अन्तर्गत नवनिर्मित Recreation Park मुरहू, अड़की एवं तोरपा की बन्दोबस्ती खुली बोली के माध्यम से किया जाना है। विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र० | पार्क का नाम | प्रखण्ड का नाम | Recreation Park का क्षेत्रफल | किराया प्रति वर्ष | अग्रधन की राशि | आवेदन पत्र की राशि (वापसी योग्य नही) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Recreation Park Murhu | मुरहू | 21840 sq.ft | 60,000.00 (साठ हजार रू०) | 50,000.00 (पचास हजार रू०) | 500.00 (पाँच सौ रू०) | |
| 2 | Recreation Park Arki | अड़की | 28014 sq.ft | 55,000.00 (पचपन हजार रू०) | 50,000.00 (पचास हजार रू०) | 500.00 (पाँच सौ रू०) | |
| 3 | Recreation Park Torpa | तोरपा | 12441 sq.ft | 65,000.00 (पैंसठ हजार रू०) | 50,000.00 (पचास हजार रू०) | 500.00 (पाँच सौ रू०) | |

उपरोक्त प्रखण्डों में नवनिर्मित Recreation Park मुरहू, अड़की एवं तोरपा को बन्दोबस्ती हेतु खुली बोली के माध्यम से आवेदन आमंत्रित की जाती है। दिनांक 29.02.2024 को 01:00 बजे अपराह्ण तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन मुहरबंद लिफाफे में आवेदन जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदन 29.02.2024 को अपराह्ण 03:00 बजे अपराह्ण गठित चयन समिति के समक्ष खोली जायेगी। आवेदन समर्पित करने वाले इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति के प्रोपराइटर/अध्यक्ष/ सचिव/प्राधिकृत बैठक में उपस्थित रह सकते है। बन्दोबस्ती में भाग लेने संबंधित नियम एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट http://www.khunti.nic.in में अवलोकन किया जा सकता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, खूँटी।

PR.NO.319900 District(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्ड़ल, कोडरमा।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 11/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 27.02.2024 से दिनांक–28.02.2024 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– **29.02.2024** (अपराह्न **3.00** बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– **29.02.2024** (अपराह्न **3.30** बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा प्रखण्ड के झुमरी तिलैया स्थित बाजार समिति में मिलिट युनिट निर्माण कार्य कंटिले तार से घेराबंदी। | 104000.00 | 2100.00 | 500.00 | 01 (एक माह) |
| 2 | Construction of Barbed Wire fencing near Kasturba Gandhi Awasiya Vidyalaya (Vill- Pahridih-Jainagar) | 303335.00 | 6100.00 | 750.00 | 01 (एक माह) |

निविदा की शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।

PR 319859 (Rural Work Department) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी। ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–पुनर्निविदा संख्याः–25/RI/2023-24/RWD/KHUNTI,दिनांक–20.02.2024
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।
1.योजना का नामः–

| क्र० सं० | आई०डी० सं०/पैकेज सं० | प्रखण्ड का नाम | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHU-STPKG-18/2023-24 | मुरहू | 1. L032ईटी से रोआवली माया कारूडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–6.100 कि०मी०)। | 12,14,07,400.00 (बारह करोड़ चौदह लाख सात हजार चार सौ रू० मात्र।) | 24,29,000.00 (चौबीस लाख उनतीस हजार रू० मात्र।) | 15 माह। | द्वितीय। |
| | | मुरहू | 2. L039रूमुतकेल से बलगी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.675 कि०मी०)। | | | | |
| | | मुरहू | 3. L040कोन्वा से बुण्डूमा माईल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.490 कि०मी०)। | | | | |
| | | मुरहू | 4. L037गुल्लू से दहंगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–7.200 कि०मी०)। | | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–23.02.2024।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–14.03.2024 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–16.03.2024 अपराह्न 3.30 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०:– 9431170803
7 अग्रधन की राशि स्वीकृत परिमाण विपत्र के अनुरूप भी मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी।

PR 319780 Rural Work Department(23-24)D

## कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

कार्यालय आदेश सं० ........./2023–24 दिनांक ..............................

अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, खूँटी अन्तर्गत रनियां एवं अड़की प्रखण्ड में नवनिर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स के दुकानों किराये पर आवंटित किया जाना है। विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र० | मार्केट कॉम्पलेक्स का नाम | प्रखण्ड का नाम | प्रति दुकान का क्षेत्रफल | निर्धारित किराया प्रतिमाह प्रतिवर्ग फुट | खाली दुकान संख्या की विवरणी | अग्रधन की राशि | आवेदनपत्र की राशि (वापसी योग्य नही) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सोदे मार्केट कॉम्पलेक्स | रनियां | 10x10 (100 वर्गफीट) | 10.9 रू० प्रति वर्गफीट | 01 से 05 तक | 50,000.00 (पचास हजार रू०) | 500.00 (पाँच सौ रू०) | |
| 2 | जम्हार –01 मार्केट कॉम्पलेक्स | कर्रा | 10x10 (100 वर्गफीट) | 10.00 रू० प्रति वर्गफीट | 01 से 10 तक | 50,000.00 (पचास हजार रू०) | 500 (पाँच सौ रू०) | |
| 3 | जम्हार –02 मार्केट कॉम्पलेक्स | कर्रा | 10x10 (100 वर्गफीट) | 10.00 रू० प्रति वर्गफीट | 01 से 05 तक | 50,000.00 (पचास हजार रू०) | 500 (पाँच सौ रू०) | |
| 4 | डोड़मा–01 मार्केट कॉम्पलेक्स | तोरपा | 10x10 (100 वर्गफीट) | 07.23 रू० प्रति वर्गफीट | 01 से 10 तक (04 को छोड़कार) | 50,000.00 (पचास हजार रू०) | 500 (पाँच सौ रू०) | |
| | | | 10x20 (200 वर्गफीट) | | 04 | | | |
| 5 | डोड़मा–02 मार्केट कॉम्पलेक्स | तोरपा | 10x10 (100 वर्गफीट) | 07.23 रू० प्रति वर्गफीट | 01 से 5 तक (04 को छोड़कार) | 50,000.00 (पचास हजार रू०) | 500 (पाँच सौ रू०) | |
| | | | 10x2 (200 वर्गफीट) | | 04 | | | |

उपरोक्त प्रखण्डों में नवनिर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स के खाली दुकानों को किराये पर आवंटित करने हेतु अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति के माध्यम से आवेदन आमंत्रित की जाती है। दिनांक 29.02.2024 को 01:00 बजे अपराह्ण तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन मुहरबंद लिफाफे में आवेदन जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदन 29.02.2024 को अपराह्ण 03:00 बजे अपराह्ण गठित चयन समिति के समक्ष खोली जायेगी। आवेदन समर्पित करने वाले इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति के प्रोपराइटर/अध्यक्ष/सचिव/प्राधिकृत बैठक में उपस्थित रह सकते है। बन्दोबस्ती में भाग लेने संबंधित नियम एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट http://www.khunti.nic.in में अवलोकन किया जा सकता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी

PR 319901 District (23-24)_D

सुप्रभात

**लालच एक ऐसी बीमारी है जो अगर एक बार किसी व्यक्ति को हो जाए तो वह लाइलाज बन जाती है : अज्ञात**

# समाजवादी और पंथनिरपेक्ष का सवाल

***भारतीय*** संविधान अनेक देशों के विपरीत लचीला है और इसमें उचित प्रावधानों के तहत सुधार किया जा सकता है। इस बार संविधान के 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा उद्देशिका से 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देश की मांग करते हुए याचिकाएं दायर की गई हैं, जिनमें दावा किया गया है कि यह संशोधन संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन है, जिसकी व्याख्या 1973 में ऐतिहासिक केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य मामले में देश के शीर्ष न्यायालय द्वारा की गई थी। मूल ढांचे का सिद्धांत संविधान में संशोधन करने के लिए संसद की शक्ति पर एक सीमा निर्धारित करता है। इसमें कहा गया है कि संसद उन मूल्यों को परिवर्तित या विकृत या संशोधित नहीं कर सकती है, जिनसे इस ढांचे का निर्माण हुआ है। यह सिद्धांत इस अर्थ में महत्वपूर्ण है कि यह नागरिकों की स्वतंत्रता और उनके अधिकार और राज्य के प्राधिकार के बीच संतुलन स्थापित करता है, जिससे भारत में संविधानवादी विचारधारा की रक्षा होती है। हालांकि न्यायालय ने इन याचिकाओं पर सुनवाई अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह वाकई संविधान के मूल ढांचे के विरुद्ध है? उल्लेखनीय है कि प्राचीन काल से ही भारत अपने चरित्र और भावना, दोनों में सहिष्णु और पंथनिरपेक्ष रहा है और अपने बहुरूपदर्शक सांस्कृतिक परिदृश्य की दृढ़ता से रक्षा करता रहा है। संविधान निर्माताओं ने इन विचारधाराओं को बहुत बुद्धिमत्ता से संतुलित किया था और इसी कारण उद्देशिका में न तो उदारवादी और न ही समाजवादी शब्द का स्पष्ट रूप से उपयोग किया था। उदार लोकतंत्र के विचार को भाग (अनुच्छेद 14-32) में निहित मौलिक अधिकारों में संस्थागत रूप दिया गया है, जबकि समतावादी विचार की जड़ें भाग IV में राज्य नीति-निर्देशक तत्वों के रूप में रखी गई हैं, जो वितरणात्मक न्याय के सिद्धांत को स्थापित करती हैं। राजनीतिक रूप से शासन प्रणाली में शामिल करने की दृष्टि से इसे जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 ए की उपधारा (5) में शामिल किया गया था, जो राजनीतिक दलों को भारत के संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखने के लिए बाध्य करता है। साथ ही, उन्हें समाजवाद, पंथनिरपेक्षता और लोकतंत्र के सिद्धांतों और भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाये रखने के लिए भी निर्देश देता है। जहां तक 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों को शामिल करने का सवाल है, यह कहना उचित होगा कि 42वां संशोधन राजनीति से प्रेरित था, जिस पर सांविधानिक आवरण दिया गया था। इसका उद्देश्य राज्य के प्राधिकार के दायरे और सीमा को व्यापक बनाने के लिए निर्देशक सिद्धांतों को प्राथमिकता देना था। आपातकाल में सरकार ने कुछ प्रावधानों का लाभ उठाया, जैसे कि 39 (बी) और (सी) में निहित प्रावधान क्रमशः भौतिक संसाधनों पर सामुदायिक स्वामित्व प्रदान कर और उत्पादन के साधनों के संकेंद्रण पर रोक लगा कर समाजवादी सिद्धांतों की पुष्टि करते हैं। इसी प्रकार, अनुच्छेद 25-28 में धार्मिक सहिष्णुता, जिसे बैरी कॉस्मिन ने नरम पंथनिरपेक्षता कहा है, के विचार ने भारत के पंथनिरपेक्ष चरित्र की नींव रखी इस लिए सरकार ने दावा किया कि इन शब्दों को जोड़कर ऐसे सिद्धांतों को मजबूत किया गया है।

> **मूल ढांचे का सिद्धांत संविधान में संशोधन करने के लिए संसद की शक्ति पर एक सीमा निर्धारित करता है। इसमें कहा गया है कि संसद उन मूल्यों को परिवर्तित या विकृत या संशोधित नहीं कर सकती है, जिनसे इस ढांचे का निर्माण हुआ है। यह सिद्धांत इस अर्थ में महत्वपूर्ण है कि यह नागरिकों की स्वतंत्रता और उनके अधिकार और राज्य के प्राधिकार के बीच संतुलन स्थापित करता है, जिससे भारत में संविधानवादी विचारधारा की रक्षा होती है।**

इन दिनों

# भारत के घरेलू बाजार में मछली के उपभोग का संवर्धन


सागर मेहरा

***भारतीय*** व्यंजनों की जीवंत वैविध्यताओं में आहार का एक ऐसा घटक जो पोषकीय तत्वों से भरा है और कई तरीकों से तैयार किया जा सकता है, वह है - 'मछली'। जिह्वा के स्वाद के अलावा, 'मछली' भारतीय संदर्भ में प्रगाढ़ महत्व रखती है, यह समृद्ध सांस्कृतिक महत्व के अलावा स्वास्थ्य के लिए बहुत सारे लाभ प्रदान करती है। मछली और भारतीय संस्कृति के बीच आपसी संबंध खाने की थाली तक ही सीमित नहीं है अपितु मछली हमारी परंपरा, स्वास्थ्य आचरणों और आर्थिक समृद्धि को प्रभावित करता आया है। मछली का उपभोग न केवल व्यक्तिगत पोषण स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव डालने की क्षमता रखता है बल्कि देश की खाद्य और पोषण सुरक्षा में भी योगदान देता है। हालांकि वैश्विक स्तर पर, भारत मत्स्य उत्पादन और निर्यात में अग्रणी है लेकिन घरेलू खपत बढ़ाना देश में मात्स्यिकी क्षेत्र की निरंतर वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। भारतीय मात्स्यिकी क्षेत्र को समग्र रूप से विकसित करने के लिए मत्स्यपालन विभाग (भारत सरकार) द्वारा विभिन्न कार्यक्रम और योजनाएं शुरू किये गये हैं। प्रमुख कदमों में से एक 10 सितंबर 2020 को 20,050 करोड़ रुपये के अब तक के उच्चतम निवेश के साथ प्रमुख योजना - प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) का शुभारंभ है। पीएमएमएसवाई प्रौद्योगिकी अपनाने, मूल्य श्रृंखला की कमजोर कड़ियों पर ध्यान देने और सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए परियोजनाएं कार्यान्वित करने पर केंद्रित है। उत्पादन और निर्यात बढ़ाने के विभिन्न आउटपुट के अलावा, यह योजना लगभग 16.5 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करने पर केंद्रित है। लगातार चौथे वर्ष में, पीएमएमएसवाई योजना के अंतर्गत पूरे भारत में 18,000 करोड़ रुपये (90%) की प्रभावशाली परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। परंपरागत रूप से, मात्स्यिकी परियोजनाओं का केंद्र मत्स्य उत्पादन में वृद्धि की ओर रहा है। परिवर्तन की आधारशिला के रूप में, पीएमएमएसवाई योजना पोस्ट-हार्वेस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की दिशा में निधियों के उपयोग द्वारा मांग और आपूर्ति समीकरण को संतुलित करने पर केंद्रित है। चूंकि पीएमएमएसवाई के अंतर्गत मत्स्य उत्पादन लगातार बढ़ रहा है और शानदार 174 लाख टन तक पहुंच गया है, यह घरेलू मछली की खपत, मूल्य संवर्धन और निर्यात को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं प्रदान करता है। इस आशय की दिशा में, पीएमएमएसवाई के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं ने यह सुनिश्चित किया है कि रेफ्रिजरेटेड और इंसुलेटेड ट्रकों, लाइव फिश वेंडिंग सेंटर, ऑटो रिक्शा, मोटरसाइकिल और आइस बॉक्स वाली साइकिल सहित 26,067 फिश ट्रांसपोटेर्शन फैसिलिटीज लाभार्थियों के पास उपलब्ध है ताकि वे बाजारों और उपभोक्ताओं तक आसानी से ताजा और गुणवत्तापूर्ण मछली की डिलीवरी कर सकें। सबसे लोकप्रिय मोटरबाइक और आइस बॉक्स वाली साइकिल हैं जिससे छोटे पैमाने के किसानों के लिए बिक्री केंद्रों तक सुविधाजनक और तेज पहुंच सुनिश्चित हुई है। क्वालिटी वाले फ्रोजन तथा ताजी मछली की अधिक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बाजारों और कियोस्क के रूप में फिश रीटेल पॉइंट्स की 6733 इकाइयां विकसित की जा रही हैं। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और तेलंगाना जैसे राज्य अग्रणी रहे हैं और इन राज्यों ने उत्तर भारत में मछली की बिक्री में वृद्धि दर्शाई है और तटीय और अंतर्देशीय राज्यों के बीच योजना की निधियों के सुनियोजित वितरण का प्रदर्शन किया है। 30 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 575 कोल्ड स्टोरेज फैसिलिटीज का अच्छा वितरण किया गया है, जिससे पता चलता है कि पूरे भारत में मछली का पोस्ट-हार्वेस्ट स्टोरेज किया जा रहा है। प्रसंस्करण के लिए 108 मूल्य वर्धित उद्यमों को मंजूरी दी गई है, जो उद्यमशीलता मॉडल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, विशेष रूप से फिश वेंडिंग कियोस्क चैन की स्थापना के माध्यम से स्वच्छ मत्स्य विपणन पर महत्त्व दिया जाता है। भारत में मूल्य वर्धित उद्यमों का प्रसार, विशेष रूप से दक्षिणी भारत में न केवल निर्यात की महत्ता दर्शाता है बल्कि अचार, सूखी नमकीन मछली, मछली के चिप्स, मछली के गोले आदि के रूप में मूल्य वर्धित मछली की मांग का भी संकेत है। जागरूकता सृजन, आउटरीच और विस्तार सही तरीके से जमीनी स्तर तक पहुंचाना सुनिश्चित करने की दिशा में, लास्ट माईल कनेक्ट के लिए तटीय राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए 2494 सागर मित्र और सम्पूर्ण भारत में 79 मत्स्य सेवा केंद्रों को मंजूरी दी गई है। उम्मीद है कि विस्तार सेवाएँ क्षेत्रीय योजनाओं और मछली की खपत को पोषण से भरपूर 'सुपर-फूड' के रूप में बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। घरेलू उपभोग के रुझानों को बेंचमार्क करने और समझने के लिए, भारत सरकार ने मार्च 2023 में नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च द्वारा 'भारत में मात्स्यिकी क्षेत्र का अध्ययन - वर्तमान मांग और भविष्य की संभावना का अवलोकन' में निवेश किया। अध्ययन से पता चला है कि 2011-12 की तुलना में, भोजन पर किये गये कुल व्यय के आलोक में मछली के लिए किया गया व्यय दोगुना से अधिक हो गया है, शहरी क्षेत्रों में बढ़ती मांग के कारण मछली की मासिक खपत में वृद्धि हुई है, खपत की जाने वाली 77% मछली मीठे पानी की प्रजातियां हैं - प्रमुख रूप से रोहू और कैल्टा जबकि सार्डिन और भेटकी पसंदीदा समुद्री मछलियाँ हैं। एक आशाजनक बात यह है कि 2031 में मछली की अनुमानित मांग 26 मिलियन टन तक पहुंचने की उम्मीद है। इसलिए इस तरह की उपभोक्ता प्राथमिकताएं और संकेतक विपणन और ब्रांडिंग रणनीतियों को परिभाषित करने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। बढ़ती मांग और बिक्री को संभालने के लिए आपूर्ति श्रृंखला और डिस्ट्रीब्यूशन इनफ्रास्ट्रक्चर के साथ, भारत सरकार के लिए अगला प्राथमिकता कदम उचित ब्रांडिंग और विपणन के माध्यम से मछली का सेवन करने के लाभों के बारे में उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता पैदा करना है। परंपरागत रूप से, राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी), हैदराबाद द्वारा आउटरीच कार्यक्रम जैसे सेलिब्रिटी शेफ के साथ मत्स्य और समुद्री खाद्य उत्सव का आयोजन और क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ वेबिनार, सितंबर में हर साल पोषण माह मनाना, आजादी का अमृत महोत्सव के तहत इंडिया@75 अभियान का जश्न मनाने के लिए 75 फिश रेसिपी पुस्तकों का शुभारंभ, मछली के लाभों पर जींग्ल्स का प्रसारण, मुख्य स्थानों पर आउटडोर होर्डिंग्स और डिजिटल डिस्प्ले की स्थापना आदि कार्य लगातार किये जा रहे हैं। विभिन्न डिजिटल पहल, विशेष रूप से सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर, शुरू की गई हैं, व्यापक आउटरीच, बड़े पैमाने पर विपणन और ब्रांडिंग के लिए कई अन्य पहलों की योजना बनाई जा रही है। हो-रे-सीए (होटल-रेस्टोरेंट-कैफे) में उपभोक्ता विशिष्ट विपणन अभियान और रणनीतिक पहल की योजना बनाई जा रही है। एक और महत्वपूर्ण कदम जिसे प्राथमिकता दी जा रही है वह है इस क्षेत्र के लिए मानकों, प्रमाणन, मान्यता और ट्रेसबिलिटी का पॉलिसी फ्रेमवर्क। इस प्रकार पीएमएमएसवाई एक निर्बाध आपूर्ति श्रृंखला और बिक्री बिदुओं में बढ़त सुनिश्चित करके उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच अंतर को पाटने के लिए एक मजबूत मार्केटिंग ईकोसिस्टम और रणनीति तैयार करने की परिकल्पना करती है। परिणामस्वरूप, यह दृष्टिकोण न केवल समग्र उद्योग के विकास को बढ़ावा देता है बल्कि जनसंख्या के स्वास्थ्य और पोषण पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। इसलिए, भारत में मछली की खपत का महत्व खाने की थाली में मछली से कहीं अधिक है। बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने से लेकर आर्थिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण तक, मछली देश के समग्र कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जैसे-जैसे भारत प्रगति कर रहा है, मछली की खपत की महत्ता को पहचानना और उसकी क्षमता का उपयोग करना सभी के लिए एक स्वस्थ, अधिक समृद्ध भविष्य का द्वार खोलने की कुंजी होगी।

संयुक्त सचिव **(अंतदेर्शीय मत्स्य पालन और प्रशासन), मत्स्य पालन विभाग, MoFAHD)**

## आपकी बात

### बच्चों की रचनाओं को भी जगह दें


देवेश कु. घोष

'राष्ट्रीय नवीन मेल' बच्चों में अखबार पढ़ने की आदत डाल सकता है। बच्चों द्वारा लिखी मूल रचनाएँ, सुविधानुसार, साप्ताहिक, सप्ताह में दो या तीन दिन, या प्रतिदिन छप जाय तो बाल वर्ग में पढ़ने की प्रवृत्ति जागेगी। अपना आलेख छपा देख कर बाल लेखक झूम उठेंगे। सृजनशीलता को प्रोत्साहन मिलेगा। अखबार द्वारा आवश्यक नियम के शर्तों पर कुछ निजी विषयों की घोषणा कर आलेख आमंत्रित किए जाए तो मौलिक रचनाएँ प्राप्त की जा सकेंगी। विषय आधारित चित्र और कार्टून को भी प्रोत्साहन और रचनाशीलता के लिए स्थान दिया जा सकता है। प्रकृति, पर्यावरण, पशु प्रेम आदि पर बच्चे कलम और कूची उठाने में उत्साह दिखाएंगे। नवीन मेल के प्रबंधन से आग्रह है कि पाठक वर्ग में होनहार पीढ़ी को भी शामिल करें। क्या नवीन मेल में मैथिली, छोटानागपूरी, भोजपूरी इत्यादि भाषाओं की रचनाओं को प्रकाशित नहीं किया जाएगा ? हिन्दी दैनिक संपूर्णता प्राप्त कर रहा है।

**(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली)**

### बिल्डरों की मनमानी और प्रचार


अंशुमाल शर्मा

बिल्डरों की मनमानी और निडरता से साधारण जनता कैसे त्रस्त है इसका जीता जागता उदाहरण मैं खुद हूं, मैंने कई सरकारी दफ्तरों तथा उच्च पदाधिकारियों के स्मक्ष अपनी परेशानियों की गुहार पिछले दो सालों से लगा रहा हूं मगर अब तक कोई सफलता नहीं मिली है, अब सिर्फ.प्रेस मीडिया से ही उम्मीद है।लुभावने विज्ञापनों और डिजाइन की हुई तसवीरों से सजे उनके आक्रामक प्रचार में कई बड़ी हस्तियाँ शामिल होती हैं जिन्हें किसी न किसी बहाने बुलाया जाता है। कई बार उन्हें मोटी रकम देकर ब्रांडिंग कराई जाती है जिसमें बड़े फिल्मी कलाकार या खिलाड़ी होते हैं। इन लोगों को इन चालक बिल्डरों की असलियत का पता भी नहीं होता और मेरी तरह अनेक भोले-भले लोग इनके जाल में फंस जाते हैं। कृपया सतर्क रहें और जब भी फ्लैट या दुकान या कोई भी भवन खरीदना हो तो जाँचे परखे हुए और जिनकी प्रतिष्ठा हो उनसे ही खरीदें। कृपया सरकार भी इस पर ध्यान दे, धन्यवाद।

**- कांके ब्लॉक चौक,रांची**

संस्कृति

# मातृभाषा, बहुभाषिकता और सांस्कृतिक विन्यास


संजय तिवारी

***'परिचय*** दास' भाषा शक्तिशाली उपकरण है। उसमें लोगों को जोड़ने, विचार व्यक्त करने और संस्कृति बनाने की क्षमता होती है। हममें से कई लोगों के लिए, हमारी मातृभाषा वह पहली भाषा है जिसे हम बोलना सीखते हैं और जिसका उपयोग हम अपने परिवार और दोस्तों के साथ संवाद करने के लिए करते हैं। जिस तरह से हम अपनी मातृभाषा का उपयोग करते हैं उसका नई भाषाओं को सीखने और विभिन्न संस्कृतियों को समझने की हमारी क्षमता पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। यह वह भाषा है जो किसी व्यक्ति के परिवार या समुदाय द्वारा बोली जाती है और अकसर घरेलू वातावरण में उपयोग की जाने वाली भाषा है। मातृभाषा किसी व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि यह उनकी पहचान और संस्कृति को आकार देती है। यह वह भाषा है जिसमें लोग अपनी भावनाओं, विचारों और विचारों को व्यक्त करते हैं। एक बच्चे की पहली भाषा सीखने और संज्ञानात्मक विकास की नींव होती है और यह अन्य भाषाओं को सीखने में मदद करती है। शोध से पता चला है कि जिन बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाया जाता है, वे स्कूल में उन बच्चों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। भाषा सीखना तब आसान हो जाता है जब यह उन अवधारणाओं से संबंधित हो जिनसे बच्चा अपनी मातृभाषा में पहले से ही परिचित है। इसके अलावा, मातृभाषा सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के संरक्षण में मदद करती है। यह लोगों के लिए गर्व और अपनेपन का स्रोत है और उनकी पहचान का अभिन्न अंग है। इसलिए, मातृभाषा के महत्व को पहचानना और इसके उपयोग और सीखने को बढ़ावा देना महत्त्वपूर्ण है। भाषा को समझने में मातृभाषा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह वह नींव है जिस पर अन्य सभी भाषाएं निर्मित होती हैं। बच्चे बिना किसी औपचारिक निर्देश के, अपने माता-पिता, भाई-बहन और परिवार के अन्य सदस्यों को सुनकर स्वाभाविक रूप से अपनी मातृभाषा सीखते हैं। मातृभाषा यह समझने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है कि भाषा कैसे काम करती है, जिसमें व्याकरण, वाक्य रचना और शब्दावली शामिल है।

> **मातृभाषा किसी व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि यह उनकी पहचान व संस्कृति को आकार देती है। यह वह भाषा है जिसमें लोग अपनी भावनाओं, विचारों व विचारों को व्यक्त करते हैं।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# मोदी के तीसरे कार्यकाल की सुखद आहट


ललित गर्ग

***वर्ष*** 2024 के आम चुनाव सन्निकट हैं। भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक एवं धमाकेदार जीत के प्रति आश्वस्त है। एक बार फिर प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी एक नयी पारी की शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल अगले एक हजार वर्षों के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल होगा। इस अवधि में भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ विश्वगुरु भी बन सकेगा। प्रधानमंत्री मोदी के दो कार्यकाल की समीक्षा करें तो स्पष्ट हो जाता है कि उनकी सरकार द्वारा उठाये गये हर कदम एवं उनकी हर बात राष्ट्र निर्माण की दिशा में बढ़ाये गये अनूठे, परिवर्तनकारी एवं सकारात्मक कदम रहे हैं। 2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी लेकिन अब विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं, जिनमें नये भारत, सशक्त भारत की जड़े गहरी हुई है। हम सब इतिहास के उस स्वर्णिम काल के गवाह बनने के साक्षी बने हैं। यह सब मोदी के करिश्माई एवं चमत्कारी व्यक्तित्व से ही संभव हो पाया है। करिश्मा किसी व्यक्ति विशेष का एक निश्चित गुण होता है जो अपवाद होता है और जिसके आधार पर वह स्वीकार्यता हासिल कर शासन करता है। लिंकन, चर्चिल, रूसवेल्ट और जॉन एफ केनेडी महान राजनेता थे, जो अपने करिश्माई व्यक्तित्व और प्रभामंडल के लिए जाने जाते थे और इसका उपयोग उन्होंने अपने देश को मजबूत करने के लिए किया। मोदी इसी श्रेणी के इन सबसे आगे निकलते हुए विलक्षण क्षमताओं एवं मौलिक विशेषताओं वाले विरल नेता है। 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा एवं सभी विपक्षी दल अपनी-अपनी चालें चल रहे है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर नये गठबंधन हो रहे हैं तो बने हुए गठबंधन टूट रहे हैं, अनेक नेता दलों के पाले बदल रहे हैं, एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं।

> **प्रधानमंत्री मोदी के दो कार्यकाल की समीक्षा करें तो स्पष्ट हो जाता है कि उनकी सरकार द्वारा उठाये गये हर कदम एवं उनकी हर बात राष्ट्र निर्माण की दिशा में बढ़ाये गये अनूठे एवं सकारात्मक कदम रहे हैं।**



## बोधि वृक्ष

# लातेहार जिले का मां उग्रतारा मंदिर

पूजा के बाद रानी अहिल्याबाई ने मंदिर का जीर्णोद्धार भी कराया था। उन्होंने कहा कि यहां आकर जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से माता से आशीर्वाद मांगता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है।

मिश्री और गरी है मुख्य प्रसादः मां उग्रतारा नगर भगवती मंदिर में मुख्य रूप से प्रसाद के रूप में मिश्री और सूखा नारियल ही चढ़ाया जाता है। इसके अलावा यहां बकरे की बलि की भी प्रथा है। उल्लेखनीय है कि मां उग्रतारा नगर भगवती का मंदिर लातेहार जिला मुख्यालय से लगभग 38 किलोमीटर की दूरी पर चंदवा-चतरा मुख्य मार्ग पर स्थित है। मंदिर तक पहुंचने के लिए सड़क मार्ग एकमात्र रास्ता है। मंदिर से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर टोरी जंक्शन रेलवे स्टेशन है। रांची से आने वाले श्रद्धालु रांची- चंदवा- चतरा मार्ग से यहां आसानी से पहुंच सकते हैं। रांची से मंदिर की दूरी लगभग 85 किलोमीटर है। **(समाप्त)**



400 साल से भी पुराना है इतिहास

**कहानी भारत के एक ऐसे मंदिर की, जहां आज भी मौजूद है भगवान परशुराम का विशालकाय फरसाः** किस्से-कहानियों में अक्सर आपने भगवान परशुराम और उनके फरसे के बारे में सुना होगा, लेकिन क्या आपको पता है कि वो फरसा आज भी धरती पर मौजूद है।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# ट्रेन की कंफर्म टिकट पाने के लिए अपनायें यह तरीका

यह समास्या तब आती है जब छुट्टियां चल रही हो या कोई फेस्टिवल आने वाला हो। इस दौरान ट्रेन में काफी भीड़ देखने को मिलती है। लेकिन हम ट्रेन की कंफर्म टिकट कैसे बुक करें उसके लिए हम इस आर्टिकल में टिप्स एंड ट्रिक्स लेकर आये है, जो आपको भी पता होनी चाहिए। अपनी टिकट को बुक करने के लिए जल्द से जल्द बुक करें, कोई भी ट्रेन की टिकट बुकिंग उसके जर्नी के टाइम और डेट के 60 दिन पहले शुरू हो जाती है। आप जितनी जल्दी अपनी टिकट बुक करेंगे उतनी ही जल्दी कंफर्म टिकट मिलेगा।



**दूसरा तरीका :** कंफर्म टिकट को बुक करने का दूसरा तरीका है कि आप एक बार में कई डिवाइस का इस्तेमाल करें। कई बार होता है कि बेवसाइट पर ट्रैफिक होने से या फिर मोबाइल के नेट स्लो की वजह से किसी एक डिवाइस से टिकट नहीं मिल पाती है या फिर वह फंक्शन नहीं कर पाती है। ऐसे में उसी समय पर आप दूसरी डिवाइस से आसानी से टिकट ढूंढ सकते हैं। इनता ही नहीं, अपनी यात्रा के लिए एक ट्रेन और क्लास न देखें। इसके अलवा आप अन्य ट्रेन देखें। अपनी टिकट बुक करने के लिए आप IRCTC की बेवसाइट या एप्प स टिकट बुक करें। इसके साथ ही आप IRCTC SMS सेवा का यूज कर सकते है। इसकी मदद से आपकी ट्रेन की डिटेल्स रटर पर मिल सकती है और आपको आसानी से पता चल जायेगा कि आपकी कंफर्म टिकट बुक हुई है। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### उपराष्ट्रपति ने संसद भवन में नालंदा विवि के छात्रों के साथ बातचीत की

**नई दिल्ली।** नालंदा विश्वविद्यालय के छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को संसद भवन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में भारत के अलावा 11 देशों के कुल 23 छात्र शामिल थे। इन देशों में भूटान, वियतनाम, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, म्यांमार, लाओस, नेपाल, अर्जेंटीना, केन्या, थाईलैंड और युगांडा शामिल हैं। छात्रों के साथ बातचीत के दौरान, उपराष्ट्रपति ने छात्रों से शांति, प्रगति और सतत विकास का ट्रस्टी बनने का आग्रह किया। उन्होंने भारतीय सभ्यतागत लोकाचार के शाश्वत योगदान पर भी प्रकाश डाला। उपराष्ट्रपति ने छात्रों से भगवान बुद्ध के शांति और सद्भाव के संदेश का प्रचार करने का आग्रह किया। धनखड़ ने छात्रों से प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करने के प्रति जागरूक रहने व लोगों को जागरूक बनाने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने बिहार राज्य की अपनी पहली यात्रा के दौरान 29 सितंबर, 2023 को नालंदा विश्वविद्यालय जाने के प्रसंग को याद किया।

### 26 को पीएम करेंगे रक्सौल रेलवे स्टेशन निर्माण का वर्चुअल शिलान्यास

**पूर्वी चंपारण।** आगामी 26,फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रक्सौल स्टेशन का वर्चुअल शिलान्यास करेगे। इसको लेकर पूर्व मध्य रेलवे समस्तीपुर मंडल के डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने मंगलवार को रक्सौल स्टेशन का निरीक्षण कर कई आवश्यक निर्देश दिए। डीआरएम सीतामढ़ी के रास्ते विंडो इंस्पेक्शन करते हुए रक्सौल पहुंचे,जहां स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार सिंह ने उनका स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होने रक्सौल स्टेशन के प्लेटफार्म, माल गोदाम, यात्री प्रतीक्षालय, आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने माल गोदाम का फूट ओवरब्रिज से निरीक्षण किया। इसके बाद, वे अपनी टीम के साथ स्टेशन के बाहर आये और स्टेशन परिसर में आगामी 26 फरवरी को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रक्सौल में होने वाले पुर्नविकास कार्य को लेकर स्थानीय रेल पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# गुजरात को पीएम देंगे 48 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को गुजरात के दौरे पर जाने वाले हैं। यह यात्रा गुजरात के विकास पर केंद्रित है। वह यहां जीसीएमएमएफ के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे, जिसमें अहमदाबाद के मोटेरा स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 1.25 लाख से अधिक किसान भी भाग लेंगे। पीएम यहां महेसाणा में भारत नेट के दूसरे चरण के सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जो 8000 से अधिक ग्राम पंचायतों को हाई-स्पीड इंटरनेट प्रदान करेगा। महेसाणा और बनासकांठा जिलों में रेल लाइन दोहरीकरण, गेज परिवर्तन, नई ब्रॉड-गेज लाइन के लिए कई परियोजनाएं सहित खेड़ा, गांधीनगर, अहमदाबाद और महेसाणा में सड़क परियोजनाएं, गांधीनगर में गुजरात जैव प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का मुख्य शैक्षणिक भवन के साथ बनासकांठा में कई जल आपूर्ति परियोजनाओं के साथ कई अन्य विकास परियोजनाओं का लोकार्पण पीएम मोदी करेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री गुजरात दौरे के क्रम में 22 फरवरी को सुबह 10:45 बजे अहमदाबाद पहुंचेंगे, जहां वह गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह का नेतृत्व करेंगे। समारोह के बाद प्रधानमंत्री दोपहर 12:45 बजे वलीनाथ महादेव मंदिर में पूजा के लिए उपस्थित होंगे। इसके तुरंत बाद महेसाणा में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में वह 8,350 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जिसमें सड़क, रेल, ऊर्जा और स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर सरकार के फोकस पर जोर दिया जाएगा।



## 25 को देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज का उद्घाटन करेंगे मोदी

### बेट द्वारका तक राह होगी आसान, 2.5 किमी लंबे ब्रिज पर 12 व्यूविंग गैलेरी

### प्रधानमंत्री 22 और 23 को जाएंगे गुजरात और उप्र, देंगे करोड़ों की सौगात

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी 22 और 23 फरवरी को गुजरात और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री गुजरात में 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे, कुछ परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और काम की शुरूआत करेंगे। वहीं वाराणसी और इसके आसपास के क्षेत्रों के लिए प्रधानमंत्री 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ओखा-बेट सिग्नेचर ब्रिज 978 करोड़ रुपये की लागत से गुजरात में बने ओखा-बेट सिग्नेचर ब्रिज का उद्घाटन



25 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस सिग्नेचर ब्रिज की लंबाई 2.5 किमी है। यह पुल द्वारकाधीश मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों के लिए राहत पहुंचाने वाला होगा। इसके जरिए पानी के रास्ते जो सफर पांच घंटे में होता है, वह अब तीन घंटे में ही पूरा हो जाएगा। यात्राधाम द्वारका जहां भगवान राजा के तौर पर विराजमान हैं और बेट द्वारका में भगवान द्वारकाधीश का निवास बताया गया है। जहां दर्शनार्थी दर्शन करने जाते हैं। ओखा से बेट द्वारका भगवान द्वारकाधीश के दर्शन करने हेतु लोगों को बोट में बैठ कर जाना पड़ रहा है। इसके साथ ही यहां के स्थानीय लोगों को भी मेडिकल इमरजेंसी में स्पेशल बोट करके जाने की जरूरत पड़ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2017 में इस सिग्नेचर ब्रिज का भूमि पूजन किया था और अब 25 फरवरी को वह इसका उद्घाटन करने आ रहे हैं। इस वजह से यात्रियों और स्थानीय लोगों के बीच खुशी का माहौल है। इस ब्रिज के उद्घाटन के बाद सभी भक्त अपनी गाड़ी लेकर बेट द्वारका तक जा सकेंगे। वहीं, स्थानीय लोगों के लिए भी ब्रिज बनने से आने-जाने में आसानी होगी। साथ ही बेट द्वारका में विकास के कई रास्ते खुल जाएंगे। बेट द्वारका और ओखा के बीच बने 2.5 किलोमीटर लंबे सिग्नेचर ब्रिज में 12 व्यूविंग गैलेरी बनाई गई है और फुटपाथ पर दोनों साइड पर श्रीमद भगवत गीता के श्लोक ओर भगवान श्रीकृष्ण के चित्र लगाए गए हैं। यह देश का सबसे लंबा केबल स्टे ब्रिज बना है। जिसकी फुटपाथ के दोनों साइड के ऊपरवाले हिस्सों में सोलर पैनल लगाए गए हैं जिससे 1 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होगा।

# ऋण देने में संकोच न करें बैंक, सरकार लाभार्थी को दिलाएगी प्रशिक्षण : योगी

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बैंकों का सीडी रेशियो (ऋण जमानुपात) 58.59 फीसद होने पर प्रसन्नता जताते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में इसे 65 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि बैंक ऋण देने में संकोच न करें, लाभार्थी को प्रशिक्षण सरकार दिलाएगी।

मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही की समीक्षा करते हुए कहा कि हर जरूरतमंद और ऊर्जावान युवा को ऋण के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों में बैंकों ने सराहनीय भूमिका निभाई है। ऋण मेलों का यह क्रम आगे भी सतत जारी रहे। बैंक लोन देने में संकोच न करें। इसके लिए बैंकों को हर संभव सहायता और सुरक्षा मुहैया कराएगी।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता का कवरेज सभी 75 जिलों तक करने के लिए मिशन



मोड में काम करने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपनी हर योजना में ऋण दिलाने से पहले लाभार्थी का प्रशिक्षण, क्षमता वृद्धि जरूर सुनिश्चित करायेगी।

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'फैमिली आईडी' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी बैंक, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का पूरा डेटा उपलब्ध करायें ताकि प्रदेश के हर परिवार की स्थिति का सही आकलन किया जा सके।

अटल पेंशन, जीवन ज्योति बीमा, जनधन सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार हर नागरिक को सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। इस एक कार्यक्रम ने महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है और यह फाइनेंशियल इनक्लूजन का शानदार उदाहरण बनकर उभरा है। हालिया पेटीएम पेमेंट बैंक प्रकरण से उपजी स्थितियों से प्रभावित बीसी सखियों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने पर जोर दिया। बैंकों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कवरेज बढ़ाने और सीसीटीवी फुटेज को पुलिस व प्रशासन को आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराने के लिए सुचारू व्यवस्था बनाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि 2016-17 में प्रदेश में 12.80 लाख करोड़ का बैंकिंग बिजनेस था जो आज 26.80 लाख करोड़ के पार हो गया है। यह उत्साहजनक है। मुख्यमंत्री ने बड़ौदा-यूपी ग्रामीण बैंक और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक को राज्यांश प्रदान किया, साथ ही 1.10 लाख किसान क्रेडिट कार्ड, 1,111 बैंकिंग आउटलेट का शुभारंभ और 10 बीसी सखियों को टूल किट वितरित किये।

बैठक में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सीजीएम निशा नाम्बियार की भी विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के विस्तार पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बैंकर्स कमेटी की बैठक राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक तीन माह में और जनपद में प्रत्येक माह करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया गांवों को अपनाने का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया गया। बैंक इन ग्रामों में 75 स्मार्ट क्लासेज का निर्माण के साथ ही विकास के अनेक कार्य कराएगा।

## लखीसराय में सड़क हादसा, नौ की मौत, 5 की हालत नाजुक



**एजेंसी। पटना**

बिहार के लखीसराय जिले में रामगढ़ चौक थाना चौक क्षेत्र के झुलौना गांव के पास आज (बुधवार) सुबह ट्रक और सीएनजी टैंपो की सीधी टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में घायल पांच लोगों की हालत नाजुक है। इस टक्कर में टैंपो के परखच्चे उड़ गए । टैंपो में कुल 14 लोग सवार थे। इनमें से आठ की मौत घटनास्थल पर हो गई । एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों की हालत को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल से पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है। मृतकों में टैंपो ड्राइवर मनोज कुमार भी शामिल है।

हताहत मनोज कुमार के बहनोई और प्रत्यक्षदर्शी अनिल मिस्त्री घटना का विवरण बताया है। उन्होंने कहा कि मनोज को सूचित किया गया था कि कुछ लोगो को रिजर्व कर हलसी से लखीसराय लाना है। हलसी से लखीसराय आने के दौरान झूलौना के पास यह हादसा हो गया। हादसे में 14 लोग जख्मी हो गए। इनमें आठ लोगों की मौत हो गई। बाकी छह लोगों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पर एक व्यक्ति की मौत हो गई।

गंभीर रूप से घायलों को पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है। सभी की स्थिति नाजुक है। प्रत्यक्षदर्शी अनिल तेतरहाट थाना क्षेत्र के महिसोना गांव निवासी हैं। नगर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अमित कुमार ने बताया की टैंपो पर सवार सभी लोग हलसी से लखीसराय आ रहे थे। मृतकों के परिजन मुंगेर में रहते हैं। सभी को सूचित कर दिया गया है। परिजनों के पहुंचने के बाद ही पता चलेगा कि हलसी से यह लोग कहां जा रहे थे।

### दो बेटियों को चौथी मंजिल से नीचे फेंक खुद भी कूदी महिला

## एक बच्ची की मौत, मां-बेटी गंभीर

**एजेंसी। नोएडा**

नोएडा के बरौला गांव में रहने वाली एक महिला ने अपनी दो बेटियों को चौथी मंजिल से फेंक दिया। इसके बाद खुद भी कूदकर आत्महत्या की कोशिश की। मौके पर ही एक बेटी की मौत हो गई। एक बेटी को गंभीर चोट आई है। महिला सरिता की हालत भी गंभीर है। उसका प्रयाग अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक सरिता का पति मनोज प्रयाग अस्पताल की कैंटीन में काम करता है। सुबह 9:30 बजे के आसपास मनोज घर से खाना खाकर कैंटीन आ गया था। उसके ठीक 10 से 20 मिनट बाद पड़ोसियों ने मनोज को कॉल करके घटना की जानकारी दी। घटना में सरिता की बेटी कृतिका (5 साल) की मौत हो गई है। वहीं, दिव्या (3 साल) का इलाज चल रहा है। मनोज की 7 साल की एक अन्य बेटी भी है, जो हादसे के समय स्कूल गई थी। बताया गया कि महिला की चार बेटियां थी, एक बेटी को उसने अपनी बड़ी बहन को दे दिया था। शुरूआती जांच में पता चला कि आर्थिक तंगी के चलते महिला ने ऐसा कदम उठाया। हालांकि, पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।



### स्कूल की टाइमिंग को लेकर बिहार विधानसभा में हंगामा

## सीएम नीतीश ने कहा शिक्षकों को 15 मिनट पहले आना होगा

**एजेंसी। पटना**

बिहार में सरकारी स्कूलों की टाइमिंग को लेकर बुधवार को विधानसभा में विपक्ष ने फिर हंगामा किया। इस बीच, मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया कि शिक्षकों को छात्रों के स्कूल आने से 15 मिनट पहले आना होगा। दरअसल, मंगलवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने स्कूल टाइमिंग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की भी बात अधिकारी नहीं सुनते। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि शिक्षकों को छात्रों से आने के 15 मिनट पहले यानी सुबह 9.45 बजे आना होगा और छात्रों के जाने के बाद यानी शाम को 4.15 पर स्कूल से जाएंगे। यही नियम है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष की शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक के तबादले की मांग को नकारते हुए उन्हें ईमानदार अधिकारी बताया। उन्होंने विपक्ष पर भड़कते हुए कहा कि जितना मुदार्बाद के नारे लगाएंगे अगली बार विपक्ष की संख्या और कम हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि सीएम ने मंगलवार को ही साफ कर दिया था कि स्कूल की टाइमिंग सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक होगी। इसके बाद शिक्षा विभाग ने इसे लेकर एक अधिसूचना भी जारी कर दी। लेकिन अपर मुख्य सचिव के शिक्षकों के स्कूल पहुंचने को लेकर दिए गए एक आदेश के बाद भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इधर, शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने भी सदन में कहा कि मुख्यमंत्री ने जो घोषणा की है वह सरकार का आदेश है। इधर, विपक्ष ने सदन से वॉक आउट कर गया।

### बिहार विस उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी का इस्तीफा



बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफा के बाद कई तरह की चर्चा शुरू हो गई है। इसकी सूचना विधानसभा सचिवालय ने बुधवार को जारी की। नीतीश मंत्रिमंडल विस्तार के पहले उनके इस्तीफे को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस मामले में हजारी ने कहा कि उन्होंने स्वेच्छा से पद से इस्तीफा दिया है। मैं पार्टी का एक सिपाही हूं, पार्टी नेतृत्व जो भी जिम्मेदारी देगी, उसका निर्वहन करेंगे। हजारी चार बार विधायक चुने गए हैं। इससे पहले वे नीतीश मंत्रिमंडल में मंत्री थे।

## नीतीश ने 28 पुल सहित 3,618 योजनाओं का किया उद्घाटन



**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को रिमोट के जरिए ग्रामीण कार्य विभाग की करीब 4,446 करोड़ रुपये की लागत से बने 3,590 पथों एवं 28 पुलों यानी कुल 3,618 योजनाओं का उद्घाटन किया। इस मौके पर दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में उद्घाटन किए गए योजनाओं में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत 1,735.814 करोड़ रुपये लागत की 1,583 पथों एवं 11 पुलों, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ परत नवीनीकरण कार्यक्रम अन्तर्गत 2,576 करोड़ रुपये की 1,977 पथों तथा राज्य योजना के तहत 134.304 करोड़ रुपये की 30 पथों एवं 17 पुल शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के किसी भी सुदूर क्षेत्र से राजधानी पटना पहुंचने के लिए 6 घंटे के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है और अब 5 घंटे के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग के तहत कई ग्रामीण पथों एवं पुलों का निर्माण किया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग का बजट जो वर्ष 2007-08 में लगभग 1,390 करोड़ रुपए था, वह वर्ष 2023-24 में बढ़कर 11,569 करोड़ रुपए हो गया।

## जीपीएसडीपी पर राष्ट्रीय कार्यशाला का भोपाल में आयोजन

**नई दिल्ली।** पंचायती राज मंत्रालय स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल के सहयोग से भोपाल में एक क्रॉस लर्निंग-कम-इंटरएक्टिव राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। मध्य प्रदेश में ग्राम पंचायत स्थानिक विकास योजना (जीपीएसडीपी) पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज उद्घाटन करेंगे। यह कार्यशाला 22 और 23 फरवरी को आयोजित हो रही है। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में मध्य प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, डॉ. चंद्र शेखर कुमार अतिरिक्त सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, आलोक प्रेम नागर संयुक्त सचिव, पंचायती राज मंत्रालय और प्रोफेसर कैलासा राव एम स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर निदेशक भी भाग लेंगे। दो दिवसीय सत्र में 14 राज्यों की 34 ग्राम पंचायतों पर 17 पार्टनर प्लानिंग और आर्किटेक्चर कॉलेजों की प्रस्तुतियां शामिल होंगी।

# स्वस्थ और विकसित भारत बनाने की ओर हम आगे बढ़ रहे हैं : मनसुख मंडाविया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना एक स्वस्थ भारत, एक विकसित भारत बनाना है। ऐसा भारत जिसमें प्रत्येक नागरिक को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। सभी को आसानी से सही और सस्ती दवा उपलब्ध हो। बुधवार को असम के डिब्रूगढ़ में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के लिए सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए अनुसंधान प्राथमिकता पर क्षेत्रीय परामर्शदात्री कार्यशाला का वर्चुअली उद्घाटन करते हुए डॉ. मंडाविया ने उक्त बात कही।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार आवश्यक चिकित्सा की तर्ज पर आवश्यक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी पर काम कर रही है। ये प्रयास आने वाले समय में सभी लोगों के लिए स्वास्थ्य तकनीकों को उपलब्ध, सुलभ, किफायती और न्यायसंगत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि अमीर-गरीब का भेद किए बिना सभी को समान रूप से स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें।

इस कार्यशाला का आयोजन स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार) भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान, शिलांग और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद - क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र, डिब्रूगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार और मेघालय सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. माजेल अम्पारीन लिंगदोह भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने वर्चुअली एक मार्केट प्लेस का भी उद्घाटन किया और आईआईपीएच, शिलांग में स्वास्थ्य अर्थशास्त्र और प्रौद्योगिकी मूल्यांकन पर एक मास्टर कार्यक्रम शुरू किया। स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के महानिदेशक और आईसीएमआर के सचिव डॉ. राजीव बहल, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग की सचिव अनु नागर, मेघालय के प्रधान स्वास्थ्य सचिव संपत कुमार और केंद्र सरकार और मेघालय सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व व असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**वृष :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।

**मिथुन :** शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

**कर्क :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**सिंह :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कन्या :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है।

**तुला :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें।

**वृश्चिक :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनु :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मकर :** बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**कुंभ :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन है।

## रांची टेस्ट : बुमराह करेंगे आराम आकाशदीप कर सकते हैं डेब्यू



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मैच 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा। इस टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह नहीं खेलेंगे। उन्हें वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया है। भारतीय टीम ऐसे नए खिलाड़ी को मौका देने को तैयार है। राजकोट टेस्ट में ध्रुव जुरेल और सरफराज खान का डेब्यू हुआ था। रांची में 27 साल के आकाशदीप डेब्यू कर सकते हैं। वह मोहम्मद सिराज के पार्टनर हो सकते हैं। आकाशदीप के डेब्यू का मतलब है कि भारतीय टीम इस मैच में भी 3 स्पिनर्स और 2 तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगी। आकाश और मुकेश कुमार दोनों घरेलू क्रिकेट में बंगाल के तेज गेंदबाज हैं। चौथे टेस्ट के लिए मोहम्मद सिराज के जोड़ीदार के लिए भारत के पास दो तेज गेंदबाज विकल्प हैं। लेकिन इंडियन एक्सप्रेस को जानकारी मिली है कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ता आकाश के साथ जाने की संभावना रखते हैं क्योंकि वह इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच मैचों में आकाश की गेंदबाजी से प्रभावित हैं।

**केएल राहुल भी उपलब्ध नहीं :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि जसप्रीत बुमराह को चौथे टेस्ट के लिए रिलीज कर दिया गया है। यह निर्णय श्रृंखला की अवधि और हाल के दिनों में उनके बहुत अधिक क्रिकेट खेलने को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। भारतीय टीम को चौथे टेस्ट में भी केएल राहुल की सेवाएं नहीं मिलेंगी। वह चोट से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं।

### आकाश ने इंडिया ए के लिए के लिए शानदार प्रदर्शन किया

आकाश ने इंडिया ए के लिए दो रेड बॉल मैचों में 10 विकेट लिए थे। मुकेश के साथ-साथ आकाश रेड-बॉल क्रिकेट में बंगाल के प्रमुख तेज गेंदबाज रहे हैं। आकाश ने 30 प्रथम श्रेणी मैचों में 23.58 के औसत से 104 विकेट लिए हैं। विजाग में दूसरे टेस्ट के दौरान मुकेश ने 12 ओवर फेंके, लेकिन सपाट पिच पर विकेट के लिए जूझते दिखे। उनका एकमात्र विकेट दूसरी पारी में नंबर 10 शोएब बशीर का था।

# यशस्वी जायसवाल ने लगाई 14 स्थान की छलांग

## शीर्ष-15 में 4 भारतीय, बुमराह के करीब पहुंचे अश्विन

**इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के तीन मैचों में 2 डबल सेंचुरी लगा चुके यशस्वी जायसवाल ने 14 पायदान की छलांग लगाई है। जायसवाल 15वें स्थान पर हैं।**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में जबरदस्त प्रदर्शन कर रहे भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को आईसीसी रैंकिंग में जबरदस्त फायदा हुआ है। जायसवाल ने सीरीज के तीन मैचों में 2 डबल सेंचुरी लगाकर आईसीसी रैंकिंग में 14 पायदान की छलांग लगाई है। यशस्वी जायसवाल टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में 15वें पायदान पर पहुंच गए हैं। रैंकिंग में सबसे लंबी छलांग जायसवाल ने ही लगाई है।

**केन विलियमसन नंबर वन पर कायम :** आईसीसी टेस्ट प्लेयर रैंकिंग में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन नंबर वन पोजिशन पर कायम हैं। उनकी रेटिंग अब बढ़कर 893 की हो गई है। वहीं दूसरे नंबर पर स्टीव स्मिथ हैं, जिनकी रेटिंग 818 की है। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल एक स्थान के फायदा के साथ नंबर तीन के बल्लेबाज बन गए हैं। वहीं पाकिस्तान के बाबर आजम को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। उनकी रेटिंग 768 की है। इन दोनों खिलाड़ियों के एक एक स्थान आगे जाने से नुकसान हुआ है जो रूट का। जो अब दो स्थानों के नुकसान के साथ नंबर 5 पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग घटकर 766 की रह गई है। श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच एकदिवसीय श्रृंखला के बाद वनडे प्लेयर्स रैंकिंग के टॉप-10 में थोड़ा बदलाव हुआ है। पथुम निसांका बल्लेबाजों की सूची में सात स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में एक शतक और एक दोहरा शतक लगाया था।

### बुमराह के करीब अश्विन

अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 500 टेस्ट विकेट पूरे करने के बाद एक स्थान की छलांग लगाकर टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर भारतीय टीम के अपने साथी खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह के करीब पहुंच गए हैं, जबकि राजकोट में इंग्लैंड की दूसरी पारी में पांच विकेट लेने वाले रविंद्र जडेजा इसी सूची में तीन स्थान की छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गए।

### जडेजा भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर

राजकोट टेस्ट में शतक लगाने वाले भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले जडेजा नंबर वन टेस्ट ऑलराउंडर बने हुए हैं। उन्होंने अपनी रैंकिंग को और मजबूत कर लिया है। जडेजा ने राजकोट टेस्ट में शतक भी बनाया था और सात विकेट भी लिए थे।

### रोहित को भी हुआ फायदा

आईसीसी रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। रोहित अब 732 की रेटिंग के साथ नंबर 12 पर पहुंच गए हैं, लेकिन टॉप 10 में आना अभी भी दूर बना हुआ है। टॉप 10 में इकलौते भारतीय सिर्फ विराट कोहली हैं। कोहली 752 रेटिंग के साथ 8वें पायदान पर हैं। टॉप 15 खिलाड़ियों में विराट, रोहित और यशस्वी के अलावा ऋषभ पंत भी हैं जो कि 14वें स्थान पर हैं।

## हमारी टीम टेस्ट जीतने की पूरी कोशिश करेगी : गिल



**आमने**

रांची । रांची के झारखंड राज्य क्रिकेट संघ स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड की टीमें 23 से 27 फरवरी तक चौथा टेस्ट खेलेंगी। ऐसे में टीम इंडिया बुधवार को जेएससीए ग्राउंड में अभ्यास के लिए पहुंची। टीम में मुख्य बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल समेत बल्लेबाज और गेंदबाज शामिल थे।

नेट प्रैक्टिस से पहले बुधवार को टीम इंडिया के खिलाड़ी शुभमन गिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि टीम जीतने के लिए पूरी कोशिश करेगी, हम पूरी तरह से तैयार हैं। यहां धोनी के बगैर खेलने और टीम उनको यहां कितना मिस करेगी? के सवाल पर उन्होंने कहा कि रांची में ही नहीं, हम चाहें भारत में कहीं भी खेलें, हर जगह हर कोई उन्हें मिस करता है। गिल ने कहा कि टीम इंडिया इस समय बेहद संतुलित है। रांची में ही सीरीज जीतने की उसकी पूरी कोशिश होगी। टीम के शानदार प्लेयर विराट कोहली को टीम इंडिया जरूर मिस कर रही है। अभी टीम में जो यंग स्टार हैं, वे लगातार अपने परफॉर्मेंस से छाप छोड़ रहे हैं। टीम इंडिया के परफॉर्मेंस पर उन्होंने कहा कि टीम फिलहाल हर मैच में 400 प्लस रन कर रही है, जिसे बेहतर कहा जा सकता है।नेट प्रैक्टिस में टीमों ने बहाया पसीनासुबह में पहले ब्रिटिश क्रिकेट टीम ने जेएससीए स्टेडियम में पसीना बहाया। इसके बाद तय कार्यक्रम के मुताबिक भारतीय टीम भी नेट प्रैक्टिस में उतरी। दोनों टीमों के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा मैच 23 फरवरी से रांची में होना है। भारतीय टीम यहीं अपनी बढ़त को तीन-एक कर सीरीज पर कब्जा जमाने का प्रयास करेगी।

## इंग्लैंड की टीम सीरीज में वापसी करेगी : ओली पोप



**सामने**

रांची। इंग्लैंड के प्लेयर ओली पोप ने कहा कि उनकी टीम यहां सीरीज में वापसी करेगी। टीम की तैयारियों के साथ जडेजा और आर अश्विन को बढ़िया प्लेयर बताया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम भले इस सीरीज का पहला मैच जीतने के बाद बाकी दो मैच लगातार हार चुकी है लेकिन उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम वापसी करेगी। टीम एकजुट है। इंग्लिश टीम पूरी तरह से तैयार है। ओली पोप बुधवार को झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) स्टेडियम के प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। ओली पोप के मुताबिक रांची की पिच को देखते लगता है कि यहां स्पिनर को मदद मिलेगी। पिच में काफी दरार है। ओली ने ऐसी पिच पर जडेजा और अश्विन को घातक खिलाड़ी बताया। साथ ही कहा कि वे खुद भी बाएं हाथ के बॉलरों के खिलाफ खेलने को अपनी तैयारियों को और बेहतर कर रहे हैं। जडेजा जैसे बाएं हाथ के प्लेयर ऐसी पिचों पर अपनी काबिलियत और बेहतर तरीके से दिखाएंगे। ऐसे में उनके सामने खेलना और भी कठिन होगा।बुधवार को टीम के प्रैक्टिस सेशन को उन्होंने बेहतर बताते कहा कि उनकी टीम रांची के आबो हवा के साथ घुल मिल रही है। ओली ने भारत में पांच टेस्ट मैच खेलने को कठिन चुनौती बताया। खासकर स्पिनरों के सामने लेकिन उनकी टीम राजकोट में पिछली हार को भूलकर अब आगे की चुनौती के लिए तैयार है।इससे पहले निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक सुबह में इंग्लिश टीम ने जेएससीए स्टेडियम में नेट प्रैक्टिस किया। स्पिनरों के खिलाफ खेलने के लिए विशेष अभ्यास किया। साथ ही पिच का जायजा भी टीम के कैप्टन और कोच ने लिया।

# ध्रुव जुरेल को रांची टेस्ट के दौरान एमएस धोनी से मिलने की उम्मीद

**रांची।** भारत और इंग्लैंड के बीच रांची के जेएससीए स्टेडियम में 23 फरवरी से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट में विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को उम्मीद है कि उन्हें एमएस धोनी से मिलने का मौका मिलेगा। एमएस धोनी के शहर में एक बार फिर टीम इंडिया पहुंच चुकी है। इस बार उनका सामना इंग्लैंड से होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे टेस्ट सीरीज का चौथा मैच रांची में गुरुवार से खेला जाना है। भारत फिलहाल पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड से 2-1 से आगे है। भारत के लिए युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव



जुरेल ने राजकोट टेस्ट में टेस्ट डेब्यू किया, जहां भारत ने 434 रन से जीत दर्ज की थी। राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड की दूसरी पारी में जुरेल ने बेन डकेट को रन-आउट किया। यह रन-आउट आसान नहीं था। इतना ही नहीं उन्होंने बल्ले से भी अच्छी पारी खेली जिससे पता चला कि वह लंबे प्रारूप में दोनों कौशल में माहिर हैं। बीसीसीआई द्वारा 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में ध्रुव जुरेल ने कहा, 'मेरा सपना माही भाई से मिलना है। जब भी मैंने उनसे बात की है, मैंने हमेशा उनसे कुछ नया सीखा है और यह मेरे करियर में बहुत मददगार रहा है। इसलिए, उम्मीद है कि मुझे रांची में चौथे टेस्ट के दौरान उनसे मिलने का मौका मिलेगा, वो भी तब जब मैं भारतीय जर्सी में रहूंगा।"

# बाबर ने तोड़ा गेल का रिकॉर्ड, टी20 में सबसे तेज 10,000 रन किए पूरे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम इस समय पाकिस्तान सुपर लीग में खेल रहे हैं। उन्होंने इस लीग के दौरान टी20 क्रिकेट में इतिहास रचा और एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम भी किया है। बाबर आजम बुधवार को वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल को पीछे छोड़कर टी20 फॉर्मेट में सबसे



तेज 10,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बाबर ने 271 पारियों में यह मुकाम हासिल किया। जबकि, क्रिस गेल को यह उपलब्धि हासिल करने में 285 पारियां लगीं। भारत के विराट कोहली इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने इस मुकाम को हासिल करने के लिए 299 पारियां खेली। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में पेशावर जाल्मी के लिए खेलने वाले बाबर को विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए केवल छह रनों की जरूरत थी। उन्होंने कराची किंग्स के खिलाफ पीएसएल मैच में यह कारनामा कर दिखाया। कुल मिलाकर, पूर्व पाकिस्तानी कप्तान सबसे छोटे प्रारूप में 10,000 रन बनाने वाले 13वें खिलाड़ी बन गए। जिसमें गेल 14,562 रनों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि पाकिस्तान के शोएब मलिक 13,159 रनों के साथ सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

# गौतम गंभीर से लड़ाई के कारण आईपीएल में 'शतक' नहीं लगा पाए मनोज तिवारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद बंगाल के बल्लेबाज मनोज तिवारी ने कई विषयों पर अपनी टिप्पणियों से विवाद खड़ा कर दिया है। इनमें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ड्रेसिंग रूम में गौतम गंभीर के साथ हुए विवाद का खुलासा भी शामिल है।



मनोज तिवारी का दावा है कि उनकी अगर गौतम गंभीर से लड़ाई नहीं हुई होती तो वह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से 2-3 साल और खेलते। मनोज तिवारी ने बताया कि कैसे केकेआर में खेलते समय गंभीर ने उन्हें धमकी दी थी। भारत के लिए 12 वनडे और 3 टी20 मैच खेलने वाले मनोज तिवारी ने जिस घटना का खुलासा किया है, वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2013 संस्करण की है। आईपीएल के उस सीजन गौतम गंभीर की कप्तानी में मनोज तिवारी केकेआर के लिए खेले थे। बता दें कि क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद बंगाल के बल्लेबाज मनोज तिवारी ने विभिन्न मुद्दों पर कुछ टिप्पणियां कीं हैं। जिन्हें लेकर क्रिकेट जगत में चर्चा गर्म है। इसमें ड्रेसिंग रूम में गौतम गंभीर के साथ 'बड़ी लड़ाई' का खुलासा भी शामिल है। एक न्यूज चैनल के साथ बातचीत में मनोज तिवारी ने कहा, 'केकेआर में रहने के दौरान ड्रेसिंग रूम में गंभीर के साथ मेरी बड़ी लड़ाई हुई थी। यह घटना कभी किसी सार्वजनिक नहीं हुई। साल 2012 में केकेआर चैंपियन बनी' मुझे एक साल और केकेआर के लिए खेलने का मौका मिला। अगर मैं 2013 में गंभीर से नहीं लड़ा होता तो शायद मैं 2-3 साल और खेलता। इसका मतलब है कि अनुबंध के अनुसार मुझे जो राशि मिलनी थी वह बढ़ गई होती। बैंक बैलेंस मजबूत होता, लेकिन मैंने इसके बारे में कभी नहीं सोचा।' मनोज ने कहा, 'गंभीर के साथ हुई लड़ाई का मुझे अब भी पछतावा है, क्योंकि मैं उस तरह का इंसान नहीं हूं जो सीनियर्स से झगड़ता हो। उस घटना को टाला जा सकता था। सीनियर्स के साथ मेरे रिश्ते बहुत अच्छे हैं, लेकिन एक घटना की वजह से हमारी बदनामी हुई।' मनोज ने बताया, 'एक समय गंभीर के साथ अच्छे रिश्ते थे, इसलिए मुझे ज्यादा अफसोस है। केकेआर के लिए खेलते हुए उनके साथ काफी चर्चाएं हुईं। टीम में किसे शामिल करना है इसे लेकर मुझसे भी राय ली जाती थी, लेकिन जैसा मैंने सोचा था, रिश्ता उतना अच्छा नहीं चल पाया।'

**गंभीर ने मुझे मैच के बाद देख लेने की धमकी दी थी : मनोज**

साल 2013 में विवाद इस हद तक पहुंच गया कि मनोज तिवारी को केकेआर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। इस बारे में मनोज ने कहा, 'उन्होंने मुझसे कहा कि तुम मैच के बाद बाहर मिलना। मैं देखूंगा तुम्हें।' इसके बाद उन्होंने कहा, 'आज आपका काम खत्म हो गया। मुझे लगता है कि उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए था। कोटला में पत्रकारों का स्टैंड मैदान के अंदर है। हर कोई सबकी सुनता है। वे शब्द भी सभी ने सुने।' आईपीएल 2024 में गौतम गंभीर मेंटर के रूप में केकेआर कैंप में वापसी करेंगे। मनोज तिवारी 2012 में आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाली केकेआर टीम का हिस्सा थे। वह 2010 से 2013 तक फ्रेंचाइजी के लिए खेले। केकेआर की जर्सी पहनने से पहले मनोज तिवारी 2008 और 2009 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के लिए खेले।

## आईपीएल 2024 में पंत के कमबैक पर आकाश चोपड़ा ने कहा, 'यह किसी चमत्कार से कम नहीं'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत जल्द क्रिकेट के मैदान में दिखाई दे सकते हैं। आईपीएल 2024 में उनके संभावित कमबैक पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा, 'यह किसी चमत्कार से कम नहीं।' 30 दिसंबर, 2022 को एक कार दुर्घटना में पंत बाल-बाल बचे थे। उस समय से लेकर अब तक वो क्रिकेट से ब्रेक पर हैं। हाल में पंत बेंगलुरु में एनसीए में रिहैब से गुजर रहे हैं। वह अपनी रिकवरी में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। आईपीएल 2024 के लिए उनका फिट होना प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की एक संभावना के रूप में देखा जा रहा है।



चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'ऐसी खबरें हैं कि ऋषभ पंत इस साल आईपीएल में खेलते नजर आएंगे। यह चमत्कारी है, क्योंकि उन्होंने एक काफी मुश्किल रास्ता तय किया है। क्रिकेट जीवन का एक बहुत छोटा सा हिस्सा है। यह बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन, जीवन है तो ही क्रिकेट है। जिस तरह का हादसा था, मैं बस खुश था कि वह जीवित था। मुझे पूरा यकीन है कि उसे बहुत काम करना पड़ा होगा, वहां से यहां तक की यात्रा कठिन है।' चोपड़ा का मानना है कि पंत न केवल खेलेंगे बल्कि कप्तान के रूप में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व भी करेंगे। बल्लेबाज के रूप में 26 वर्षीय प्लेयर की उपस्थिति दिल्ली स्थित फ्रेंचाइजी के लिए बड़ी समस्या का समाधान करेगी। पंत ने 98 आईपीएल मैचों में 34.61 की औसत और 147.97 की स्ट्राइक रेट से 2,838 रन बनाए हैं, जिसमें उनका हाईएस्ट स्कोर नाबाद 128 रन है।

## खबरें व्यापार जगत की

### भारत में 24.7 करोड़ उद्यमी परिवार, 8.8 लाख करोड़ डॉलर का किया ट्रांजेक्शन

**मुंबई (एजेंसी)।** एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश में कम से कम 24.7 करोड़ पारिवारिक उद्यम हैं, जो भारत की अगली आर्थिक लहर के चालक होंगे। बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2022-23 में इन उद्यमों ने 8.8 लाख करोड़ डॉलर का लेनदेन किया। अंतर्राष्ट्रीय संस्था एनमासे और प्रैक्सिस ग्लोबल एलायंस की रिपोर्ट के अनुसार, ये उद्यमशील परिवार देश में अगली आर्थिक लहर के चालक होंगे और उनका मुख्य लेनदेन मूल्य (सीटीवी) वित्त वर्ष 2042-43 तक सालाना 12.7 प्रतिशत की औसत से बढ़कर 95.2 लाख करोड़ डॉलर हो जाएगा। ऐसे उद्यमशील परिवारों की आय के एक से अधिक स्रोत होते हैं। वे इन आय और क्यूरेटेड उधारों को उच्च प्राथमिकता वाली वस्तुओं और सेवाओं और व्यावसायिक खर्चों के लेनदेन-गहन पोर्टफोलियो में बदल देते हैं। एलीवर इक्विटी की मैनेजिंग पार्टनर और एनमासे की सह-संस्थापक ज्योत्सना कृष्णन ने कहा, 'कोर ट्रांजेक्शन मूल्य पर



शोध और 24.7 करोड़ उद्यमशील परिवारों की पहचान से परिवर्तनकारी विकास के लिए तैयार एक जीवंत आर्थिक खंड का पता चलता है।' रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि उद्यमशील परिवारों पर ध्यान केंद्रित करने वाले ब्रांडों ने नियोजित पूंजी (आरओसीई) पर आकर्षक लाभ कमाया है, जो वित्त वर्ष 2023 में निफ्टी 50 के करीब है। प्रैक्सिस ग्लोबल एलायंस के मैनेजिंग पार्टनर और सीईओ मधुर सिंगल ने कहा, 'हमने जो 8.8 लाख करोड़ डॉलर का कोर ट्रांजेक्शन मूल्य उजागर किया है, वह सिर्फ एक संख्या नहीं है; यह इन परिवारों की अप्रयुक्त क्षमता और जीवंत आर्थिक गतिविधि का एक प्रमाण है।'

### भारत में कम कीमत वाले फैशन वर्टिकल 'बाजार' को लॉन्च करेगा अमेजन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ई-कॉमर्स की दिग्गज कंपनी अमेजन भारत में 'बाजार' नाम से कम कीमत वाला फैशन और लाइफस्टाइल वर्टिकल लॉन्च करने के लिए तैयार है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने अपने साझेदारों को जो संदेश भेजा है, उसके अनुसार नया वर्टिकल बाजार एक विशेष स्टोर है, जहां गैर-ब्रांडेड और 'ट्रेंडी' फैशन और लाइफस्टाइल उत्पादों की आपूर्ति करने वाले विक्रेताओं पर कोई 'अतिरिक्त शुल्क' नहीं लगाया जाएगा। कंपनी ने बताया, 'आपके उत्पाद अमेजन पर एक विशेष स्टोर में प्रदर्शित किए जाएंगे, जिससे ग्राहकों के लिए उन्हें ढूंढना आसान हो जाएगा।' रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजार के माध्यम से बेची जाने वाली वस्तुओं की कीमत 600 रुपये से कम होगी। ई-कॉमर्स दिग्गज ने यह भी उल्लेख किया कि बाजार विक्रेताओं को लाखों ग्राहकों तक पहुंच प्रदान करेगा। इसके अलावा 'परेशानी मुक्त' डिलीवरी और शून्य रेफरल शुल्क लगाएगा। इस बीच, 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त अवकाश तिमाही में अमेजन की शुद्ध बिक्री 14 प्रतिशत बढ़कर 170 बिलियन डॉलर हो गई, जबकि 2022 की चौथी तिमाही में यह 149.2 बिलियन डॉलर थी। अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने कहा कि पिछला छुट्टियों का मौसम 'रिकॉर्ड तोड़' था। 2023 की चौथी तिमाही में शुद्ध आय बढ़कर 10.6 बिलियन डॉलर हो गई, जबकि, 2022 की चौथी तिमाही में यह 0.3 बिलियन डॉलर थी। अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) सेगमेंट की बिक्री साल-दर-साल 13 प्रतिशत बढ़कर 24.2 बिलियन डॉलर हो गई।

### रियलमी की 12 प्रो सीरीज की सफलता के बाद 12 प्लस 5जी की घोषणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अपनी नवीनतम उत्पाद लाइन, रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी की शानदार सफलता के बाद, रियलमी ने नंबर सीरीज में अपने नए एडिशन- रियलमी 12+ 5जी के आगामी लॉन्च की घोषणा की है। यह पहली बार होगा कि ब्रांड 'प्लस' मॉडल लॉन्च कर रहा है जो मिड-प्रीमियम सेगमेंट में अपनी शुरूआत करने के लिए तैयार है। यह कोई रहस्य नहीं है कि इस साल की शुरूआत में लॉन्च की गई 12 प्रो सीरीज 5जी, इस साल के प्रमुख लॉन्च के रूप में ब्रांड के लिए एक शानदार सफलता है। वास्तव में, स्मार्टफोन को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें 25,000 रुपये से 35,000 रुपये के मूल्य खंड में 1,20,000 से अधिक इकाइयों की प्री-बुकिंग हासिल करने का एक उल्लेखनीय मील का पत्थर शामिल है। यह शानदार संख्या न केवल रियलमी के उत्पादों की जबरदस्त मांग को दर्शाती है, बल्कि उनके ग्राहकों के उनमें विश्वास को भी दर्शाती है। मिड-प्रीमियम स्मार्टफोन बाजार में अग्रणी के रूप में रियलमी की स्थिति को और मजबूत करते हुए रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी ने अपनी पहली बिक्री के दौरान 1,50,000 इकाइयों की बिक्री के साथ काफी प्रभाव डाला। जनवरी 2024 में, भारत में पेश किए गए सभी उत्पादों में से रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी, रियलमी.कॉम और फ्लिपकार्ट सहित विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर बिक्री के पहले दिन ऑनलाइन बिक्री में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता के रूप में सामने आए। 2023 में, रियलमी 12 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ 20,000 रुपये से 30,000 रुपये की कीमत सीमा के लिए भारतीय स्मार्टफोन बाजार में पांचवें स्थान पर रही। इस नए स्मार्टफोन में '+' प्रतीक का परिचय मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट के भीतर मूल्य-संचालित प्रीमियम अनुभव प्रदान करने के लिए रियलमी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### पीएफआरडीए ने पेंशन फंड, एनपीएस ट्रस्ट के लिए संशोधित नियमों को अधिसूचित किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने अनुपालन लागत कम करने और व्यापार करने की आसानी को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट और पेंशन फंड के नियमों में संशोधन किया है। बुधवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, नेशनल पेंशन सिस्टम ट्रस्ट (दूसरा संशोधन) विनियम 2023 और पेंशन फंड (संशोधन) विनियम 2023 क्रमशः 5 फरवरी और 9 फरवरी को अधिसूचित किये गये थे। एनपीएस ट्रस्ट विनियमों में संशोधन ट्रस्टियों की नियुक्ति, उनके नियमों और शर्तों, ट्रस्टी बोर्ड की बैठकों के आयोजन और सीईओ - एनपीएस ट्रस्ट की नियुक्ति से संबंधित प्रावधानों को सरल बनाते हैं। पेंशन फंड विनियमों में संशोधन कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुरूप पेंशन फंड के प्रशासन से संबंधित प्रावधानों को सरल बनाता है।




**अन्य संशोधनों में शामिल हैं :** 'फिट और उचित व्यक्ति' मानदंडों के अनुपालन के साथ-साथ पेंशन फंड और पेंशन फंड के प्रायोजक की भूमिकाओं की स्पष्टता। पेंशन फंड द्वारा ऑडिट समिति और नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति जैसी अतिरिक्त बोर्ड समितियों का गठन। नाम खंड में 'पेंशन फंड' नाम शामिल करना और 12 महीने की अवधि के भीतर इस प्रावधान का अनुपालन करने के लिए मौजूदा पेंशन फंड की आवश्यकता। पेंशन फंड द्वारा प्रबंधित योजनाओं की वार्षिक रिपोर्ट में निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण शामिल किया जाएगा।

## एक नजर

### जपला रेलवे स्टेशन परिसर में आज धरना

**पलामू।** रेल संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर जपला रेलवे स्टेशन परिसर में आज बुधवार को एक दिवसीय धरना दिया जा रहा है। उनकी मांगों में बंद पैसेंजर ट्रेन ,शेटल सवारी गाड़ी ,एक्सप्रेस गाड़ी को तत्काल चालू करने व कोरोना कल के समय पैसेंजर ट्रेन का भाड़ा वृद्धि को कम करने सहित कई मांगें शामिल है ।उनके साथ रेल उपभोक्ता समिति के गुप्तेश्वर पांडेय समेत कई लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रेल उपभोक्ता समिति जपला व हैदरनगर द्वारा आंदोलन की घोषणा मात्र से 03359/60 पैसेंजर बरकाकाना से जपला तक चालू कर दी गई। धरना का आयोजन रेल उपभोक्ता समिति के बैनर तले अधिवक्ता प्रेमतोष सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया है। मौके पर समिति के मनोज शर्मा, गुप्तेश्वर पांडेय के अलावा सचिदानंद सिंह, कर्नल संजय सिंह, राज अली, बद्री सिंह, राजी अहमद उर्फ राजू खान के अलावा कई लोग उपस्थित हैं।

### बीडीओ ने की मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में उपायुक्त तथा उप विकास आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार ने मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक कर मनरेगा कार्यो की समीक्षा किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीडीओ ने बिरसा हरित योजना अंतर्गत कूप निर्माण कार्य को अविलंब प्रारम्भ कराने, फोटो हो खेल योजना के अंतर्गत चार खेल का मैदान चिन्हित करते हुये 15 दिनों के अंदर उसका प्राकलन तैयार करने का निर्देश दिया.बीडीओ ने कहा कि खेल के मैदान के साथ चेंजिंग रूम और गोल पोस्ट भी शामिल होगा.उन्होंने वर्ष 2023-24 अंतर्गत चल रहे सभी आम बागवानी का सूची तथा कार्य प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बीडीओ ने सूची बद्ध मजदूरों को मनरेगा कार्यो में कार्य उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### गुरुकुल स्कूल के बच्चों ने बेतला नेशनल पार्क का किया भ्रमण

**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड के बटसारा स्थित गुरुकुल स्कूल के बच्चों के खुशियों का ठिकाना नहीं था। उनकी नजर जब बेतला नेशनल पार्क के बारी हिस्से में चर रहे हिरनो पर पड़ी तो वह चीला उठे उन्होंने एक अच्छी खासी संख्या में बंदरों और लंगूर को भी देखा। बच्चों का यह भारी दल ठक्क में भी गया ,जहां बच्चों ने हाथी और बायसन की खोपड़िया देखी कुछ बच्चे आश्चर्यचकित है और कुछ यह जानना चाह रहे थे। कि पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पी के जैना ने प्रेस को बताया कि अब पलामू टाइगर रिजर्व ने अपने दरवाजे स्कूल के बच्चों के लिए खोल रखा है। इसके लिए स्कूल प्रबंधन को पीटीआर के प्रबंधन से पत्राचार करना होगा और अपने बच्चों को वन्य प्राणी इत्यादि को देखने, समझने और जानकारी लेने की बात उल्लिखित करनी होगी।

स्वीप की बैठक में मतदाताओं को जागरूक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

# मजबूत लोकतंत्र में प्रत्येक जन की भागीदारी अनिवार्य : नगर आयुक्त

**मेदनीनगर निगम क्षेत्र में मतदान के दिन पिंक सिटी बस सेवा का होगा निःशुल्क संचालन**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर आयुक्त सह स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बुधवार को स्वीप कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई ।इसमें आसन्न लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक कर मतदान का प्रतिशत 80 से पार ले जाने का संकल्प व्यक्त किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को मतदाता जागरूकता को लेकर कई टास्क सौंपे गये। नगर आयुक्त ने सभी से इस बार 80 प्रतिशत मतदान पार के संकल्प के साथ स्कूली बच्चे,युवा,बुजुर्ग,महिला एवं पुरुषों को मताधिकार के उपयोग के के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया ।उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र में प्रत्येक जन की भागीदारी अनिवार्य है। इसके लिए यह आवश्यक है कि सभी पात्र मतदाता मतदान करें ।जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) गतिविधियों के माध्यम से सभी पात्र मतदाताओं को इस दिशा में जागरूक किया जाएगा। प्रत्येक पात्र मतदाता का मत लोकतंत्र को मजबूत करने में सहायक बनता है। **कृषि,आपूर्ति,पोस्ट ऑफिस,सहित अन्य विभागों को बेहतर समन्वय के साथ अधिकाधिक मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश :** नगर आयुक्त सह स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने कृषि पदाधिकारी को विभाग के एटीएम व बीटीएम का सहयोग लेते हुए उनके माध्यम से लोगों के बीच मतदान संबंधित जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। इसी तरह श्रम अधीक्षक को प्रवासी श्रमिकों से संपर्क स्थापित कर उन्हें मतदान करने को प्रेरित करने का निर्देश दिया गया ।उन्होंने कहा कि प्रवासी श्रमिकों से ई-कार्ड,टेलीफोन,एसएमएस के जरिए संपर्क स्थापित किया जा सकता है। पीडीएस डीलरों के माध्यम से भी सभी कार्डधारियों को शतप्रतिशत मतदान कराने पर बल दिया गया ।इसके अलावे पोस्ट ऑफिस से आनेवाले सभी डाकों पर मतदान संबंधित स्लोगन,एमएमसीएच के सभी पर्ची में जागरूकता संदेश लिखवाने समेत अन्य सभी सरकारी दैनिक चिट्ठी पर भी मतदान संबंधित स्लोगन लिखवाने पर बल दिया गया।

**मेदनीनगर निगम क्षेत्र में मतदान के दिन पिंक सिटी बस सेवा का होगा निशुल्क संचालन :** बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि पलामू में जिस दिन भी मतदान होगा उस दिन निगम क्षेत्र में मतदाताओं को बूथ तक फ्री में पिक एंड ड्राप किया जायेगा ।उन्होंने अन्य नगर परिषद व नगर पंचायत के पदाधिकारी को इसी तरह की योजना पर काम करने पर बल दिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 25 हजार से अधिक मामले का होगा निस्तारण



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर 9 मार्च शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा ।उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के पहले राषटीय लोक अदालत में 25 हजार से अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य है ।उन्होंने बताया लोक अदालत की तैयारी शुरू कर दी गई है । उन्होंने बताया कि बीते वर्ष राष्ट्रीय लोक अदालत में 23 हजार मामले का निस्तारण किया गया था ।इस बार 25 हजार से भी अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है ।इसके लिए विभिन्न विभागों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं ।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10:30 बजे से किया जाएगा। जो कोर्ट कार्य अवधि तक चलेगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में चेक बाउंस से संबंधित मामले, सुलहनीय बाद ,सभी तरह के दीवानी मामले,विधुत अधिनियम के बाद,विवाहोतर प्रताड़ना के वाद,राजस्व न्यायालय में लंबित मामले,अंतिम प्रपत्र से सम्बंधित वाद,श्रम वाद, रेलवे न्यायालय में लंबित मामले,छोटे आपराधिक वाद,बैंक ऋण,बी एस एन एल ,विधुत विभाग से सम्बंधित ,भूमि अधिग्रहण के मामले,एम सर्विस से सम्बंधित,ए सी टी,पारिवारिक विवाद,आदि मामले का निस्तारण किया जाएगा ।उन्होंने बताया कि प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने कई बार बैठक कर सभी विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं ।साथ ही अधिक से अधिक लोग लोक अदालत में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाए।

## मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना से लाभुकों को आच्छादित करने के लिए लगाया गया शिविर

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के हैदरनगर (पूर्वी) सहित अन्य पंचायत सचिवालयों में बुधवार को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धापेंशन योजना से लाभुकों को आच्छादित करने के लिये शिविर लगाया गया। मंगलवार से इस शिविर का विधिवत शुभारंभ बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने करने के बाद बताया कि इस योजना का लाभ 50 वर्ष पूर्ण करने या इससे उपर आयु के सभी वर्ग की महिलाओं, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के योग्य लाभुकों का प्रपत्र लिया जा रहा है। जिसमें पेंशन योजना संबधित निःशुल्क आवेदन फार्म उपलब्ध है। आवेदन फार्म के साथ आधार, मतदाता पहचान पत्र, पासबुक की छायाप्रति व दो फोटो लगाकर पंचायत में संबधित शिविर में जमा कराने का काम जारी है। उन्होंने शिविर में शामिल पंसस शैलू जयसवाल, उपमुखिया पवन कुमार, डॉ. अजय जयसवाल, मुकेश कुमार मेहता, सहित पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं से जरुरतमंद योग्य अधिक से अधिक लाभुकों को लाभ दिलाने का आह्वान किया है।



### पेंशन योजना को करकटा पंचायत में लगाया गया शिविर

**उंटारी रोड पलामू।** सरकार के निदेर्शानुसार जिले के सभी वर्ग के महिलाओं जिनका उम्र 50 वर्ष है उन सभी को राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से लाभान्वित करने हेतु जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत करकटा पंचायत भवन में तीन दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है जो 20 से 22 फरवरी तक चलेगा शिविर में पंचायत के विभिन्न वार्डों से पहुंचे सैकड़ों महिला पुरुष आवेदकों ने आवेदन दिया, इस संबंध में पंचायत सचिव अनुज कुमार ने बताया कि मंगलवार को 39 आवेदन प्राप्त हुआ था और आज बुधवार को दो बजे तक 40 आवेदन प्राप्त हुआ है यह शिविर कल तक चलेगा जिसमें बचे हुए उन्होने बताया कि आवेदक अपने वोटर कार्ड,आधार कार्ड, बैंक का पासबुक फोटो कॉपी,पासपोर्ट साइज फोटो अपने साथ लेकर अवश्य आवें।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**मेदनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बभंडी गांव निवासी रशीद अंसारी का पुत्र असलम अंसारी उम्र 30 वर्ष बुधवार को परिवारिक विवाद में जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि बुधवार की सुबह किसी बात को लेकर असलम का अपने परिवार से झगड़ा हो गया। इस बीच असलम गुस्से में आकर घर में रखे जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया ।जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी असलम की स्थिति गंभीर बनी हुई है ।वही इस घटना के बाद असलम के पिता रशीद अंसारी सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायल का इलाज करवा रहे हैं।

## पलामू में लोस चुनाव के लिए मतदाताओं की संख्या निर्धारित

**80 वर्ष से ऊपर कुल मतदाताओं की संख्या 22 हजार से ऊपर**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इस 22 हजार 19 मतदाताओं में महिला मतदाता जिनकी आयु 80 या फिर 80 वर्ष से ऊपर है। उनकी संख्या 11565 है। इसी आयु वर्ग में यानी 80 और 80 वर्ष से ऊपर के पुरुष मतदाताओं की संख्या 10454 है। पांकी विधानसभा में सबसे ज्यादा संख्या है। 80 वर्ष और उसके ऊपर के मतदाताओं की पांकी विधानसभा में इनकी संख्या 4835 है। जबकि विश्रामपुर विधानसभा में इनकी संख्या 5031 है। डाल्टनगंज विधानसभा में 80 वर्ष और उससे ऊपर के मतदाताओं की संख्या 3696 हैं। जबकि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में 80 वर्ष और उसके ऊपर के मतदाताओं की संख्या 3888 हैं। छतरपुर विधानसभा अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व है। यहां भी 80 वर्ष और उससे ऊपर के मतदाताओं की संख्या 4566 हैं। भारत के निर्वाचन आयोग ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को यह निर्देश दे रखा है। के 80 वर्ष और उससे ऊपर के मतदाता या ऐसे मतदाता जिनका 40% से ज्यादा या 40% ही विकलांगता है। तो उनकी सुविधा और सहूलियत के लिए मतदान केंद्र में व्हील चेयर व्हील की व्यवस्था करनी है। 80 वर्ष के ऊपर या 80 वर्ष के मतदाता या फिर 40% की विकलांगता या 40% से अधिक विकलांगता रहे मतदाताओं को उनके घरों से मतदान केंद्र तक लाने की व्यवस्था भी गाड़ी से जिला निर्वाचन प्राधिकारी को ही करना और करवाना है। यह निर्देश भारत के निर्वाचन आयोग का है।

## शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी का 40वां जन्मदिन मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के सुभाष चौक स्थित शहीद मनु अखौरी रोड (कर्नल संजय अखौरी के आवास पर) शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी का 40वां जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद की दादी दया चरण, रतन अखौरी एवं मधु अखौरी (चाचा-चाची) के साथ पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया ।इस दौरान शहीद मनु अखौरी अमर रहे, भारत माता की जय एवं वन्दे मातरम् के नारो से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। ज्ञात हो कि शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी ने अल्पायु में मां भारती के लिए अपने प्राणों की आहुति दी,जो पलामू के युवाओं के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। वायुसेना में फाइटर पायलट के रूप में कार्यरत पंजाब प्रांत के मुक्तसर जिले के भलाईयाना गांव में मिग-21 फाइटर प्लेन के युद्धाभ्यास के दौरान 1500 स्कूली बच्चों की



जान बचाने में वे वीरगति को प्राप्त हुए। पलामू आज उनके कृत से गौरवान्वित है। मौके पर अविनाश वर्मा, अविनाश देव , व्यवसायी सुरेश जैन, सरस जैन, पूर्व चेयरमैन, नगर पालिका मेदिनीनगर, सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, समाजसेवी रामनाथ चंद्रवंशी, शक्ति अखौरी, अजय श्रीवास्तव, सुबेदार मेजर संजय कुमार शर्मा, सुबेदार मेजर सुनील कुमार सिंह पूर्व सैनिक दिनेश कुमार गुप्ता, दया शंकर शर्मा, रमण श्रीवास्तव, कामख्या नारायण सिंह घनश्याम तिवारी, अजय कुमार एवं संजु शुक्ला आदि लोग उपस्थित थे।

### अपनी वोट की ताकत समझने से ही समाज में आएगा बदलाव : मुकेश

**हुसैनाबाद।** विकासशील इंसान पार्टी अपने अपने अधिकर के लिये संघर्ष करने की अपील करते हुए कहा की अगर पीएम हो यह सीएम यह कोई प्रतिनिधि आपका काम नही कर रहा है तो अपनी वोट की ताकत से बदल सकते है,उक्त बातें विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमों मुकेश सहनी ने हुसैनाबाद प्रखंड के सोनपुरवा गांव में एक सभा को संबोधित करते हुऐ कही, उन्होंने कहा इसलिए अपने वोट की ताकत को समझे, आज देश में राजनीति की परिभाषा बदल गई है , जाति धर्म के नाम पर लोगों को उलझाया जा रहा है। उन्होंने कहा जो हमारी सुनेगा उसकी हम सुनेंगे, जो हमारी नही सुनेगा हम उसकी नही सुनेंगे। उन्होंने खास कर युवाओं से अपने अधिकर के लिए संघर्ष करने का आवाह्न करते हुए कहा कि अपने हक और अधिकर के लिए आगे आना होगा। इसके लिऐ एकजुट होने की अपील की ।

**पहल**

### खतरों का करेगी अंकेक्षण

# बाघ संरक्षण की दो सदस्यीय टीम टाइगर रिजर्व पहुंची



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इस दो सदस्य टीम ने उड़ीसा राज्य के अवकाश प्राप्त प्रधान मुख्य वन संरक्षण पदाधिकारी संदीप त्रिपाठी है और दूसरे सदस्य कर्नाटक राज्य के अवकाश प्राप्त प्रधान मुख्य वन संरक्षण अधिकारी विजय कुमार है। इस दो सदस्य टीम के दौरे की पुष्टि पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने की है। यह राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार की पहली ऐसी टीम पलामू टाइगर रिजर्व में पहुंची है। जो यहां सुरक्षा के माप डंडों और वन्यजीवों के ऊपर के खतरों का अंकेक्षण (ऑडिट) करेगी। कुमार आशीष ने प्रेस को बताया कि सुरक्षा अंकेक्षण पहली बार पलामू टाइगर रिजर्व में किया जा रहा है। जिसके लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार ने टीम भेजी है। विश्व के कई देश जहां बाघ है जैसे भूटान, कंबोडिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, थाईलैंड , वियतनाम और रूस यहां हर साल वन जीवों के सुरक्षा से संबंधित अंकेक्षण हुआ करता है। भारत में यह पहली बार इसी वर्ष से शुरू हुआ और पलामू टाइगर रिजर्व में यह टीम आई हुई है। इस टीम का चौथा दिन कल फरवरी 22 को पूरा होगा और यह टीम फिर यहां से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएगी। एक प्रश्न के उत्तर में की आखिर इस सुरक्षा अंकेक्षण क्यों किया जा रहा है ? और क्या है इसकी आवश्यकता कुमार आशीष जो पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक हैं। उन्होंने बताया कि वन्य जीवो को भी तरह-तरह के खतरे है। उनकी जान भी असुरक्षित हो जाती है। पलामू टाइगर रिजर्व में राजमार्ग 9 गुजराती है और रेलवे लाइन गुजरती है। बल्कि 11 किलोमीटर में बिछने वाली तीसरी रेलवे लाइन तो एक बड़ा मुद्दा है। फिर पलामू टाइगर रिजर्व के रेंज से बाहर मंडल दम है। यह बहुत सारी ऐसी चीज है जो वन्य जीवों के लिए उपयुक्त भी है और कभी-कभी प्रतिकूल भी असर डालते हैं। उन्ही सभी सुरक्षा मामलों को देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि हमारे पलामू टाइगर रिजर्व में 90 से ज्यादा वॉच टावर शह पेट्रोलिंग कैंप बनाया गया है। इन वॉच टावर शह पेट्रोल कैंप में हमारे ट्रैकर और वनरक्षक रहा करते हैं जिनकी निगरानी पालम टाइगर रिजर्व पर 24 घंटा सातों दिन रहता है। यहां यह कहना उचित होगा कि पलामू टाइगर रिजर्व के आस पास 90 से भी ज्यादा गांव बसे हैं और अधिकांश घरों में देसी बंदूक रखने की भी प्रथा है।

## पेज एक के शेष

### जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने...

से सौदा किया था। मालूम हो कि जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 28 जनवरी को हुई थी लेकिन इसका प्रश्नपत्र पहले ही लीक हो गया था। इसके बाद इस परीक्षा के साथ-साथ चार फरवरी को होने वाली परीक्षा भी रद्द कर दी गई थी। इसके बाद आक्रोशित परिक्षार्थियों ने जेएसएससी के सामने उग्र प्रदर्शन कर अध्यक्ष नीरज सिन्हा से इस्तीफे की मांग की थी। इस क्रम में छात्रों ने उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ भी किया था। इस मामले में एसआइटी की टीम ने मेदिनीनगर से भी दो लोगों को पकड़ा था। टीम ने परचा लीक मामले में सूत्रधार एवं मुख्य षड़यंत्रकारी की तलाश में झारखंड के अलावा देश के दूसरे हिस्सों में भी छापामारी की है। पटना में झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो. शमीम के एक रिश्तेदार के घर भी छापेमारी हुई, लेकिन वह अब भी फरार चल रहा है। वहीं चेन्नई में प्रश्नपत्र तैयार करने वाली एजेंसी के कार्यालय में भी छापेमारी की गई। इसमें भी काफी कुछ संदिग्ध पाया गया है। इस बिंदु पर अभी भी जांच जारी है।

### सामाजिक विकास को ...

15 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। सरकार की सोच है कि ग्रामीण क्षेत्रों को प्रखंड मुख्यालय के साथ जिला मुख्यालय तक जोड़ने के लिए अच्छी सड़कों का जाल बिछा सकें। मुख्यमंत्री ने अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत पत्र वितरण करते हुए कहा कि आने वाले तीन महीने बाद नौ लाख पात्र आवास विहीन परिवारों को एक साथ अबुआ आवास योजना का लाभ देंगे। आज इस मंच से रांची, लोहरदगा एवं गुमला जिला के 24 हजार से ज्यादा की संख्या में लाभुक परिवारों को अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र देने के साथ पहली किस्त की राशि भी डीबीटी के माध्यम से भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों को अनुमंडल से जिला तक के आवागमन की सुविधा को सुलभ करने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ किया गया है।

**हर खेत में पानी, हर घर में हो रोजगार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यहां के किसान भाइयों के खेतों पर पानी पहुंचाने को लेकर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। संताल, कोल्हान एवं पलामू प्रमंडल में पाइपलाइन के माध्यम से हर खेत पर पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार की सोच है कि राज्य के किसान परिवारों को अधिक से अधिक मदद पहुंचा कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया जाए। प्रत्येक परिवारों तक रोजगार उपलब्ध कराया जा सके इस निमित्त मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत जरूरतमंदों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों को भरपूर सहयोग कर रही है। हमारी सरकार ने 55 हजार महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 08 हजार 247 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने का कार्य कर दिखाया है। हमारी सरकार रोजगार सृजन के कई स्त्रोतों के माध्यम से झारखंड की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया है।

### बाबूलाल मरांडी ने सुप्रीम कोर्ट के ...

एक-एक तारीख के लिये चार्टेड जहाज से लेकर फीस देने में इतनी मोटी भारी भरकम राशि खर्च की है जिसमें एक दलित, निर्धन आदिवासी, गरीब परिवार की दो-तीन पीढ़ी की तकदीर और तस्वीर दोनों बदली जा सकती है। माननीय न्यायालयों को इसका तो ख्याल रखना ही चाहिए। क्या यह बात सही है न कपिल सिब्बल जी?

अपने इंटरव्यू के दौरान, अपने क्लाइंट की तारीफ करने में आप ऐसे खो गए आप कि ये भी याद न रहा कि भाजपा ने झारखंड राज्य के निर्माण के साथ-साथ राज्य के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री के तौर पर मुझे मौका दिया और उसके बाद शिबू सोरेन और अर्जुन मुंडा भी राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं। ये जो तथ्यहीन बातें आप हेमंत सोरेन की उपस्थिति में कर रहे थे और उसमें हेमंत सोरेन बिना अपने पिता को याद किए, मूकदर्शक बने सुन रहे थे, कोर्ट और जनता के सामने, इस तरह की बातें आप नहीं कर पाएंगे। एक और तथ्यहीन बात जो आपने कही कि देश के इतिहास में ये ऐसा पहला मामला है जहां एक सिटिंग मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हुई हो। महोदय आपको याद दिलाना चाहूंगा कि जयललिता और ओमप्रकाश चौटाला भी इन्हीं लिस्ट में शामिल हैं और किसी राज्य के मुख्यमंत्री को जेल तक पहुंचाने वाली आपकी बात पर बताना चाहूंगा कि मुख्यमंत्री तो छोड़ दीजिए, जब लगा कि देश के प्रधानमंत्री भ्रष्टाचारी और तानाशाह हो गई हैं, तब हमारे देश के कानून ने उनको भी कोर्ट में खींचकर ला खड़ा किया था और उनकी सदस्यता निरस्त कराई थी। कपिल जी ये हिमाकत हम बार-बार करते रहेंगे, क्योंकि हमने संविधान को साक्षी मानकर जनता की सेवा का वचन लिया है, भ्रष्टाचारी सत्ता और शासन का नहीं।

सिब्बल साहब, हम जानते हैं कि आप फीस लेकर लीगल सर्विस देते हैं, एक-एक मिनट की कीमत वसूलते हैं। कोई मुफ्त सहायता केंद्र थोड़े न खोल रखा है आपने। पर क्या आप हम झारखंड के लोगों को बता सकते हैं कि जनवरी 2020 से लेकर आपने झारखंड सरकार के गलत कार्यों की जांच न होने देने के लिये और झारखंड को लूटकर, खा पकाकर खोखला कर देने वालों से बतौर फीस, सलाह और चार्टेड जहाज खर्च के मद में आप और आपकी टीम ने कितने वसूले हैं? कभी पता किया आपने कि ये पैसे कहां से और कैसे कामों से कमाकर रखे गये हैं और इसमें गरीबों के खून-पसीने की गाढ़ी कमाई से मिले सरकारी राजस्व का कितना पैसा है? एक बार दिल पर हाथ रखकर ये सब भी बता दीजिये फिर आप जो मर्जी सो बोलिये।

यूपीए सरकार में आपकी पार्टी ने मधुकोड़ा के साथ मिलकर पहले तो झारखंड की जल, जंगल, जमीन को खूब लूटा और बंदर-बांट कर खाया-पकाया। उसके बाद भ्रष्टाचार में संलिप्तता के आरोप में कोड़ा से किनारा कर लिया। हो आदिवासी समाज से आने वाली मधु कोड़ा के जाति की कम संख्या को देखते हुए आपसबों ने उनका साथ छोड़ दिया और वहीं आप हेमंत सोरेन के साथ इसलिए भी हैं क्योंकि उनके समाज की संख्या ज्यादा है। दो आदिवासी समाज के बीच ये जो आप अंतर कर रहे हैं वो आपकी लालच और फूट डालो और राज करो की नीति को दशार्ता है। आदिवासियों के इतने हितैषी हैं तो मधु कोड़ा के वक्त जब आप यूपीए सरकार में मंत्री थे तब आपने अपने पद से इस्तीफा क्यों नहीं दे दिया? आपकी सरकार जब मधु कोड़ा को जेल भेज रही थी तब आपकी ये संवेदना कहां सो रही थी सिब्बल साहब?

कोर्ट में आप कहते हैं कि टाइम लिमिट खत्म हो गया है इसलिये सोरेन परिवार के बेशुमार धन दौलत और सौ से भी ज्यादा जमीन जायदाद खरीदने की लोकपाल जांच नहीं होनी चाहिए। बेशक आपको बतौर फीस मोटी रकम मिल रही हो तो ये सब जांच रोकवाने और अपने क्लाइंट को बचाने का प्रयास कोर्ट में तो करना ही चाहिए। लेकिन कम से कम कोर्ट के बाहर के संचार माध्यमों का इस्तेमाल कर जनमानस के बीच एकतरफा गलत एवं झूठी जानकारी देने से तो आपको परहेज करना चाहिए। हां अगर कोर्ट के बाहर भी बिना सिर-पैर की भ्रामक एवं गलत जानकारी फैलाने का काम करने का ठेका भी आपके क्लाइंट से ली जा रही फीस के पैकेज का पार्ट है तो ये धंधा करते रहिए।

दो, चार, दस जमीन मकान होता तो बात समझ में आती, लेकिन क्या आपको ये समझ में आना मुश्किल हो रहा है कि नेमरा जैसे गांव के एक गरीब आदिवासी परिवार के पास बिना कोई कल-कारखाना या व्यापार किये सिर्फ राजनीति के दम पर सौ से भी ज्यादा जमीन-जायदाद और बेषुमार धन-दौलत, राज्य के कोने-कोने में बेनामी सम्पत्ति कहाँ से और कैसे आ गये? न्यायालय और न्यायालय के बाहर भी ये जो आप कोर्ट चलाने के साथ ही मीडिया ट्रायल का धंधा करवा रहे हैं ये किस कानून का पार्ट है और ये अधिकार आपको कहां से मिला है? ये आप सबको बता दीजिये ताकि दूसरे वकील भी ये काम करके आप जैसा ही संपन्न एवं वकालत के अलावा राजनीति के क्षेत्र में भी आप जैसा ही प्रभावशाली बन सकें। फाइव स्टार दलित और फाइव स्टार अदिवासी ही आप को नजर क्यों आता है? क्या आप दस ऐसे गरीब दलित आदिवासी का नाम बतायेंगे जिनका मुकदमा आपने बिना पैसे लिये इसलिए लड़ा हो कि वे निर्धन और बेसहारा हैं?

कपिल सिब्बल साहब, कोई दलित, आदिवासी के नाम पर सत्ता प्राप्त करें फिर उन्हीं को जमकर लूटे, उनकी जमीन-जायदाद हड़पकर नामी-बेनामी धन-दौलत का पहाड़ खड़ा कर ले और कानून उस पर कारवाई इसलिये नहीं करें कि वह दलित आदिवासी है और आप जैसे भारी-भरकम वकीलों की फीस अदा करने में सक्षम हो गया है, ये किस संविधान किस कानून में लिखा है जरूर बताइये। कानून के बारे में मेरी समझ कम है। इसलिये आप अगर मेरा इस बारे में ज्ञानवर्धन करें तो आभारी रहूँगा आपका। ये जो निरीह पब्लिक है न सिब्बल साहब ये सब देखती समझती है, बस बोलती कम है। लेकिन इनकी आह से कोई नहीं बचा है आज तक। इन्हीं चंद शब्दों के साथ मैं क्षमा याचना करते हुए अपनी बात इस उम्मीद के साथ समाप्त करता हूँ कि आप समय निकालकर इन चुभते सवालों का जवाब जरूर देंगे।

आप यशस्वी और दीघार्यु बने रहें। ईश्वर से यही प्रार्थना है।

**सधन्यवाद!**

**(बाबूलाल मरांडी)**





## एक नजर

### पीएम ने 'सम्माक्का सरक्का मेदाराम जतारा' की बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने देश के सबसे बड़े आदिवासी त्योहारों में से प्रमुख 'सम्माक्का सरक्का मेदाराम जतारा' पर बुधवार को लोगों को बधाई दी। उन्होंने सम्माक्का और सरक्का को नमन करते हुए उनकी एकता व वीरता की भावना का पुण्य स्मरण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर तेलुगु भाषा में पोस्ट की है। उन्होंने कहा है, सबसे बड़े आदिवासी त्योहारों में से एक, सम्मक्का-सरक्का मेदाराम जतारा की शुरूआत पर बधाई। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत की स्थायी भावना की जीवंत अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा, जतरा भक्ति, परंपरा और सामुदायिक भावना का बड़ा संगम है।

### प्रदर्शनकारी किसानों को सरकार ने फिर वार्ता के लिए बुलाया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने किसानों से अपील की है कि वे पांचवें दौर की वार्ता के लिए आगे आएं। एक बयान में मंत्री ने कहा कि सरकार मामले का समाधान चाहती है। वे किसानों से अनुरोध करते हैं कि शांति बनाए रखें। मुंडा ने बुधवार को एक बयान में कहा कि सरकार चौथे दौर के बाद पांचवे दौर की वार्ता में सभी मुद्दे जैसे की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग, फसल विविधीकरण, पराली का विषय, एफआईआर पर बातचीत के लिए तैयार है। बातचीत के जरिए ही समाधान निकाला जा सकता है। वे दोबारा किसान नेताओं को चर्चा के लिए आमंत्रित करते हैं।

### ईडी ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह मामले में चीकू को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** ईडी ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह एवं अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को गिरफ्तार किया है। चीकू को पंचकुला में धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 (पीएमएलए) की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने उसे पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है।

# शहबाज होंगे पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री, आसिफ जरदारी बनेंगे राष्ट्रपति

**■ पीपीपी-पीएमएलएन में बनी सहमति, बिलावल भुट्टो ने की घोषणा ■ सरकार बनाने के लिए हमने आवश्यक संख्या हासिल कर ली है : भुट्टो**

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया है। पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने बताया कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ फिर से प्रधानमंत्री की भूमिका संभालेंगे, जबकि पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी देश के अगले राष्ट्रपति होंगे। कई दिनों की बातचीत के बाद दोनों दलों के बीच सरकार गठन को लेकर समझौता हो गया है। मंगलवार की देर रात संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीपीपी के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी ने गठबंधन सरकार के गठन को लेकर दोनों दलों में हुए करार की घोषणा की। बिलावल ने कहा, पीपीपी और पीएमएल-एन ने आवश्यक संख्या हासिल कर ली है। अब हम सरकार बनाने की स्थिति में हैं।



### किसी मंत्रालय की मांग नहीं

उन्होंने कहा कि हम इस बात पर सहमत हो गए हैं कि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए पाक की सफलता सुनिश्चित करनी है। शहबाज ने कहा कि बिलावल के नेतृत्व वाली पार्टी ने पहले दिन से किसी मंत्रालय की मांग नहीं की है। उन्होंने कहा कि दो पक्षों के बीच बातचीत होती है और मुद्दों को आपसी परामर्श के माध्यम से हल किया जाता है. इसका मतलब यह नहीं है कि हम उनकी मांगों को स्वीकार करते हैं या वे हमारी मांगों को स्वीकार करते हैं।

### किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं

8 फरवरी के चुनावों में किसी भी राजनीतिक दल को साधारण बहुमत नहीं मिला, जिससे पार्टियों को सत्ता में आने के लिए हाथ मिलाने के लिए मजबूर होना पड़ा, लेकिन समझौते में देरी ने सवाल खड़े कर दिए थे। 8 फरवरी के चुनावों के बाद, पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने सबसे अधिक 92 सीटों, पीएमएल-एन ने 79 और पीपीपी ने 54 सीटों पर जीत हासिल की थी।

### अयूब खान को पीटीआई ने बनाया पीएम उम्मीदवार

पीटीआई ने हाल ही में, अपने नेता उमर अयूब खान को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। 54 वर्षीय उमर अयूब पीटीआई के महासचिव हैं और पूर्व सैन्य तानाशाह अयूब खान के पोते हैं। इमरान खान का आरोप है कि उनके उम्मीदवारों को जानबूझकर हराया गया है। उनका जनादेश चोरी किया गया है। पीटीआई नेता असद कैसर ने हाल ही में खान का संदेश पढ़ते हुए कहा था कि अमेरिका को चुनावों में धांधली के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। अमेरिका अगर एक बड़ा लोकतांत्रिक देश है और पाकिस्तान चुनाव में धांधली हो रही है तो उसे इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

# ग्रीस के इंडो पैसेफिक ओशन इनेशिएटिव से जुड़ने का स्वागत : प्रधानमंत्री मोदी

### प्रधानमंत्री और ग्रीस के उनके समकक्ष के बीच वार्ता

### 2030 तक व्यापार को दोगुना करने पर बनी सहमति



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ग्रीस के उनके समकक्ष क्यारीकोस मित्सोटाकिस के बीच बुधवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय व प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों देशों ने कृषि, फार्मा, मेडिकल, स्पेस और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमति जताई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और ग्रीस के संबंध बहुत पुराने हैं। भारत और ग्रीस के बीच लगभग ढाई हजार वर्षों से व्यापारिक, सांस्कृतिक और विचारों का आदान प्रदान चल रहा है। हमने इन संबंधों को एक आधुनिक स्वरूप देने के लिए कई नए आयामों की पहचान की है। हमने माइग्रेशन और मोबिलिटी पार्टनरशिप एग्रीमेंट को जल्द से जल्द अमल में लाने पर चर्चा की है। इससे दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संबंध और सुदृढ़ होंगे। प्रधानमंत्री ने इस बात पर खुशी जताई कि ग्रीस ने इंडो पैसेफिक ओशन इनेशिएटिव से जुड़ने का निर्णय लिया है। जी-20 बैठक के दौरान भारत की पहल पर आईपैक कॉरिडोर की जिस योजना पर सहमति बनी, वह लंबे समय तक मानवता के विकास में योगदान देगा। इस पहल में ग्रीस भी एक अहम भागीदार बन सकता है। अगले साल भारत और ग्रीस के बीच कूटनीतिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ होगी, इसे मनाने के लिए भी दोनों देश एक एक्शन प्लान पर काम करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की बैठक में हमने कई क्षेत्रीय और अन्तरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। हम दोनों इस बात पर सहमत हैं कि किसी भी तरह के विवाद का समाधान आपसी बातचीत और कूटनीतिक तौर तरीकों से किया जाना चाहिए। हम इंडो पैसेफिक रीजन में ग्रीस की सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक भूमिका का स्वागत करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश 2030 तक आपसी व्यापार को दोगुना करने पर सहमत हुए हैं। आतंकवाद जैसी साझा चुनौतियों पर दोनों देश समन्वय बनाकर चल रहे हैं। इस क्षेत्र में वर्किंग ग्रुप के गठन से हम रक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवादी गतिविधियों की रोकथाम के लिए आपसी सहयोग को बढ़ा सकेंगे।

### यूएनएससी में स्थाई सदस्यता के लिए हम भारत का समर्थन करते हैं

संयुक्त प्रेस वार्ता में ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस ने कहा, मैं अपनी आधिकारिक दौरे पर पहली बार भारत आया हूं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ हम अपने द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक गति जारी रख रहे हैं। कुछ महीने पहले एथेंस में हमने जिस संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे, उसे अभ्यास में लाया जा रहा है। हम 2028-29 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं। भारत और ग्रीस कई पहलू से एक-दूसरे से काफी करीब हैं। हमारे विचार उस पुल की तरह काम कर रहे हैं, जो हमें करीब लाता है। दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र और सबसे बड़ा लोकतंत्र एक-दूसरे के साथ सहयोग और साझेदारी स्थापित कर रहा है। पीएम क्यारीकोस मित्सोटाकिस ने कहा कि मोदी में मुझे एक दूरदर्शी, उत्तम नेता और एक सच्चा दोस्त दिखता है।

## बगैर जातीय जनगणना के जनता को न्याय मिलना असंभव : राहुल



**एजेंसी। कानपुर**

भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कानपुर के घंटाघर चौराहे पर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में जातीय जनगणना के बाद ही न्याय मिल पाएगा। चाहे जितना चिल्लाओ इस सरकार में रोजगार नहीं मिलेगा। आपको सताया जा रहा है। भर्ती परीक्षा के पेपर लीक हो रहे हैं। मोदी एवं योगी सरकार में युवाओं को रोजगार, महिलाओं एवं किसानों को न्याय पुलिस और न्यायालयों से नहीं मिल रहा है। पिछड़ो, दलितों एवं आदिवासियों को किनारे कर दिया गया है। राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर देश के राष्ट्रपति को नहीं जाने दिया गया। वहां पिछड़ा, दलित और आदिवासी नहीं पहुंचे। वहां दिखाई दिए, अडानी और अम्बानी सहित देश के अन्य पंद्रह प्रतिशत के लोग ही वहां ऐसे मौके पर दिखे। देश में 85 प्रतिशत के लोगों को किनारे कर दिया गया है। महेज पन्द्रह प्रतिशत वालों का अब कब्जा हो चुका है। अब बहुत आवश्यक हो गया है कि देश में जातीय जनगणना होना चाहिए। जिसके बाद ही देश की जनता को न्याय मिल पाएगा। हम देश की जनता को उनका हक दिलाने के लिए देश भर का दौरा कर रहें है। जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देना चाहता हू जो हमे सुनने के लिए इतनी भारी संख्या में यहां पहुंचे। इसके बाद राहुल गांधी सीधे एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए।

## राष्ट्रपति पद की रेस से नहीं हट रही : हेली

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका की पूर्व राजदूत तथा दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर और राष्ट्रपति पद की रिपब्लिकन उम्मीदवार निक्की हेली ने कहा है कि राष्ट्रपति पद की दौड़ से नहीं हट रही हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हेली ने मंगलवार को दक्षिण कैरोलिना के ग्रीनविले में 'स्टेट ऑफ द रेस' संबोधन में यह टिप्पणी की, जहाँ कुछ ही दिन में दक्षिणपूर्वी प्रांत की रिपब्लिकन प्राइमरी होने वाली है। उन्होंने 2011 से 2017 तक प्रांत में पहली महिला गवर्नर के रूप में काम किया था। ग्रीनविले वन में क्लेम्सन



विश्वविद्यालय में दिए गए भाषण में उन्होंने कहा, जब देश का भविष्य खतरे में हो, तो आप मोर्चे से नहीं हटते हैं। आप लड़ते रहते हैं। वास्तव में, आप पहले से कहीं अधिक कठिन संघर्ष करते हैं। इसलिए मैं हार मानने से इनकार करती हूं। उन्होंने कहा, साउथ कैरोलिना में शनिवार को मतदान होगा। लेकिन रविवार को भी मैं राष्ट्रपति पद की रेस में रहूँगी। मैं कहीं नहीं जा रही हूं। हेली, जो अपने घरेलू मैदान पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चुनौती देने की कोशिश कर रही हैं, ने कहा कि राष्ट्रपति पद के प्राइमरी चुनाव अभी बमुश्किल शुरू ही हुए हैं, केवल तीन राज्यों में मतदान हुआ है। ट्रम्प ने आयोवा, न्यू हैम्पशायर और नेवादा में जीओपी प्राथमिक जीत हासिल की, जिससे राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार बनने के लिए स्पष्ट दावेदार के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हो गई।

### खरगे व राहुल ने नरीमन के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रख्यात न्यायविद तथा उच्चतम न्यायालय के मशहूर अधिवक्ता फाली एस नरीमन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि देश ने एक महान कानून विद को खो दिया है। श्री खरगे ने कहा प्रख्यात न्यायविद्, वरिष्ठ अधिवक्ता और नागरिक स्वतंत्रता के प्रबल समर्थक फली एस नरीमन का निधन कानूनी व्यवस्था के लिए एक बड़ी क्षति है। सिद्धांतों से कभी समझौता किए बिना जीवनभर प्रतिबद्धता तथा दृढ़ता के साथ काम करते रहे पद्म विभूषण नरीमन के परिवार के सदस्यों और दोस्तों के प्रति मेरी गहरी संवेदना।

## दुबई की जेल में 18 साल बिताने के बाद स्वदेश लौटे तेलंगाना के चार कामगार

**एजेंसी। हैदराबाद**

हत्या के मामले में दुबई में 18 साल जेल में रहने के बाद तेलंगाना के पांच में से चार कामगार अपने घर लौट आए हैं। राजन्ना सिरसिला जिला के रहने वाले वर्कर जैसे ही राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे, तो उनके परिवार के लोगों ने उनकी जमकर खातिरदारी की। शिवरात्रि मल्लेश और उनके भाई शिवरात्रि रवि अपने प्रियजनों को देखकर भावुक हो गए और उन्हें गले लगा लिया। डुंडुगुला



लक्ष्मण दो महीने पहले लौटे थे जबकि शिवरात्रि हनमंथु दो दिन पहले वापस आए थे। पांचवें व्यक्ति वेंकटेश के अगले महीने जेल से रिहा होने की संभावना है। नेपाल के रहने वाले चौकीदार बहादुर सिंह को जान से मारने के आरोप में दुबई की एक अदालत ने पांचों कर्मचारियों को 25 साल की जेल की सजा सुनाई थी। संयुक्त अरब अमीरात सरकार ने पिछले साल सितंबर में दुबई की यात्रा के दौरान तत्कालीन राज्य मंत्री के.टी. रामाराव (केटीआर) की अपील के बाद उनकी दया याचिका को मंजूरी दे दी थी। बता दें कि केटीआर की ओर से सभी पांचों कर्मचारियों के टिकट का प्रबंध किया गया। ये सभी दुबई की आवेर जेल में बंद थे।

## राहुल के नजदीकी माने जाने वाले निकेत पटेल भाजपा में शामिल



### राम मंदिर मुद्दे पर कांग्रेस के रुख से नाराज थे निकेत पटेल

### दो सौ से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी पहना केसरिया खेस

**एजेंसी। सूरत**

राम मंदिर मुद्द्दे पर उदासीन वाले रुख से कांग्रेस में भगदड़ सी मची है। लोकसभा चुनाव से पूर्व बड़े नेता से लेकर पार्टी के ग्रास रूट लेवल के कार्यकर्ता तक कांग्रेस छोड़कर केसरिया खेस धारण कर रहे हैं। बुधवार को सूरत में कांग्रेस के सीनियर नेता और राहुल गांधी के नजदीकी माने जाने वाले निकेत पटेल ने भी कांग्रेस छोड़कर अपने दो सौ से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। सूरत शहर कार्यालय में बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल की मौजूदगी में निकेत पटेल ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का केसरिया खेस पहन लिया। इस अवसर पर निकेत पटेल ने कहा कि कांग्रेस राम मंदिर मुद्दे पर अपना रुख साफ नहीं कर पाई। राम मंदिर के निर्माण की बात हो या प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, इन सभी पर कांग्रेस अपनी बात स्पष्टता से नहीं कह सकी। इसका उन्हें बहुत दुख था। पटेल ने कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी पहले की तरह ही है। इन सभी बातों को ध्यान में रखकर काफी समय से उनका मन व्यथित था। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व पार्षद सुनील पटेल भी भाजपा में शामिल हो गए।

# आईओआर में समुद्री सुरक्षा के लिहाज से 'मिलन अभ्यास' महत्वपूर्ण : राजनाथ

### मित्र देशों के साथ सार्थक बातचीत से सकारात्मक परिणामों की उम्मीद : नौसेना प्रमुख

**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास 'मिलन-2024' का विशाखापत्तनम में औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने इस अभ्यास में शामिल हो रहे 50 मित्र देशों को हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि हमें समुद्र में लोकतांत्रिक और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था के अनुरूप सकारात्मक शांति की अपेक्षा करनी चाहिए, जहां व्यक्तिगत देश साझा शांति और समृद्धि प्राप्त करने के लिए एक-दूसरे के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करते हैं। शांति की यह अवधारणा प्रत्यक्ष सैन्य संघर्ष से अलग है, क्योंकि इसमें सुरक्षा,



न्याय और सहयोग की व्यापक धारणाएं शामिल हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारा ऐतिहासिक अनुभव हमें बताता है कि सशस्त्र बल भी शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसे निवारण, संघर्ष निवारण एवं शांति-रक्षण जैसी अवधारणाओं और प्रथाओं में और विशेष रूप से आपदाओं के दौरान विभिन्न मानवीय सहायता प्रयासों में भी देखा जाता है। रक्षामंत्री ने इस अवसर पर 'मिलन गांव' का भी उद्घाटन किया। 'मिलन गांव' में दो दर्जन से अधिक स्टाल लगाए गए हैं। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि भारतीय नौसेना को इस 'मिलन' के दौरान अपने दोस्तों और भागीदारों के साथ सार्थक बातचीत, रचनात्मक जुड़ाव और सकारात्मक परिणामों की उम्मीद है। इसलिए हमारे प्रतिभागियों को सर्वव्यापी अनुभव प्रदान करने के लिए इस बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। कल शुरू हुए हार्बर चरण में विषय वस्तु विशेषज्ञ आदान-प्रदान और टेबल टॉप अभ्यासों के माध्यम से व्यावहारिक चचाएं देखी गईं।

उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में होने वाला अंतरराष्ट्रीय समुद्री सेमिनार वरिष्ठ कमांडरों को महत्वपूर्ण समुद्री चुनौतियों और अवसरों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। हमारे युवा अधिकारी यहां प्रशिक्षण सिमुलेटरों पर अपने नौकायन, पनडुब्बी बचाव और क्षति नियंत्रण कौशल को निखार रहे हैं। इस मौके पर जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र और एमएसएमई की ओर से भारत के आशाजनक स्वदेशी उद्योग की एक झलक प्रदान करने के लिए एक मिलन तकनीकी प्रदर्शनी या एमटीईएक्स का भी आयोजन किया गया है।

## फिल्म जगत

### अभिनेत्री विद्या बालन ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**प्रशंसकों** के साथ जुड़े रहने के लिए कलाकार सोशल मीडिया पर बहुत सक्रिय हैं। वे फोटो और वीडियो शेयर कर फैंस का मनोरंजन करते हैं। लेकिन दूसरी तरफ कलाकारों के फर्जी अकाउंट बनाकर उन्हें धमकाने और पैसे वसूलने का काम किया जाता है। इसलिए कलाकार संकट में हैं। ऐसा ही कुछ हुआ है बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन के साथ। हालांकि अब यह बात सामने आई है कि एक्ट्रेस ने इसके खिलाफ मुंबई पुलिस का दरवाजा खटखटाया है। अभिनेत्री विद्या बालन ने उनके नाम पर फर्जी अकाउंट बनाकर धोखाधड़ी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक विद्या बालन ने खार पुलिस स्टेशन में एक अज्ञात शख्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि एक शख्स ने एक्ट्रेस के नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाया था। इसके जरिए ये शख्स लोगों से पैसे की



मांग करता था। इसके अलावा यह व्यक्ति नौकरी दिलाने का वादा कर रहा था। विद्या बालन की शिकायत के बाद मुंबई पुलिस ने आईपीसी की धारा 66 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल विद्या बालन बॉलीवुड में ज्यादा नजर नहीं आती हैं लेकिन वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 9 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। विद्या अपने फैंस का मनोरंजन करने के लिए हमेशा इंस्टाग्राम पर मजेदार वीडियो शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस के काम की बात करें तो वह जल्द ही बड़े पर्दे पर वापसी करेंगी। उन्हें मंजुलिका के रूप में देखा जाएगा।